✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात



रूस-यूक्रेन के लोगों ने गया जी में किया पितरों का श्राद्ध

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 115 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 20 सितंबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

मुख्यमंत्री ने किया बिहार राज्य महिला आयोग के स्थापना दिवस समारोह का शुभारंभ

## बिहार के विकास के लिए महिलाओं का सशक्त होना बहुत जरूरी : नीतीश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को बिहार राज्य महिला आयोग के 24वें स्थापना दिवस समारोह का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने आयोग की स्मारिका 'संवाद से सरोकार तक' का विमोचन राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया किशोर, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय कुमार सिन्हा, संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, समाज कल्याण मंत्री मदन सहनी एवं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा के साथ किया। उनके साथ मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि समेत अन्य अधिकारी भी थे। कार्यक्रम के दौरान महिला आयोग में ऑनलाइन शिकायत के लिए पोर्टल 2.0 का शुभारंभ भी किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं के उत्थान की बातें हुईं। राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को भी पटल पर रखा गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राष्ट्र एवं राज्य के विकास के लिए महिलाओं का शिक्षित, सुरक्षित एवं सशक्त होना बहुत जरूरी है। राज्य सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों में तथा प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति में 50 प्रतिशत और सरकारी नौकरी में 35 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की। विभिन्न योजनाओं से महिलाओं को सशक्त करने का प्रयास किया है। जीविका के अंतर्गत 11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों का गठन किया गया। इससे जुड़कर राज्य की 1.40 करोड़ से अधिक जीविका दीदियां एवं उनके परिवार स्वावलंबी हुए। बिहार राज्य जीविका निधि साख सहकारी संघ लिमिटेड का गठन एवं 105 करोड़ रुपये जीविका निधि में हंस्तांतरित कर उनकी आर्थिक गतिविधियों को गति प्रदान की गई। जीविका समूहों के माध्यम से 10.40 लाख से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। सूबे में पूर्ण शराबबंदी लागू की गई। बाल विवाह तथा दहेज जैसी कुप्रथा से मुक्ति के लिए व्यापक अभियान चलाया गया। अब महिलाएं घर के भीतर और बाहर हर क्षेत्र में अपने जीवन में सुरक्षित, नियमित एवं नियंत्रित करने का प्रयास कर रही हैं।



## मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना : 22 सितंबर को मुख्यमंत्री जारी करेंगे पहली किश्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और स्वावलंबी बनाने के लिए एक महत्वाकांक्षी कदम उठाया है। मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत प्रत्येक परिवार से एक महिला को 10 हजार रुपये दी जाएगी। योजना की शुरुआत करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 22 सितंबर (सोमवार) द्वारा सूबे की 50 लाख महिलाओं के खाते में 10-10 हजार रुपये की पहली किश्त भेजी जाएगी। स्वरोजगार प्रदान करने के लिए इन महिलाओं के बीच 5 हजार करोड़ रुपये का वितरण होगा। लाभुक महिलाओं के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से यह राशि मुख्यमंत्री हस्तांतरित करेंगे। इसके लिए सोमवार की सुबह 11 बजे राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया है। ग्रामीण विकास विभाग के सचिव लोकेश कुमार सिंह ने इसे लेकर सभी जिलों के डीएम को पत्र जारी किया है। इसमें खासतौर से यह निर्देश दिया गया है कि इस मौके पर संकुल स्तरीय संघ ग्राम संगठन स्तर पर इसे उत्सव के तौर पर मनाया जाएगा। इस ऐतिहासिक अवसर को उत्सव के तौर पर मनाने एवं जन-जन तक इसकी जानकारी पहुंचाने के साथ ही महिला समूहों एवं सामुदायिक संगठनों को जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। ग्राम पंचायत स्तर पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जीविका स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) के सदस्यों की सहभागिता होगी। इस कार्यक्रम की रूपरेखा निर्धारित की गई है। सभी 38 जिला मुख्यालय में डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें जन प्रतिनिधि के अलावा जिला स्तरीय अधिकारी एवं स्वयं सहायता समूह से जुड़ी कम से कम एक हजार महिलाएं भाग लेंगी। सभी 534 प्रखंड मुख्यालय में बीडीओ (प्रखंड विकास पदाधिकारी) की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम होगा। इसमें प्रखंड स्तरीय जन प्रतिनिधि, अधिकारी और एसएचजी से जुड़ी 500 महिलाएं भाग लेंगी। जीविका के सभी 1680 संकुल स्तरीय संघ पर भी इस कार्यक्रम का आयोजन होगा। इसमें संकुल स्तरीय जीविका समूह की 200 महिलाएं शामिल होंगी।

### संक्षिप्त समाचार

#### केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर की तबीयत बिगड़ी

**भागलपुर(नबिटा ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर की तबीयत अचानक बिगड़ गई। उन्हें वायरल फीवर के साथ टाइफाइड होने की पुष्टि हुई है। मंत्री ठाकुर एनडीए के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होने के लिए भागलपुर पहुंचे थे। कल देर रात भागलपुर पहुंचने के बाद उन्हें तेज वायरल फीवर के लक्षण महसूस हुए। तुरंत डॉक्टरों की एक टीम को उनकी देखरेख के लिए बुलाया गया। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सहायक प्रो. डॉ. आनंद सिन्हा ने बताया कि मंत्री को वायरल फीवर के साथ टाइफाइड भी है।

#### नकली नोटों के साथ दो गिरफ्तार

**जमुई (नबिटा ब्यूरो)।** जमुई पुलिस ने गिधौर बाजार से नकली नोटों के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। एक दुकानदार की सूचना पर गिधौर थाना के अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को मौके से धर दबोचा। सदर एसडीपीओ सतीश सुमन ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान मुंगेर जिले के गंगटा थाना क्षेत्र के बड़ी मंझगाय गांव निवासी सुमन कुमार सुधाकर और हवेली खड़गपुर थाना क्षेत्र के कौशलपुर ग्राम निवासी रविंद्र कुमार सिंह के रूप में हुई है।

#### ट्रैक्टर से दबकर दो लोगों की मौत

**मधुबनी(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के मलमल गांव के उतर वारी टोला स्थित बंगाल पोखर में ट्रैक्टर के पलट जाने से दो लोगों की मौत हो गई। गांव के मो. रजी अहमद घर के निकट एक ट्रैक्टर पर ईंट लोड कर रहा था। उसी समय पीसीसी सड़क धंस गया जिससे ट्रैक्टर पोखरा में उलट गई। इस घटना में बगल से जा रहे मलमल निवासी मो. खलील का रहिका थाना के सतलखा लकसायर निवासी दामाद सुभान एवं उसका पोता शकीर की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंच कार्रवाई में जुटी है।

#### एक लाख का इनामी बालू माफिया गिरफ्तार

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर में पटना एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। अवैध खनन से जुड़े चर्चित मामलों में वांटेड और एक लाख रुपए के इनामी बालू माफिया गुड्डू राय को गिरफ्तार किया है। वह बबुरा थाना क्षेत्र के पचरूखिया राजापुर गांव का रहने वाला है। तलाशी के दौरान कोई हथियार नहीं मिला। गिरफ्तारी की पुष्टि एसपी राज ने की है।

#### फांसी के फंदे से झूलता मिला युवक का शव

**समस्तीपुर(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के सिंघिया घाट इलाके में एक युवक का शव फांसी के फंदे से झूलता हुआ मिला है। परिजनों ने मोबाइल चोरी के विवाद में मारपीट के बाद युवक की हत्या कर शव को फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान सिंघिया घाट निवासी जितेंद्र कुमार के रूप में हुई है।

## साइबर अपराध रोकने को जल्द शुरू होगी नई यूनिट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** साइबर क्राइम जैसे अपराधों की रोकथाम के लिए आर्थिक अपराध इकाई में साइबर सिक्योरिटी ऑपरेशन यूनिट की जल्द ही शुरुआत होने जा रही हैं। आर्थिक अपराध इकाई में यूनिट के शामिल होने से साइबर क्राइम जैसे अपराधों पर काफी हद तक रोक लगाया जा सकेगा। आर्थिक अपराध इकाई में जल्द ही इस यूनिट को शामिल किया जाएगा जिसकी स्वीकृति राज्य सरकार से मिल चुकी है। इस बात की जानकारी देते हुए डीआइजी संजय कुमार सिंह ने बताया कि 14 करोड़ 74 लाख रुपए की लागत से यूनिट का जल्द ही निर्माण किया जाएगा। संजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि साइबर क्राइम पर काफी हद तक रोकथाम लगाई जा चुकी है लेकिन इस यूनिट के आने से साइबर सेल और हाइटेक हो जाएगा। बता दें कि साइबर ठग दीमक की तरह राज्य ही नहीं देश को भी खोखला कर रहा है। देश की आर्थिक स्थिति को कमजोर कर रहा है। साइबर ठग लोगों को टारगेट कर उनकी गाढ़ी कमाई और काफी आर्थिक नुकसान पहुंचा रहा है। साइबर ठगों के रडार में कई वीवीआईपी, वीआईपी, और मिडिल क्लास के लोग भी इसके शिकार हो रहे जिससे लोगों के जीवन भर की पूंजी पलक झपकते ही समाप्त हो जा रही है। इसका खामियाजा काफी हद तक मिडिल क्लास लोगों को झेलना पड़ता है जो अपने जीवन भर की पूंजी साइबर ठगों की चुंगल में फंस गंवा देते है। ऐसे में राज्य में साइबर ऑपरेशन यूनिट के जल्द सक्रिय होने से साइबर क्राइम जैसे अपराधों पर काफी हद तक अंकुश लगाया जा सकता है।

## करंट से तीन मजदूरों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गोपालगंज।** जिले के उचकागांव थाना अंतर्गत लूहुसी गांव में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। एक नवनिर्मित मकान की छत की ढलाई के दौरान मिक्सर मशीन में अचानक करंट दौड़ गया जिससे चार मजदूर इसकी चपेट में आ गए। हादसे के बाद आनन-फानन में चारों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने तीन मजदूरों को मृत घोषित कर दिया। एक अन्य घायल मजदूर का इलाज इमरजेंसी वार्ड में जारी है। मरने वालों में त्रिलोकपुर गांव निवासी ठेकेदार नसरूदीन मियां (55 वर्ष), नीरज कुमार (30 वर्ष) और बलिराम सिंह (48 वर्ष) शामिल हैं। गंभीर रूप से झुलसे जितेंद्र सिंह का इलाज अस्पताल में चल रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मकान की ढलाई के दौरान छत पर चल रही मिक्सर मशीन में बिजली आपूर्ति के लिए तार जोड़ा जा रहा था तभी अचानक मशीन में करंट फैल गया और मजदूर उसकी चपेट में आ गए। घटना की खबर मिलते ही गांव और आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। परिजन बदहवास हालत में अस्पताल पहुंचे। गांव में मातमी सन्नाटा छा गया है और स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। उचकागांव पुलिस मौके पर पहुंच मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस हादसे के कारणों की तहकीकात में जुटी है।

### वंदे भारत ट्रेन की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राजधानी पटना से सटे बाढ़ अनुमंडल के पंडारक थाना क्षेत्र के ममरखा बाद स्टेशन पर एक बड़ी घटना घटी है। हरनौत से गोपीता गांव में बेटी का शगुन लेकर जा रहे एक ही परिवार के तीन सदस्य वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गए जिससे उनकी मौत हो गई। गंभीर अवस्था में एक व्यक्ति को पीएमसीएच पटना रेफर किया गया है। मृतकों में जीतो मांझी, प्रीतलाल मांझी और गोविंद मांझी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ये लोग हरनौत थाना क्षेत्र के टारा पर गांव के निवासी थे। तीनों शवों को पंडारक पीएससी में रखा गया है। रेल पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार रेलवे ट्रैक पार करते हुए दोनों तरफ से ट्रेन आ गयी। इसी दौरान हादसा हो गया। रेल पुलिस मौके पर पहुंचकर पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

## सीएम नीतीश ने किया नये एसडीआरएफ भवन का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जिले के बिहटा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य आपदा रिस्पॉन्स बल (एसडीआरएफ) मुख्यालय के नये भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने नये भवन और पूरे परिसर का निरीक्षण कर जानकारियां ली। दरअसल राज्य में बाढ़, आगजनी, भूकंप, चक्रवात, नदी में डूबने जैसी घटना के दौरान खोज, बचाव और राहत कार्यों के लिए एसडीआरएफ का गठन एक स्पेशल प्रशिक्षित बल के रूप में किया गया है। जानकारी के मुताबिक बिहटा में बने इस एसडीआरएफ मुख्यालय भवन के निर्माण में कुल 300 करोड़ रुपए की लागत आई है। इस अत्याधुनिक भवन में एसडीआरएफ जवानों के रहने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक सुविधाओं से युक्त ट्रेनिंग प्रदान करने की भी पूरी व्यवस्था की गई है। दरअसल, इस योजना का शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा 30 अप्रैल, 2023 को किया गया था। उसके बाद मुख्यमंत्री की तरफ से कई बार स्थल पर जाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया गया। 11 जुलाई, 2025 को निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के द्वारा इस योजना को जल्द पूरा करने, छतों पर सोलर लगाने और परिसर के पहुंच पथ को ठीक करने का निर्देश दिया गया था। आज उद्घाटन किए गए भवनों में 4 मंजिला प्रशासनिक भवन है जिसमें आपदा प्रबंधन विभाग के अलग-अलग लेवल के पदाधिकारियों के लिए ऑफिस का निर्माण कराया गया है। तीन मंजिला ट्रेनिंग भवन है, जिसमें 6 स्मार्ट क्लास रूम, लाइब्रेरी, कम्प्यूटर लैब, फैकल्टी चैम्बर और ऑफिस रूम है। इसके साथ ही 5 बड़े-बड़े भंडार रूम हैं जिसमें आपदा से जुड़े आवश्यक उपकरण नाव आदि रखे जाएंगे। इसके साथ ही अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध रहेंगी। मिली जानकारी के अनुसार एसडीआरएफ मुख्यालय भवन की कमी काफी सालों से महसूस हो रही थी। जवानों को ट्रेनिंग के लिए दूसरे राज्य में जाना पड़ता था। इसके अलावा रहने के लिए भी काफी दिक्कत होती थी। इस नए मुख्यालय भवन का निर्माण पिछले दो साल से किया जा रहा था। विशेष तौर पर प्रशिक्षण और डीप डाइविंग को लेकर इस भवन परिसर में कई आधुनिक सुविधाएं बनाई गई है, ताकि जवानों को किसी तरह की कमी नहीं हो।

उच्च स्तरीय सुविधाओं से है लैस



## सड़क दुर्घटना में साला-बहनोई की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले में रामगढ़-मोहनिया पथ पर दशौती गांव के पास गुरुवार की देर रात भीषण सड़क हादसे में दो लोगों की जान चली गई। बताया जाता है कि बाइक सवार विजय मुसहर और वीरेंद्र मुसहर किसी कार्यक्रम से लौट रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे दोनों की मौत हो गयी। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज मामले की जांच कर रही है। मृतकों की पहचान भभुआ थाना अंतर्गत दरौली गांव निवासी विजय मुसहर और रोहतास जिले के बड्डी थाना अंतर्गत जीगनी गांव निवासी वीरेंद्र मुसहर के रूप में हुई है। दोनों रिश्ते में साला-बहनोई थे। विजय मुसहर अपने बहनोई वीरेंद्र मुसहर के साथ मोहनिया थाना क्षेत्र के बमहौर खास गांव में मामा का 'मुकाम' (संभवतः कोई रस्म या कार्यक्रम) देने गए थे। कार्यक्रम के बाद वे अपनी बाइक से दरौली स्थित घर लौट रहे थे। रामगढ़-मोहनिया पथ पर दशौती गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं घटना के बाद वाहन का चालक मौके से फरार हो गया। मोहनिया थाना प्रभारी आलोक कुमार ने बताया कि उन्हें सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत की सूचना मिली थी। उन्होंने पुष्टि की कि मृतक रिश्ते में साला-बहनोई थे। पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भभुआ सदर अस्पताल भेज आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस के मौजूदा विधायकों का नहीं कटेगा टिकट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में कांग्रेस ने अपनी 17 सीटिंग सीटों पर प्रत्याशी तय कर दिए हैं। पार्टी के मौजूदा विधायकों का टिकट नहीं काटा जाएगा। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की नई दिल्ली में शुक्रवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। बिहार में कांग्रेस के अभी 17 विधायक हैं। आगामी चुनाव में उन्हें दोबारा टिकट दिया जाना तय हो गया है। कांग्रेस मुख्यालय में हुई इस मीटिंग में प्रत्याशियों के चयन समेत अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। यह बैठक स्क्रीनिंग कमेटी के अध्यक्ष अजय माकन की अध्यक्षता में हुई। इसमें बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावरु, प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम, विधानसभा में कांग्रेस विधायक दल के नेता शकील अहमद खान, विधान परिषद में दल के नेता मदन मोहन झा समेत अन्य सदस्य मौजूद रहे। इससे पहले गुरुवार को पटना में प्रदेश चुनाव समिति की बैठक हुई थी। इस बैठक में प्रदेश चुनाव समिति ने कांग्रेस आलाकमान को उम्मीदवार तय करने के लिए अधिकृत किया था। इसके बाद टिकट की फाइल पटना से दिल्ली ट्रांसफर हो गई। दिल्ली में शुक्रवार को हुई स्क्रीनिंग कमेटी की मीटिंग पर कई सीटों पर संभावित प्रत्याशियों पर चर्चा की गई। बता दें कि पिछले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने महागठबंधन में रहकर 70 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। उनमें से पार्टी को 19 सीटों पर ही जीत मिल पाई थी।

## मुख्यमंत्री ने इंडियन हॉकी टीम को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना स्थित संवाद भवन में हॉकी एशिया कप 2025 की विजेता भारतीय पुरुष हॉकी टीम को सम्मानित किया। इस मौके पर खिलाड़ियों को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सराहा गया। समारोह में खिलाड़ियों के चेहरे पर खास उत्साह झलक रहा था। टीम के 20 खिलाड़ियों को 10-10 लाख रुपये और 10 सपोर्ट स्टाफ को 5-5 लाख रुपये की सम्मान राशि दी गई। कुल 2 करोड़ 50 लाख रुपये का चेक टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह को सौंपा गया। मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को उनके सुनहरे भविष्य की शुभकामनाएं दीं और उनके साथ सामूहिक फोटो भी खिंचवाई। हॉकी एशिया कप 2025 का आयोजन 29 अगस्त से 7 सितंबर तक राजगीर स्थित राज्य खेल अकादमी और बिहार खेल विश्वविद्यालय के हॉकी स्टेडियम में हुआ था। इसमें भारत समेत चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, मलेशिया, कजाकिस्तान, चीनी ताइपे और बांग्लादेश की टीमें उतरीं। फाइनल में भारत ने दक्षिण कोरिया को हराकर खिताब अपने नाम किया था। इससे पहले महिला हॉकी टीम को भी एशिया कप जीतने पर सम्मानित किया गया था। मुख्यमंत्री ने खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए लगातार पहल की है। इससे बिहार में खेलों को लेकर नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिल रहा है। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री का यह सम्मान खिलाड़ियों के लिए बड़ी प्रेरणा है। उन्होंने कहा कि बिहार में खेलों के लिए लोगों का जुनून देखने को मिला और यहां के लोगों का खेलों के प्रति प्रेम सराहनीय है। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी, हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह सहित पूरी भारतीय टीम और सहयोगी स्टाफ मौजूद रहे।

खिलाड़ियों को मिले 10-10 लाख रुपये




### वैध जमाबंदी वाले व्यक्ति से ही करें जमीन की खरीदारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने जमीन खरीदने वालों (रैयतों) को धोखाधड़ी और कानूनी उलझनों से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी है। विभाग ने कहा है कि वैध जमाबंदी वाले व्यक्ति से ही जमीन की खरीदारी करें। विभाग ने बताया कि दाखिल-खारिज आवेदन के रिजेक्ट होने का सबसे बड़ा कारण जमीन का विवादित होना है। इसलिए जमीन खरीदने से पहले उसकी पूरी जांच पड़ताल करना जरुरी है। बिना जांच के विवादित जमीन खरीदना न केवल आर्थिक नुकसान का कारण बन सकता है, बल्कि खरीदार को लंबी कानूनी प्रक्रिया में भी उलझा सकता है। भूमि सुधार विभाग ने निर्देश दिया है कि रैयत केवल वैध जमाबंदी वाले विक्रेता से ही जमीन खरीदें।

# निगम के गोदामों में बाहरी व्यक्ति के प्रवेश पर रोक

## खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव ने जारी किया आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के प्रधान सचिव-सह-प्रबंध निदेशक बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड पंकज कुमार ने राज्य के सभी जिला प्रबंधकों बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड को निगम के किसी भी गोदाम पर जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं एवं अन्य अनाधिकृत व्यक्तियों की उपस्थिति पर कड़ाई से रोक लगाने का निर्देश जारी किया है। सभी गोदाम प्रभारियों एवं सभी जिला प्रबंधकों को इस आदेश का अचूक रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। साथ ही इस कार्य में शिथिलता बरते जाने पर संबंधित कर्मियों पर आवश्यक अग्रेत्तर विधि सम्मत कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया गया है। वर्तमान में बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड के गोदामों से खाद्यान्न निर्गत होने की जानकारी एसएमएस के माध्यम से भी जन वितरण प्रणाली विक्रेता एवं अन्य संबंधितों को रियल टाइम्स बेसिस पर उपलब्ध कराई जा रही है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के प्रावधानों को दृष्टिपथ में रखते हुए राज्य में आवंटित खाद्यान्न के केंद्रीय पूल से उठाव तथा राज्य खाद्य निगम में उक्त खाद्यान्न की प्राप्ति एवं निगम के गोदाम के स्टॉक से खाद्यान्न का जन वितरण प्रणाली के लिए प्रेषण सरकार द्वारा लागू की गई ''डोर स्टेप डिलीवरी योजना-2016 के आलोक में अधिष्ठापितआपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन व्यवस्था के तहत किया जाता है। इस पारदर्शी व्यवस्था के अंतर्गत निगम के गोदामों में खाद्यान्न का लागत एवं निर्गत कार्य जी.पी.एस. लोडसेल युक्त वाहन से कराया जाता है।

## कैम्प मोड में पात्र लाभुकों का बनेगा राशन कार्ड

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग पूरे राज्य में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत छूटे हुए पात्र लाभुकों के आच्छादन हेतु कैम्प मोड में 22 सितम्बर 2025 से अभियान प्रारंभ कर रहा है। राशन कार्ड निर्गमन हेतु कैम्प का आयोजन प्रत्येक पंचायत मुख्यालय स्तर पर मुख्यतः पंचायत सरकार भवन में रोस्टर के अनुसार 22.09.2025 से 10.10.2025 तक किया जाएगा। प्रत्येक कैम्प में सुविधानुसार आपूर्ति विभाग एवं अन्य विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी कम्प्यूटर / लैपटॉप के साथ उपस्थित रहेंगे। कैम्प आयोजन के दिन ही प्राप्त सभी आवेदनों को ऑनलाईन करते हुए सभी आवेदकों को रशीद निर्गत कराया जाएगा। कैम्प आयोजित किये जाने कि तिथि एवं स्थान का व्यापक प्रचार-प्रसार कैम्प आयोजन के पूर्व स्थानीय प्रचार-प्रसार माध्यमों से कराया जाएगा।

# दानापुर मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक

## अधिकारियों के बीच क्विज प्रतियोगिता के साथ राजभाषा सप्ताह समारोह का विधिवत समापन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल में 'हिंदी दिवस 2025' के अवसर पर राजभाषा सप्ताह समारोह का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा किया गया था। मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार की अध्यक्षता में मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक अधिकारियों के बीच क्विज प्रतियोगिता के साथ राजभाषा सप्ताह समारोह-2025 का विधिवत समापन किया गया। समापन कार्यक्रम में अधिकारियों के क्विज में प्रथम पुरस्कार सुनील कुमार झा, सहायक सामग्री प्रबंधक, द्वितीय पुरस्कार अभिषेक कुमार तिवारी, मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं तृतीय पुरस्कार सुधांशु रंजन, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक, पूर्व मध्य रेल दानापुर को मंडल रेल प्रबंधक विनोद कुमार के द्वारा प्रदान किया गया। राजभाषा सप्ताह समारोह के दौरान 16.09.2025 को राजभाषा प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार कार्मिक विभाग, द्वितीय पुरस्कार रेलवे सुरक्षा बल, तृतीय पुरस्कार यांत्रिक विभाग को प्रदान किया गया। इसी प्रकार टिप्पण एवं प्रारूप लेखन में प्रथम पुरस्कार जेरोम कुजूर, मुख्य कार्यालय अधीक्षक-कार्मिक, द्वितीय पुरस्कार दीपक कुमार, मुख्य कार्यालय अधीक्षक-कार्मिक, तृतीय पुरस्कार संजय कुमार सिंह, कार्यालय अधीक्षक-इंजी. को प्रदान किया गया। हिंदी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें उमेश कुमार, आशुलिपिक, वाणिज्य को प्रथम किशोर कुणाल, मुख्य गाड़ी लिपिक-नियंत्रण कक्ष को द्वितीय एवं रूबी कुमारी, कनिष्ठ लिपिक-वाणिज्य को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया तथा हिंदी वाक् प्रतियोगिता में ब्रजेश कुमार, मुख्य कार्यालय अधीक्षक-परिचालन को प्रथम गुंजन बाबू, कार्यालय अधीक्षक-कार्मिक को द्वितीय एवं श्वेता भट्ट, प्रशिक्षु-टेकविद्युत सामान्य को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

# बी डी कॉलेज में यौन प्रजनन स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बी डी कॉलेज, पटना में सेहत केंद्र इकाई के बैनर तले बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त सहयोग से यौन-प्रजनन स्वास्थ्य, ऑनलाइन सेफ्टी एवं स्नेह एआई वॉयसबॉट के ऊपर कार्यशाला आयोजित किया गया। कार्यशाला का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत, सहायक निदेशक (युवा) - आलोक कुमार तथा पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राज्य प्रतिनिधि कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यशाला में महाविद्यालय की प्राचार्या ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया और उन्हें सेहत केंद्र को और बेहतर बनाकर पूरे बिहार में मॉडल सेहत केंद्र बनाने के लिए प्रेरित किया। आलोक कुमार ने सेहत केंद्र में हो रहे बेहतरीन कार्य के लिए महाविद्यालय को शुभकामनाएं दी। कार्यशाला में पीएफआई से नीलांशु, शिल्पी एवं दीपिका ने छात्रों को यौन प्रजनन स्वास्थ्य पर जानकारियां दी। साथ ही ऑनलाइन सेफ्टी से जुड़ी बातों पर भी चर्चा किया। पीफ आई द्वारा बनाई गई स्नेह एआई वॉयसबॉट के बारे में बच्चों ने जाना और साथ ही उसे उसे करके भी देखा। इस वॉयसबॉट में यौन प्रजनन स्वास्थ्य ऑनलाइन सेफ्टी जेंडर आदि विषयों पर स्टोरीज, वीडियो, क्विज के माध्यम से दी जाती है जिसे छात्रों ने काफी पसंद भी किया। कार्यशाला में भी वीडियो के माध्यम से साइबर क्राइम से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई जिसमें सभी छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया।

# चुनावी चंदे के लिए अदाणी को भाजपा-जदयू ने सौंपी 1200 एकड़ जमीन: राजेश राठौड़

## चार गुणा सर्किल रेट से मिले पीरपैंती के भूदाताओं को मुआवजा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** बिहार में चुनाव से पूर्व 1200 एकड़ कृषि योग्य जमीन भाजपा के इशारे पर अदाणी पावर को 1 रुपए प्रति वर्ष की दर पर और दस लाख नकदी पेड़ों के कुर्बानी पर दे दिए जाने को लेकर कांग्रेस मुखर होकर विरोध कर रही है। कल इस मामले को लेकर जहां प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम के नेतृत्व में एक विशाल रैली आयोजित हुई तो वहीं आज बिहार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन व मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ के नेतृत्व में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने बिहार की वर्तमान नीतीश एनडीए सरकार से कड़े सवाल दागे और कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' का छलावा करने वाली भाजपा ये बताएं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दस लाख आम लीची जैसे नकदी वृक्षों की कुर्बानी और देश में सबसे महंगी प्रति यूनिट 6.75 रुपए के दर पर बिजली बिक्री किसके फायदे के लिए दे रहे हैं? साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजपा और नीतीश कुमार ने चुनावी चंदा के लालच में 1 रुपए प्रतिवर्ष के दर पर 33 वर्षों के लिए 1200 एकड़ की कृषि योग्य जमीन अदाणी को सौंप दे रही है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने किसानों की हकमारी का मुद्दा उठाते हुए कहा कि यह सरकार किसानों को उनकी जमीन का उचित मुआवजा नहीं दे रही है और भयाक्रांत कर जमीन हड़प रही है। उन्होंने 2013 के यूपीए शासन काल के दौरान बनाए गए जमीन अधिग्रहण कानून के अनुसार सर्किल रेट से चार गुणा मुआवजा किसानों को देने की बात कही। साथ ही उन्होंने कहा कि नियम के अनुसार पांच वर्षों तक यदि अधिग्रहित जमीन का इस्तेमाल नहीं होने पर उन्हें भू स्वामियों को वापस करने का भी प्रावधान है और उन्हें नए रेट से मुआवजा देने का प्रावधान है। सरकारी कंपनियों के रहने के बावजूद प्राइवेट अदाणी पावर को जमीन देना सरकार की मंशा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है कि आखिर एनटीपीसी जैसे कंपनियों को प्रोत्साहित न करके प्राइवेट अदाणी पावर को यह जमीन क्यों और किसके इशारे पर आवंटित की जा रही है? ये सवाल अनुतरित है। बिहार कांग्रेस इसकी जांच की मांग करता है और साथ ही यह मांग करती है कि प्रभावित किसानों के साथ साथ उक्त संयंत्र में स्थानीय लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता के आधार पर बहाली की जाएं ताकि बिहार के बेरोजगार युवाओं को रोजगार मिल सकें। संवाददाता सम्मेलन का संचालन प्रदेश प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय ने किया। संवाददाता सम्मेलन में बिहार कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ स्नेहाशीष वर्धन पाण्डेय, ई ज्ञान रंजन गुप्ता, असित नाथ तिवारी, सौरभ सिंहा, राजीव मेहता, शशि रंजन यादव, शशांक शेखर सहित अन्य नेतागण मौजूद रहे।

# कम लागत और उच्च लाभ वाली मशरूम की खेती को प्रोत्साहन : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि मशरूम की खेती आज बिहार में एक महत्वपूर्ण कृषि गतिविधि के रूप में तेजी से उभर रही है। मशरूम उत्पादन के लिए कम भूमि की आवश्यकता होती है और इसके उच्च पोषण एवं आर्थिक मूल्य के कारण यह लघु एवं सीमांत किसानों, महिलाओं तथा ग्रामीण युवाओं के लिए आय बढ़ाने का सशक्त साधन बन गया है। राज्य सरकार ने मशरूम उत्पादन, कम्पोस्ट उत्पादन तथा स्पॉन उत्पादन इकाइयों को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई हैं जिससे बिहार देश के अग्रणी मशरूम उत्पादक राज्यों में अपनी स्थिति बनाए रख सके। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि मशरूम उत्पादन मुख्यतः जैविक कृषि-आधारित है और यह जलवायु-नियंत्रित प्रक्रिया है जो वाणिज्यिक उद्योग के बजाय बागवानी गतिविधि से निकटता से जुड़ी है। किसानों ने सरकार के समक्ष बिजली पर वाणिज्यिक दरों के बोझ को कम करने और इसे कृषि श्रेणी में लाने की मांग की थी। श्री सिन्हा ने कहा कि वर्तमान में राज्य में मशरूम उत्पादन इकाइयों, कम्पोस्ट इकाइयों और स्पॉन इकाइयों को वाणिज्यिक बिजली कनेक्शन के अंतर्गत रखा गया था। इस कारण किसानों को लागत अधिक और लाभ कम प्राप्त हो रहा था। इस समस्या को ध्यान में रखते हुए महत्त्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब मशरूम उत्पादन से जुड़ी इकाइयों को कृषि बिजली कनेक्शन का लाभ मिलेगा। इससे बिजली दरों में कमी आएगी, उत्पादन लागत घटेगी और किसानों को अधिक मुनाफा प्राप्त होगा।

# समाज और पर्यावरण के संरक्षण के लिए स्वच्छता आवश्यक : डा. नीतू

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** पटना नगर निगम, स्वच्छ भारत मिशन के तहत शहरवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में गांधी घाट पर आयोजित स्वच्छता टॉक कार्यक्रम में निगम की स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता के महत्व और उसके लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. नवगीत ने बताया कि स्वच्छता केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज और पर्यावरण के संरक्षण के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि गंदगी और कचरे में रोगजनक जीवाणु पनपते हैं जिससे बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। स्वच्छ शहर में जल और वायु प्रदूषण कम होता है, पर्यावरण संरक्षित रहता है और जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन संभव होता है। इसके अलावा स्वच्छता आदतों से शहरवासियों की जीवनशैली में सुधार आता है और सार्वजनिक स्वास्थ्य सुरक्षित रहता है। कार्यक्रम में लोकगीतों के माध्यम से भी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। नगर आयुक्त अनिमेष पराशर के नेतृत्व में संपूर्ण कार्यक्रम की योजना और रूपरेखा तैयार की गई। स्वच्छता अभियान में गृहिणी ज्योति कुमारी ने भाग लेकर गंगा नदी की स्वच्छता बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पूजा के सामान और अन्य कचरे को गंगा में नहीं फेंकना चाहिए क्योंकि गंगा जीवनदायिनी हैं और उनका संरक्षण हमारी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति का भी आयोजन किया गया। लोक गायिका डॉ. नीतू कुमारी नवगीत के साथ कैशियो पर आनंद कुमार, ढोलक पर अमरनाथ और पैड पर अभिषेक कुमार ने संगत दी। वहीं राजेश केशरी ने स्वच्छता गीत प्रस्तुत कर लोगों को प्रेरित किया। इस आयोजन के माध्यम से नगर निगम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छ शहर ही स्वस्थ शहर है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया कि वे व्यक्तिगत और सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें और प्रदूषण-मुक्त वातावरण की दिशा में योगदान दें।

# एचडीएफसी बैंक ने किया सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर वर्चुअल सत्र आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** एचडीएफसी बैंक ने सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं पर एक वर्चुअल सत्र आयोजित किया जिसका उद्देश्य पूरे भारत के स्कूलों और कॉलेजों के 1,000 से ज्यादा शिक्षकों को जागरूक करना था। इस सत्र के माध्यम से शिक्षकों को सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग प्रथाओं के बारे में बहुमूल्य जानकारी प्राप्त हुई। इस पहल का उद्देश्य नागरिकों को सतर्क रहने और साइबर स्कैमर्स से खुद को बचाने में मदद करना था। इस सत्र में प्रतिभागियों को धोखेबाजों द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न कार्यप्रणाली को समझने में मदद करने के लिए वास्तविक जीवन से संबंधित उदाहरण, कहानियां और वीडियो आदि का उपयोग किया गया। एचडीएफसी बैंक पिछले चार वर्षों से देश भर में विभिन्न स्थानों पर सुरक्षित बैंकिंग पहल के तहत साइबर धोखाधड़ी जागरूकता सत्र और कार्यशालाएं आयोजित कर रहा है। इस सत्र पर टिप्पणी करते हुए एचडीएफसी बैंक के वरिष्ठ कार्यकारी उपाध्यक्ष (क्रेडिट इंटेलिजेंस एंड कंट्रोल) मनीष अग्रवाल ने कहा जागरूकता की कमी के कारण लोग साइबर धोखाधड़ी के शिकार हो जाते हैं। इसलिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है ताकि वे गोपनीय बैंकिंग डेटा साझा न करें या असत्यापित लिंक पर क्लिक न करें। इन सत्रों का उद्देश्य शिक्षकों को ऑनलाइन दुनिया में सुरक्षित रूप से नेविगेट करने के लिए सही ज्ञान से लैस करना है।

# इनर व्हील क्लब आफ पाटलिपुत्र ने किया नवरात्रि डांडिया रास का भव्य आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** इनर व्हील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र के मैत्री ग्रुप द्वारा नवरात्रि के अवसर पर 'नवरात्रि डांडिया रास' कार्यक्रम का आयोजन पटना के एक होटल में किया गया। मां दुर्गा जो शक्ति की प्रतीक हैं के आगमन उत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में महिलाओं ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और मां दुर्गा के गुणगान में कई नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पीडीसी श्वेता सिन्हा, पीपी संध्या अग्रवाल, पीपी कंचन रॉय, पीपी निशा विद्यार्थी, उपाध्यक्ष अपर्णा भारती, सेक्रेटरी नीलांजना भट्टाचार्या, एडिटर रेखा सिंह, पीपी किरण शिरोमणि, पुष्पा प्रकाश, शिखा सिंह, सुनीता रॉय, सुनीला रॉय, निशा पोद्दार, अनीता कुमार, शालिनी पंसारी सहित कई सदस्य शामिल रहीं। कार्यक्रम में मेहंदी, डांडिया एवं फलाहारी व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजेताओं को उपहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही हाउजी का खेल भी आकर्षण का केंद्र रहा। क्लब की अध्यक्ष शीतू गांधी ने सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए तैयारी कर रही एक जरूरतमंद छात्रा को 10,000 रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान कराया।

# रिटायर्ड ऑफिसर्स वेलफेयर ऑर्गेनाइजेशन की वार्षिक आम सभा आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना के फ्रेजर रोड स्थित सम्राट होटल में बैंक ऑफ इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर्स वेलफ़ेयर ऑर्गेनाइजेशन (बिहार राज्य) की वार्षिक आम सभा आज यानी शनिवार को होगी। इसमें राज्य के सभी पाँच अंचल पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया और सिवान के प्रतिनिधि शामिल होंगे। महासचिव उमेश तिवारी ने बताया कि सभा को राज्य नेतृत्व के अलावा संगठन के दिल्ली एवं पुणे से आए अखिल भारतीय नेतृत्व और प्रबंधन वर्ग के लोग संबोधित करेंगे। सभा में पेंशन अपडेशन, सेवा निवृत्ति सुविधाओं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वार्ता में शामिल करना, स्वास्थ्य बीमा पर घटी जीएसटी दरों का लाभ वरिष्ठ नागरिकों के ग्रुप बीमा पॉलिसी पर भी देना, स्पेशल पे पर सेवा निवृत्ति लाभ देना जैसी मुख्य मांगों पर चर्चा और आगे के संघर्ष पर विचार विमर्श किया जायेगा।

# बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाइफ्स एसोसिएशन ने किया डांडिया नाइट का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस वाइफ्स एसोसिएशन द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में भव्य डांडिया नाइट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन की सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दुर्गा की वंदना एवं मुख्य अतिथि बिहार राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। रंग-बिरंगे परिधानों में सजी महिलाओं ने डांडिया की धुन पर देर रात तक गरबा और डांडिया रास का आनंद लिया। समारोह के दौरान पारंपरिक परिधानों में आई महिलाओं ने विशेष आकर्षण बटोरा। इसके बाद संस्था की महिलाओं द्वारा धनुची नृत्य, ग्रुप डांस, गुजराती डांडिया गाने जैसे धोलिदा ढोल बाजे, धोलिदा धम धम धमक बाजे, आरती उतारू मेरी मां, रमती आवे मारी रमती आवे, नगाड़े संग ढोल बाजे, जोगारा तारा जैसे गीतों पर शानदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन में संस्था की अध्यक्ष नीलू कुमारी, सचिव राखी माथुर तथा कोषाध्यक्ष छाया दर्द की अहम भूमिका रही। जबकि अन्य महिलाएं मोनिका भारती, पुष्पा ललित, कविता, सुनीता, मंजू रानी, प्रीति सिन्हा, अनीता मेहता, निहारिका वर्मा, सुष्मा, खुशबु, स्वाति, विशाखा ने भी बढ़ - चढ़कर हिस्सा लिया।

# 26 सितंबर से राजगीर से मुंबई के लिए सीधी ट्रेन की सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पटना और लोकमान्य तिलक टर्मिनल, मुंबई के मध्य प्रतिदिन परिचालित की जा रही गाड़ी सं. 13201/13202 पटना-लोकमान्य तिलक- पटना एक्सप्रेस का परिचालन विस्तार राजगीर तक करने का निर्णय लिया गया है। इससे राजगीर, नालन्दा एवं बिहार शरीफ से जबलपुर, भुसावल एवं मुंबई जैसे शहरों के लिए एक सीधी ट्रेन की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। साथ ही इससे राजगीर एवं नालन्दा जैसे विश्व प्रसिद्ध स्थलों पर पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। यह परिचालन विस्तार राजगीर एवं लोकमान्य तिलक टर्मिनल से 26.09.2025 से प्रभावी होगा।

# ए.एम.यू. ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन ने किया वृक्षारोपण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**पटना।** महान समाज सुधारक एवं दूरदर्शी शिक्षा विचारक सर सैयद अहमद खान की विरासत और मिशन को आगे बढ़ाते हुए ए.एम.यू. ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, पटना ने ऐतिहासिक मोहम्मडन एंग्लो-अरेबिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पटना सिटी में वृक्षारोपण अभियान एवं करियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम में डॉ. गौरव कुमार, डिप्टी सुपरिटेंडेंट, पटना सिटी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मौके पर उन्होंने कहा कि शैक्षिक सशक्तिकरण और पर्यावरणीय जागरूकता आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

ऐसे प्रयास समुदाय, छात्र और पूर्व छात्रों के बीच संबंधों को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम के तहत विद्यालय परिसर में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। इसमें एजाज हुसैन, अनवर हुसैन, ताजदार अमन, डॉ. मंजर और मुशीर आलम ने सहभागिता की। वहीं करियर काउंसलिंग सत्र (कक्षा 11वीं एवं 12वीं) को करियर गुरु ताजदार अमन ने विद्यार्थियों को शैक्षिक अवसरों, करियर योजना एवं कौशल विकास के विषय में मार्गदर्शन दिया जबकि प्रेरक सत्र (कक्षा 9वीं एवं 10वीं) में एजाज हुसैन ने विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और शिक्षा के महत्व पर प्रेरणादायी विचार साझा किए।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सैयद मुफ्फर रजा ने कहा कि हम ए.एम.यू. ओल्ड ब्वॉयज एसोसिएशन, पटना के आभारी हैं कि उन्होंने हमारे संस्थान को इस नेक पहल के लिए चुना। वृक्षारोपण और काउंसलिंग सत्र हमारे विद्यार्थियों पर स्थायी प्रभाव डालेगा। वहीं एसोसिएशन के महासचिव मुशीर आलम ने कहा कि कार्यक्रम हमारी नई पीढ़ी को सर सैयद के आधुनिक शिक्षा और नैतिक जिम्मेदारी के दृष्टिकोण से जोड़ने का एक छोटा सा प्रयास है। केवल अकादमिक शिक्षा ही नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और पर्यावरण जागरूकता भी उतनी ही आवश्यक है। एसोसिएशन भविष्य में भी ऐसे सार्थक कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा। कार्यक्रम का सफल संचालन एजाज हुसैन ने किया।

# 315 करोड़ की लागत से समस्तीपुर मंडल में ओवर ब्रिज के निर्माण की मिली स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**हाजीपुर।** आम लोगों की सुविधा एवं ट्रेनों के संरक्षित परिचालन के मद्देनजर पूर्व मध्य रेल के समस्तीपुर मंडल में 03 लेवल क्रासिंग के बदले रुपये 315 करोड़ की लागत से रोड ओवर ब्रिज के निर्माण की स्वीकृति रेल मंत्रालय द्वारा प्रदान की गयी है जिनका विवरण निम्नानुसार है -रुसेरा घाट रेलवे स्टेशन के समीप किमी 56/9-57/0 पर स्थित लेवल क्रासिंग सं. 17 के स्थान पर 103.42 करोड़ की लागत से रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।पूर्णिया कोर्ट एवं पूर्णिया रेलवे स्टेशन के मध्य किमी 2/7-8 पर स्थित लेवल क्रासिंग सं. 03 के स्थान पर 109.75 करोड़ की लागत से रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा। सलौना रेलवे स्टेशन के समीप किमी 24/5-6 पर स्थित लेवल क्रासिंग सं. 6बी के स्थान पर 101.81 करोड़ की लागत से रोड ओवर ब्रिज का निर्माण कराया जाएगा।

# मोदी सरकार ने पाट के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि की घोषणा की है

**मोदी सरकार 6 पाट उत्पादक राज्यों में 110 क्रय केन्द्रों और जेसीआई के 14 क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से किसानों को एमएसपी सहायता देती है।**



*"हमारी सरकार ने पाट उत्पादक किसानों के हित में एक बड़ा कदम उठाया है। वर्ष 2025-26 के लिए कच्चे पाट के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दी गई है। इससे देश के कई राज्यों में इस क्षेत्र से जुड़े लाखों किसानों को लाभ होगा।"*
*— श्री नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री*

## एमएसपी दर - वर्ष 2025-26

2025-2026 फसल मौसम के लिए पूरे भारत में कच्चे पाट मेस्टा और बिमली की विभिन्न किस्मों और ग्रेडों के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य इस प्रकार हैं:

पूरे भारत में

| वेरायटी | ग्रेड ⇨ | टीडी-1/डब्ल्यू1 | टीडी-2/डब्ल्यू2 | टीडी-3/डब्ल्यू3 | टीडी-4/डब्ल्यू 4 | टीडी-5/डब्ल्यू 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तोसा/व्हाईट | ₹ / क्विंटल | 6350 | 6150 | 5650 | 5125 | 4875 | |
| | | | | | | | |
| वेरायटी | ग्रेड ⇨ | एम1/ ओ.टॉप | एम2/ एस.मिड | एम3/ मिड | एम4/ बॉट | एम5/ बी.बॉट | एम6/ एक्स-बॉट |
| मेस्ता / बिमली | ₹ / क्विंटल | 4135 | 3985 | 3860 | 3760 | 3660 | 3560 |

## मोदी सरकार पाट किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध

- **10 वर्षों में न्यूनतम समर्थन मूल्य में 135% की वृद्धि। वित्तीय वर्ष 2014-15 में ₹2400 प्रति क्विंटल की तुलना में वित्तीय वर्ष 2025-26 में ₹5650 प्रति क्विंटल की वृद्धि।**
- **नए राज्यों - नागालैंड, मेघालय, झारखंड में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) लागू किया गया।**
- **किसानों को 3 कार्यदिवसों के भीतर भुगतान का वितरण।**

**मोदी सरकार 11 वर्षों से पाट कृषि विकास परियोजना जूट आई-केयर चला रही है।**

- सब्सिडी वाले (50%) उच्च उपज वाले प्रमाणित बीजों का वितरण
- किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों का नि:शुल्क वितरण
- रेटिंग एक्सेलरेटर का नि:शुल्क वितरण
- नि:शुल्क प्रदर्शन और जागरूकता कार्यक्रम
- 2015 से 5.6 लाख किसानों को लाभ और 2.15 लाख हेक्टेयर भूमि को किया जा रहा है कवर





**मोदी सरकार ने पाट मित्रो ऐप लॉन्च किया है जो आपको ये सुविधाएँ प्रदान करेगा:**

- एमएसपी दरें और खरीद केंद्रों की जानकारी।
- कृषि संबंधी सलाह।
- मौसम संबंधी अपडेट।
- पाट के गुणवत्ता मानदंड।
- खरीद के बाद भुगतान की स्थिति।

**पिछले दो दशकों के बीच भारत सरकार की एमएसपी खरीद की तुलना**
(2005-2014 : 2015-2024)

| 2005-2014 | | 2015-2024 | |
|---|---|---|---|
| मात्रा (लगभग लाख गांठों में) | मूल्य (करोड़ रुपये में) | मात्रा (लगभग लाख गांठों में) | मूल्य (करोड़ रुपये में) |
| 15 | 380 | 18 | 1345 |

दा जूट कर्पोरेशन अफ इन्डिया लिमिटेड
বস্ত্র মন্ত্রালয়ের অন্তর্গত ভারত সরকারের একটি সংস্থা
भारतीय पटसन निगम लिमिटेड
वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत भारत सरकार की एक संस्था
The Jute Corporation of India Limited
A Government of India CPSE under Ministry of Textiles
कच्चे पाट में एमएसपी के लिए केंद्रीय नोडल एजेंसी

मुख्यालय: पटसन भवन, तीसरी और चौथी मंजिल, ब्लॉक-सीएफ, एक्शन एरिया - 1, न्यू टाउन, कोलकाता - 700156,
फ़ोन: (033) 2252 1100 / 6720 / 6770 / 7107 / 7109
फैक्स: (033) 2252 1771. ईमेल: jci@jcimail.in www.jutecorp.in

CBC 41122/15/0018/2526

# तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी सह जागरुकता अभियान सम्पन्न

**सांसद विवेक ठाकुर ने लाभुकों को सौंपी सहायता राशि**




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो (सी.बी.सी.) पटना की ओर से नवादा के आईटीआई परिसर में आयोजित तीन दिवसीय "विकसित भारत का अमृत काल : सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 वर्ष" विषयक चित्र प्रदर्शनी सह जागरूकता अभियान का समापन शुक्रवार को हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विवेक ठाकुर थे। इस अवसर पर सी.बी.सी. पटना के प्रमुख कुमार सौरभ, डाक अधीक्षक नवादा नीरज कुमार चौधरी और ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। स्वागत भाषण में कुमार सौरभ ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य आमजन तक लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना और उन्हें निशुल्क सेवाएं उपलब्ध कराना था। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद विवेक ठाकुर ने कहा कि केंद्र और बिहार सरकार मिलकर राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने आमजन से सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने और आत्मनिर्भर बिहार के निर्माण में भागीदार बनने की अपील की। अभियान के दौरान डाक विभाग द्वारा 40 आधार अपडेट, 60 नए आधार कार्ड बनाए गए और 41 सुकन्या समृद्धि खाते खोले गए। धर्मशिला देवी हॉस्पिटल, नवादा की ओर से आयोजित निःशुल्क मेडिकल कैंप में हजारों लोगों की बीपी व शुगर जांच की गई। आईसीडीएस विभाग ने महिलाओं और बच्चों के पोषण संबंधी जानकारी दी, वहीं महिला आईटीआई की छात्राओं ने प्रतियोगिता में भाग लिया और विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। इसी क्रम में सांसद विवेक ठाकुर ने प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभुकों को क्रमशः एक लाख एवं दो-दो लाख रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। समापन सत्र का संचालन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अमरेंद्र मोहन और संदीप पांडे ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नवल जा ने प्रस्तुत किया। मौके पर सी.बी.सी. के अधिकारी-कर्मचारी, जीविका दीदी, सांस्कृतिक कलाकार और बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## विभिन्न मामलों में 54 गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि दिनांक 18 सितम्बर 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में बड़ी कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के तहत साइबर अपराध में 6, मद्य निषेध में एक एवं अन्य मामलों में 47 गिरफ्तारियां कुल 54 अपराधियों की गिरफ्तारी हुई है। इसके अतिरिक्त पुलिस ने 315 लीटर महुआ शराब बरामद किया है। वारंट निष्पादन की संख्या 2056 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या तीन रही। वाहन जांच अभियान के दौरान 418 वाहनों की जांच की गई तथा 38 हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अन्य गिरफ्तारी अंतर्गत मोटरसाइकिल 1, ट्रैक्टर 1, गैस सिलेंडर 1, गैस चूल्हा 1, चुलाई मशीन 1, मोबाइल 9 एवं फर्जी दस्तावेज 4 की बरामदगी भी की गई है। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने कहा कि नवादा पुलिस क्रूर एवं जघन्य अपराधियों को गिरफ्तार करने और उन्हें सजा दिलाने के लिए पूरी तरह संकल्पित है। अपराध करने के बाद अन्यत्र छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरुद्ध लगातार आसूचना संकलन किया जा रहा है और त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

# भाजपा का नेक्स्ट जेन जीएसटी सम्मेलन आज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भाजपा नालंदा द्वारा आगामी 20 सितंबर को "नेक्स्ट जेन जीएसटी सम्मेलन" का आयोजन किया जाएगा। केंद्र सरकार ने हाल ही में व्यापारी वर्ग सहित देशवासियों को राहत देने के उद्देश्य से नेक्स्ट जेन जीएसटी लागू किया है। इसके तहत दैनिक उपयोग की वस्तुओं, खाद्य सामग्री और अन्य जरूरी उत्पादों की कीमतों में कमी आने की संभावना है। कार्यक्रम की सफलता को लेकर शुक्रवार को बिहार शरीफ स्थित वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार के कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कार्यक्रम के जिला प्रभारी एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष नीरज कुमार डब्ल्यू ने की। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लागू नेक्स्ट जेन जीएसटी से न केवल व्यापारी वर्ग को राहत मिलेगी बल्कि आम जनता और विशेषकर महिलाओं को रसोई खर्च में बड़ी सुविधा होगी। सम्मेलन में बतौर मुख्य वक्ता नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड के अध्यक्ष सुनील जे. सिंधी दिल्ली से पधारेंगे। वे इस नयी व्यवस्था की विस्तृत जानकारी आमजन और व्यापारियों को देंगे। नीरज कुमार ने कहा कि इस सम्मेलन में बिहारशरीफ के सभी व्यवसायी, व्यापारी वर्ग और आम जनता आमंत्रित हैं। बैठक में भाजपा जिला महामंत्री शिवरतन प्रसाद, जिला मंत्री सह सेवा पखवाड़ा सह प्रभारी अमरेश कुमार, विधानसभा संयोजक महेन्द्र प्रसाद, नगर अध्यक्ष संदीप कुमार, धनंजय कुमार, अविनाश कुमार, मोर्चा तालाब मंडल अध्यक्ष बिट्टू कुमार सिंह, रहुई मंडल अध्यक्ष संजीव कुमार, अमित शान, सुनील कुमार गुप्ता, बब्लू कुमार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




## मारपीट में युवक घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के वनगंगा चौक पर गुरुवार की शाम में फलडु निवासी मिश्री चौधरी के पुत्र धर्मेन्द्र कुमार के साथ बदमाशों ने मारपीट की। इस घटना में बदमाशों पर सोने का चैन छीन लेने का भी आरोप लगाया है। घटना में वह जख्मी हो गया। सूचना पर 112 की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जख्मी हालत में इलाज के लिए सीएचसी में दाखिल कराया गया। इस बाबत जख्मी धर्मेन्द्र कुमार ने अनुसूचित थाना नवादा में आवेदन पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में उन्होंने फलडु गांव के दो लोगों को आरोपित किया है।

# जनता दरबार में 49 शिकायतें दर्ज, कई मामलों का तत्काल निष्पादन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश पर समाहरणालय सभागार में जिला पंचायत राज पदाधिकारी नवीन कुमार पांडेय की अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रस्तुत कीं। इस दौरान कुल 49 शिकायतें दर्ज की गई। कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत राज पदाधिकारी ने कई शिकायतों का मौके पर ही निष्पादन कर तत्काल राहत प्रदान की, जबकि कुछ मामलों को जांच और आवश्यक कार्रवाई हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास भेजा गया। जनता दरबार में भूमि विवाद, खतियान प्राप्ति, वेतनमान भुगतान तथा रैयती भूमि पर अवैध कब्जा जैसे विषयों पर बड़ी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। प्रमुख मामलों में अंचल नवादा के ग्राम आंती के कमलेश कुमार का जमीन विवाद, अंचल मेसकौर के मध्य विद्यालय बैजनाथपुर के मुन्द्रिका सिंह का प्रधानाध्यापक पद का वेतनमान, थाना दीपनगर (नालन्दा) के पावापुरी निवासी अजय कुमार का खतियान प्राप्ति, थाना नवादा के ग्राम असाढ़ी के अनन्त मिस्त्री का जमीन पर घेराबंदी, थाना/अंचल हिसुआ के ग्राम बुधौल के रविन्द्र सिंह का जमीनी विवाद तथा थाना थाली के ग्राम बड़की थाली के सहदेव यादव का रैयती जमीन पर कब्जा से जुड़ी शिकायतें शामिल रहीं। श्री पांडेय ने सभी उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता द्वारा प्रस्तुत समस्याओं का शीघ्र और पारदर्शी निष्पादन सुनिश्चित किया जाए और चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या विलंब को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जनता दरबार में आए लोगों को आश्वस्त करते हुए उन्होंने कहा कि आपकी समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता है। सभी मामलों का निष्पादन यथाशीघ्र किया जाएगा ताकि जनता को न्याय और सुविधा समय पर मिल सके। इस अवसर पर प्रभारी जन शिकायत कोषांग नवादा मनोज चौधरी सहित अन्य विभागीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

# बढ़ते कार्यकाल के साथ बढ़ रही नीतीश कुमार की लोकप्रियता : विजय कुमार चौधरी

राजीव वर्मा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नूरसराय के सरदार पटेल स्टेडियम चंडासी में एनडीए विधानसभा कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन का उदघाटन मुख्य अतिथि बिहार सरकार के जल संसाधन मंत्री सह नालन्दा जिला प्रभारी मंत्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सम्मेलन में आये हुए कार्यकर्त्ताओं व समर्थकों की भीड़ के सामने पंडाल छोटा पड़ गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि अपार भीड़ की उत्साह देखकर नालन्दा विधान सभा का चुनावी परिणाम क्या होगा यह बताना नाइंसाफी होगा। चुनाव होने में भले ही देरी है पर इस सम्मेलन में नालन्दा विधान सभा का चुनाव का नतीजा साफ हो गया है। एनडीए के पांचों घटक दलों की एकजुटता नीतीश कुमार को फिर से मुख्यमंत्री बनायेगी। नालन्दा बड़ी जगह है। बिहार, देश व दुनिया में ज्ञान व अध्यात्म का रौशनी फैलाने वाला नालन्दा ही है। नालन्दा से बिहार की पहचान है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में सबसे तेज गति से तरक्की कर रही है उसी प्रकार सीएम नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार देश में सबसे अधिक गति से तरक्की करने वाला राज्य हो गया है। नीतीश कुमार वहीं नेता है, पूरे देश के राजनीतिक इतिहास में ज्यों ज्यों कार्यकाल बढ़ता गया त्यों त्यों उनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। पूरे देश में नीतीश कुमार ऐसा सीएम हैं जिनकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। बीस वर्षों से एनडीए बिहार की सेवा कर रहा है। एनडीए ही जनता की सच्ची सेवक है। मंत्री विजय कुमार चौधरी ने विपक्षी पर निशाना साधते हुए कहा कि बहुत सारी पार्टी के कार्यकर्त्ता भोली भाली जनता को झांसे में लाकर ठगने का काम कर रही है। विपक्षी व विरोधियों के फेकैति व झांसे से सतर्क रहना होगा। कोई माई बहन योजना की बात करता है तो कोई गारंटी योजना की बात कहता है। वहीं बिहार में वोट चोरी की बात भी कहता है। इन लोगों की नीयत साफ नहीं है। जो करते हैं वह करते नहीं हैं और उदाहरण कर्नाटका को देते हैं। पूरे बिहार घूमकर गरीब को ठगने व गुमराह करने का काम कर रहे हैं। इन भ्रष्टाचारियों से सावधान रहना है और 2025 में फिर नीतीश को लाना है। उन्होंने कहा कि बिहार को अराजकता में ढकेलने वालों से सावधान रहने की जरूरत है। वहीं ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश कुमार ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना चलाया है। जिस घर में जीविका दीदी नहीं है उस घर से भी जीविका दीदी को जोड़ा जा रहा है। 22 सितंबर को पहले फेज के 50 लाख जीविका दीदियों के खाते में दस- दस हजार रुपया चला जायेगा। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि बिहार में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य सहित तमाम क्षेत्रों में विकास हुआ है और यह विकास नीतीश कुमार की सोच के कारण हुआ है। बिहार देश का पहला राज्य है, जहां 60 वर्ष से अधिक उम्र वालों को पेंशन मिल रहा है। पर अन्य दूसरे राज्यों में बीपीएल परिवार को ही पेंशन मिलता है। सम्मेलन में आये हुए लोगों से अपील करते हुए कहा कि गरीब होना गुनाह नहीं है पर गरीब अपने बच्चों को नहीं पढ़ाये यह गुनाह है। मुख्यमंत्री शिक्षा के क्षेत्र में चहुमुखी विकास कार्य किया है। मौके पर राजद के सक्रिय कार्यकर्त्ता रजनीश कुमार उर्फ राजू सिंह ने मंत्री विजय कुमार चौधरी के समक्ष जदयू की सदस्यता ग्रहण किया। मौके पर पूर्व एमएलसी राजू यादव, पूर्व विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ज्ञानू, लोजपा आर के प्रदेश महासचिव नरेश प्रसाद, जदयू जिलाध्यक्ष मो.अरशद, राजेन्द्र प्रसाद, प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, रालोमो के प्रदेश प्रवक्ता राम पुकार सिन्हा, हम के राष्ट्रीय सचिव, नंदलाल मांझी,जदयू के जिला महासचिव सुधीर कुमार, बबलू, रजनीश, गब्बर, रामकृष्ण कुमार, अमरेंद्र कुमार, दिग्विजय सिंह,अमन कुमार,राजा कुमार, अविनाश कुमार निराला,उपेंद्र महतो, सिकंदर कुमार, रेखा देवी, शुभम कुमार, उपेंद्र सिंह, भूपेंद्र सिंह, पप्पू सिंह,पप्पू मुखिया, तन्नू सिंह सहित अन्य मौजूद थे।




**सीएम ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना चलाया : श्रवण कुमार**

# सोखोदेवरा जेपी आश्रम से जन सुराज की बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** जिले के गोविंदपुर विधानसभा में जन सुराज पार्टी का बिहार बदलाव यात्रा कार्यक्रम की शुरुआत शुक्रवार को सोखोदेवरा जेपी आश्रम से किया गया। इस अवसर पर पार्टी से जुड़े नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर बिहार बदलाव यात्रा की शुरुआत की। इसके बाद दर्जनों वाहनों के काफिले के साथ जन सुराज के कार्यकर्ताओं ने प्रखण्ड के रानीबाजार, कौआकोल,धमनी, गुआघोघरा, महुडर, मननपुर, तेलियागढ़ी, महुलियाटांड़ आदि कई गांवों का भ्रमण कर लोगों से जन सुराज से जुड़ने की अपील की। जन सुराज के वरिष्ठ नेता व भावी प्रत्याशी इंद्रदेव कुशवाहा ने बताया कि जनसुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर के नेतृत्व में ही बिहार में व्यापक बदलाव सम्भव है। आज बिहार में उनके नेतृत्व में शिक्षा,रोजगार, बेरोजगारी, महिलाओं की सुरक्षा सहित विभिन्न मुद्दों पर संघर्ष जारी है। उन्होंने कहा कि बिहार के छात्र, युवा, किसान, मजदूर और महिलाएं प्रशांत किशोर के नेतृत्व में अपने अधिकारों के लिए सड़क से लेकर संसद तक संघर्षरत हैं। पार्टी के अन्य नेताओं ने भी कहा कि बिहार में प्रशान्त किशोर के नेतृत्व में ही बिहार का बदलाव एवं बेहतर विकास सम्भव हो सकता है। विधानसभा यात्रा प्रभारी त्रिवेणी सिंह ने कहा कि यह यात्रा महज एक सफर नहीं, बल्कि गोविंदपुर विधानसभा सहित बिहार में बदलाव का संकल्प है।

## महाने नदी में डूबने से अधेड़ की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** चेरो ओपी क्षेत्र के मुसहरी गांव स्थित महाने नदी में डूबने से शुक्रवार को एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई मृतक की पहचान रामजीत मांझी (51 वर्ष) के रूप में हुई है। वह स्व. रघु मांझी का पुत्र था और मूल रूप से नूरसराय थाना क्षेत्र के कुबड़ बिगहा गांव के निवासी थे। पिछले करीब दस वर्षों से रामजीत मांझी अपनी बहन भागो देवी के घर मुसहरी गांव के महादलित टोला में रह रहे थे। परिजनों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह रामजीत मांझी हरनौत बाजार गए थे। लौटते समय महाने नदी पार करने के दौरान उनका पैर फिसल गया और वे गहरे पानी में चले गए। नदी में अधिक पानी होने और चारों ओर जलकुंभी फैले होने के कारण वे बाहर नहीं निकल पाए और मौके पर ही डूब गए। घटना की सूचना पर ओपी प्रभारी राजेश कुमार पांडे दल-बल के साथ मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया।

# रहुई नगर पंचायत में चला विशेष सफाई अभियान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रहुई नगर पंचायत क्षेत्र में 17 सितंबर से 29 अक्टूबर तक चल रहे "स्वच्छता ही सेवा अभियान" के तहत साफ-सफाई और जनजागरूकता कार्यक्रम जोर-शोर से चलाए जा रहे हैं। शुक्रवार को नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 खिरौना में विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। सफाई कर्मियों ने पूरे क्षेत्र में झाड़ू लगाकर एवं जमा कचरे को उठाकर वातावरण को स्वच्छ बनाया। कचरा संग्रहण स्थल की सफाई के दौरान लोगों को भी स्वच्छता का महत्व समझाया गया। नगर स्वच्छता पदाधिकारी अनुराधा कुमारी ने बताया कि नगर पंचायत की टीम लगातार प्रत्येक वार्ड में जाकर लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि लोग घर के आसपास कचरा न फैलाएं, बल्कि गीला और सूखा कचरा अलग-अलग डस्टबिन में डालें। उन्होंने बताया कि गीले कचरे से खाद तैयार की जा सकती है, जबकि सूखा कचरा रीसाइक्लिंग के काम आता है। इस पहल से न केवल गंदगी कम होगी, बल्कि बीमारियों से भी बचाव होगा। स्वच्छता पदाधिकारी ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य हर नागरिक को स्वच्छता के प्रति जिम्मेदार बनाना है। यदि लोग अपने घर और आसपास की सफाई पर ध्यान देंगे तो पूरा नगर स्वस्थ और स्वच्छ बनेगा। इस दौरान टीम ने लोगों से अपील की कि वे नगर पंचायत को साफ-सफाई में सहयोग करें और "स्वच्छ रहुई, सुंदर रहुई" का नारा साकार करें।



## 72 छात्राओं को लगा एचपीवी का टीका

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत शुक्रवार को हरनौत बाजार स्थित प्रोजेक्ट गर्ल्स हाई स्कूल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एचपीवी टीकाकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 72 छात्राओं को टीका लगाया गया। पीएचसी हरनौत के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजीव रंजन सिन्हा ने बताया कि यह टीका 9 से 14 वर्ष की आयु की बालिकाओं को दिया जाता है। एचपीवी टीका गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर समेत कई अन्य गंभीर बीमारियों से बचाव करता है। अनुमान के अनुसार यह टीका 90 प्रतिशत तक कैंसर के मामलों को रोकने में सक्षम है।

## लापता युवक का शव नदी से बरामद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के कोसुक स्थित पंचाने नदी से शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान शेखोपुर गांव निवासी धन्नु यादव के 25 वर्षीय पुत्र श्रवण कुमार के रूप में हुई है। ग्रामीण रिंटू कुमार ने बताया कि श्रवण रोज की तरह सुबह घर से काम के लिए निकला था। लेकिन देर शाम तक जब वह घर नहीं लौटा तो परिवारजन और ग्रामीणों ने काफी खोजबीन की। बावजूद इसके उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों को सूचना मिली कि नदी में एक शव है। मौके पर पहुंचे लोगों ने उसकी पहचान लापता श्रवण के रूप में की। श्रवण जेसीबी मशीन चलाकर परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी अचानक मौत की खबर से पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

# 'स्वच्छता ही सेवा' कार्यक्रम के तहत पीएचसी में मेडिकल कैंप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को हिलसा नगर परिषद की ओर से सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में किया गया। इस अवसर पर सफाई कर्मियों के लिए विशेष मेडिकल कैंप लगाया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर व ब्लड शुगर की जांच की गई और छोटी-मोटी बीमारियों के लिए चिकित्सकीय परामर्श भी उपलब्ध कराया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य सफाईकर्मियों के स्वास्थ्य को सुरक्षित रखना और उनमें स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता बढ़ाना था। मौके पर नगर परिषद के स्वच्छता पदाधिकारी उज्ज्वल आनंद, नगर प्रबंधक कुमार गौतम, कर संग्राहक शिव एवं रवि सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसी क्रम में हिलसा के प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में आंगनबाड़ी सेविकाओं की ओर से आकर्षक रंगोली बनाई गई। रंगोली के माध्यम से लोगों को गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग रखने का संदेश दिया गया। अंचल अधिकारी मोहम्मद इकबाल अनवर और सीडीपीओ नीलम सिन्हा ने बताया कि यह अभियान जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, नालंदा के तत्वावधान में स्वस्थ भारत मिशन (ग्रामीण) – लोहिया स्वास्थ्य विहार अभियान के तहत चलाया जा रहा है। इसके द्वितीय चरण में खुले में शौच से मुक्ति को स्थायी बनाने के साथ-साथ ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर दिया जा रहा है, ताकि सभी गांवों को संपूर्ण स्वच्छ बनाया जा सके। अभियान 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान "स्वच्छ, शून्य कचरा और पर्यावरण अनुकूलन" पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मौके पर प्रखंड संयोजक राजीव कुमार रंजन, प्रखंड वार रूम कर्मी धनंजय कुमार, महिला पर्यवेक्षिका संगीता सिन्हा, सिद्धार्थ कुमार, मधुबाला सिन्हा, नीलम शर्मा, सेविका रेखा, नीरा कुमारी, माला, सरीता, प्रीति, बेबी, प्रेम, स्नेहलता समेत सैकड़ों सेविकाएं मौजूद थी।

## तीन वारंटी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के टकुआटांड़, अम्बातरी एवं महियारा गांव से पुलिस बलों ने तीन वांछित वारंटियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान के निर्देश पर चलाए गए 'तलाश व गिरफ्तारी वांछित/वारंटी' अभियान के तहत की गई। गिरफ्तार किए गए सभी वारंटियों को जेल भेज दिया गया है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में टकुआटांड़ निवासी सोहर महतो के पुत्र बीरेंद्र यादव,अम्बातरी गांव निवासी स्व. मगर यादव के पुत्र प्रयाग यादव एवं हरदिया निवासी जेठू राजवंशी के पुत्र जागो राजवंशी को पुलिस बलों के सहयोग से गिरफ्तार किया गया है।

# डायन प्रथा उन्मूलन अभियान हेतु जागरुकता रथ को सांसद व डीएम ने दिखायी हरी झंडी

**महिलाओं को "डायन" कहकर प्रताड़ित करना कानूनन दंडनीय अपराध**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नवादा।** 19 सितम्बर 2025 को सांसद विवेक ठाकुर एवं जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश ने समाहरणालय परिसर से डायन प्रथा उन्मूलन अभियान के तहत जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह प्रचार वाहन जिले के 14 प्रखंडों के 96 स्थलों पर पपेट शो (पुतली नाटक) के माध्यम से जनता को जागरूक करेगा। इसके जरिए बताया जाएगा कि महिलाओं को "डायन" कहकर प्रताड़ित करना न केवल अमानवीय है, बल्कि कानूनन दंडनीय अपराध भी है।

जिला पदाधिकारी ने मौके पर कहा कि डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम, 1999 के अंतर्गत स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं किसी महिला को डायन बताकर टिप्पणी या कार्रवाई करने पर तीन माह तक की जेल या एक हजार रुपये जुर्माना, अथवा दोनों की सजा हो सकती है। महिला को शारीरिक या मानसिक रूप से प्रताड़ित करने पर छह माह तक की जेल या दो हजार रुपये जुर्माना, अथवा दोनों का प्रावधान है।जिला पदाधिकारी ने लोगों से अपील की कि अंधविश्वास एवं कुप्रथाओं से दूर रहें और समाज में जागरूकता फैलाएँ। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में शामिल पाया गया तो उसके विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी अमरनाथ कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रिय रंजन सहित अन्य पदाधिकारी एवं जिला जनसम्पर्क के शशि कुमार, कमलेश कुमार, रजनी कुमारी आदि कर्मी उपस्थित थे।




# शराब के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार, कार व बाइक जब्त, 35 शराबी धराए

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के चितरकोली स्थित समेकित जांच चौकी पर उत्पाद बलों ने 100 बोतल शराब को जब्त किया है। साथ ही एक कार एवं एक बाइक को भी जब्त किया गया है। शराब के साथ पांच शराब तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। उत्पाद अधीक्षक अरुण कुमार मिश्र ने बताया कि बिहार मद्यनिषेध को लेकर जांच चौकी पर उत्पाद इंस्पेक्टर अमृत कुमार गुप्ता के नेतृत्व में सघन वाहन जांच किया जाता है। जांच के क्रम में कोडरमा की ओर से आ रहे एक सेंट्रो कार के डिक्की में रहे 375 एमएल वाले स्टर्लिंग बी7 के 40 बोतल,आइकॉनिक के 37 बोतल एवं रॉयल स्टेज के 11 बोतल शराब बरामद किया गया है। साथ ही कार चालक सह तस्कर झारखंड के गिरिडीह जिले के पचम्बा थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी मो. इस्लाम अंसारी के पुत्र मो. इमरान अंसारी के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक द्वारा बताया गया कि वह गिरिडीह से शराब लेकर नवादा बेचने के लिए जा रहा था। वहीं दूसरी ओर गुप्त सूचना के आलोक में बाइक होंडा शाइन पर सवार रहे दो लोगों के पास से 375 एमएल वाले रॉयल स्टेज के 24 बोतल शराब बरामद किया गया। गिरफ्तार लोगों की पहचान गयाजी जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के कुम्हरार गांव निवासी संजय कुमार के पुत्र रितीश कुमार एवं सिरदला थाना क्षेत्र के कुम्हरेत गांव निवासी राजेंद्र प्रसाद के पुत्र सुजीत कुमार के रूप में हुई है। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि दो विभिन्न बसों पर सवार रहे दो लोगों उत्तर प्रदेश के बलिया जिला निवासी सत्यनारायण यादव के पुत्र माधवेंद्र कुमार एवं नवादा जिले के रोह थाना क्षेत्र निवासी स्व. मुनी साव के पुत्र मंटू कुमार को 500 एमएल वाले किंगफिशर कंपनी के 8 केन बियर एवं 600 एमएल शराब बरामद किया गया है। शराब पीकर बिहार आनेवाले 35 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सभी के शराब पिए होने की पुष्टि ब्रेथ एनलाइजर मशीन से की गई। उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि जब्त शराब,बाइक व कार के अलावे गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

## दिशा की बैठक में उठी पकरीबरावां में बाईपास निर्माण की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पकरीबरावां।** नवादा डीआरडीए कार्यालय में शुक्रवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सदस्य आसो पासवान ने कई मामले उठाए। उन्होंने पकरीबरावां पीडब्ल्यूडी विभाग के कार्यपालक अभियंता से पकरीबरावां में बनने वाले बाईपास निर्माण की स्थिति की जानकारी ली। अनुमंडल पदाधिकारी से पकरीबरावां में नगर पंचायत बनाने की जानकारी ली गई। बताया गया कि रिपोर्ट राज्य को भेज दिया गया है।

# स्वीप आइकॉन डॉ. मानव ने लगाई चुनावी पाठशाला, छात्रों ने लिया जागरुकता का संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हिलसा (नालंदा)।** आगामी विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुक्रवार को भारत निर्वाचन आयोग के जिला स्वीप आइकॉन डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने हिलसा विधानसभा क्षेत्र (175) के रामचंद्र गुप्ता कन्या उच्च विद्यालय में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर में चुनावी पाठशाला का आयोजन किया और छात्रों को लोकतंत्र एवं मताधिकार से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य सौंपे। चुनावी पाठशाला में शामिल छात्र-छात्राओं ने संकल्प लिया कि वे आगामी विधानसभा चुनाव में न केवल स्वयं मतदान करेंगे बल्कि अपने अभिभावकों, पड़ोसियों और गांव के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान "हम हैं मतदाता – राष्ट्र के निर्माता", "चाहे जो भी हो मजबूरी, वोट देना है बहुत जरूरी" और "वोट देना जाना है – लोकतंत्र बचाना है" जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। डॉ. मानव ने कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होगा जब हर नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जो लोग वोट नहीं देते, उन्हें किसी सरकार या व्यवस्था के खिलाफ बोलने का भी अधिकार नहीं है। उन्होंने छात्रों से अपील की कि वे भविष्य में न केवल जागरूक मतदाता बनें बल्कि समाज को भी जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सुचेता कुमारी सहित प्रभात रंजन, देवकांत पांडेय, वीणा सिन्हा, ज्योति कुमारी, वीणा कुमारी, पूजा भारती, स्मिता कुमारी, जितेंद्र कुमार, विकास कुमार, रमेश कुमार शर्मा, शिशुवत् राय समेत कई शिक्षक व स्थानीय लोग उपस्थित थे।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया विभिन्न वार्डों में विकास योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना एवं मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना अंतर्गत गया नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में विकासात्मक योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना के तहत वार्ड संख्या 29, सियाडी में नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 63 लाख 84 हजार 423 रुपये की लागत से किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत वार्ड संख्या 29, शास्त्रीनगर महादलित टोला में सामुदायिक भवन जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास 7 लाख 10 हजार




रुपये की लागत से किया गया। वार्ड संख्या 29, कलेर में पथ निर्माण कार्य का उद्घाटन 7 लाख 31 हजार रुपये की लागत से किया गया। वार्ड संख्या 29, पूर्व सैनिक कॉलोनी सियाडी में पथ एवं नाली निर्माण कार्य का शिलान्यास 6 लाख 58 हजार रुपये की लागत से किया गया। वार्ड संख्या 02, डेलहा परैया रोड में चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास 1 लाख 92 हजार रुपये की लागत से किया गया। वार्ड संख्या 27, डेल्हा धनिया बगीचा में चबूतरा निर्माण कार्य का शिलान्यास 5 लाख 13 हजार रुपये की लागत से किया गया। वार्ड संख्या 34, गेवाल बिगहा में पथ निर्माण कार्य का शिलान्यास लगभग 6 लाख रुपये से अधिक लागत से किया गया। इस अवसर पर स्थानीय नागरिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से मोहल्ले के बुनियादी ढांचे में सुदृढ़ता आएगी। साथ ही स्वच्छता, यातायात एवं सामुदायिक सुविधा में सकारात्मक बदलाव होगा।

मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में सरकार लगातार जनता के विकास एवं बुनियादी सुविधाओं की ओर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना एवं समग्र शहरी विकास योजना का उद्देश्य हर वार्ड, हर बस्ती और हर मोहल्ले में समान रूप से विकास सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से आम नागरिकों को बेहतर जीवन स्तर मिलेगा और शहर का समग्र विकास संभव होगा। वहीं मौके पर प्रेम सागर, देवानंद पासवान, सूरज राणा, पवन जी, हरि यादव, मनोज चंद्रवंशी, सुरेंद्र यादव, अरुण यादव, विनय सिंह, दीपक कुमार, सुधीर सिन्हा, मनोज पासवान, विक्की सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## एक नजर

### आज गयाजी पहुंचेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू

गया। 20 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गयाजी में अपने पितरों के पिंडदान के लिए पहुंचेंगी। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। गया एयरपोर्ट से विष्णुपद मंदिर तक कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई है। हर मार्ग पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गई है। इधर, पितृपक्ष मेला क्षेत्र में आने वाले मार्गों पर ड्रॉप गेट लगाए गए हैं और सुरक्षा कारणों से कई रास्तों पर वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई है। इसके लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था भी की गई है। ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बता दें कि मोक्षधाम गयाजी नगरी में 6 सितंबर से विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला आयोजित है जो 21 सितंबर को समाप्त होगा। अब तक देश-विदेश से लगभग 24 लाख तीर्थयात्री गयाजी पहुंच चुके हैं और अपने पितरों का पिंडदान कर चुके हैं।

### मुकेश अंबानी अपने पुत्र अनंत अंबानी के साथ विष्णुपद मंदिर पहुंचे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी शुक्रवार को अपने पुत्र अनंत अंबानी के साथ शहर स्थित विष्णुपद मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर के गर्भगृह में विशेष पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने हरि मंडप पर अपने पितरों की आत्मा की शांति और मोक्ष की कामना करते हुए विधिपूर्वक पिंडदान और तर्पण किया। अंबानी परिवार के गयापाल तीर्थ पुरोहित शंभू लाल बिट्ठल ने बताया कि मुकेश अंबानी अपने पितरों के उद्धार हेतु गयाजी आए हैं। उन्होंने पूरी श्रद्धा और विधि-विधान के साथ पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्मकांड संपन्न किया। इधर अंबानी परिवार के आगमन को देखते हुए विष्णुपद मंदिर परिसर में विशेष सुरक्षा और व्यवस्थाएं की गई थीं। गया एसएसपी ने पहले उनकी सुरक्षा को लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिया था। गया एयरपोर्ट से सड़क मार्ग द्वारा वे मोक्षधाम गयाजी पहुंचे जहां स्थानीय श्रद्धालुओं और तीर्थ यात्रियों ने उनका स्वागत किया। मुकेश अंबानी और उनके पुत्र अनंत अंबानी ने पूरे विधिपूर्वक श्राद्ध और पिंडदान करते हुए अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** दुर्गा पूजा के अवसर पर क्षेत्र में शांति एवं विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर कोंच थाना परिसर में शनिवार 20 सितंबर को दोपहर 2 बजे शांति समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि इस बैठक में विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, व्यवसायी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी वर्ग शामिल होंगे। बैठक का उद्देश्य त्योहार के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकना तथा आपसी सहयोग से शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखना है। थानाध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे समय पर उपस्थित होकर अपने विचार एवं सुझाव साझा करें ताकि दुर्गा पूजा के आयोजन को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

### वृद्ध एवं बच्चा डूबे, बच्चे की हुई मौत

**वजीरगंज(नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के अमैठी पंचायत अंतर्गत आरोपुर गांव के मंगुरा नदी में शुक्रवार को एक 6 वर्षीय बच्चा प्रिंस कुमार की डूबकर मौत हो गई जबकि हुड़राही के तालाब में लक्ष्मीपुर निवासी 55 वर्षीय रामवतार मांझी स्नान करने के दरम्यान डूब गये जिनकी तलाश की जा रही है। सीओ दिलीप कुमार ने बताया कि हुड़राही में एसडीआरएफ की टीम पहुंच गई है वे शव की तलाश करेंगे तथा मृतक बच्चे को पोस्टमार्टम के लिये एएनएमसीएच भेजा गया है।

# कुलपति ने किया राष्ट्रीय सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के गणित विभाग द्वारा आगामी राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन 28-29 नवम्बर 2025 को किया जाना है। इस सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ. बी. के. मंगलम तथा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. मुकेश कुमार उपस्थित रहे। विमोचन समारोह में सम्मेलन के संयोजक एवं गणित विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील सुमन, सह-संयोजक डॉ. संजय कुमार तिवारी, आयोजन सचिव डॉ. अमर किशोर तथा डॉ. कुमार विशाल उपस्थित रहे। गणित विभाग के अन्य सदस्यों डॉ. पिंटू समंता (कोषाध्यक्ष) एवं मनोज कुमार सिंह कंप्यूटर विज्ञान के डॉक्टर धर्मेंद्र कुमार एवं आदित्य



भारती ने कुलपति से सम्मेलन की आधिकारिक वेबसाइट का शुभारंभ करने का अनुरोध किया। कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही ने गणित विभाग को राष्ट्रीय सम्मेलन के सफल आयोजन हेतु अग्रिम बधाई दी तथा आवश्यक मार्गदर्शन और शुभकामनाएं प्रदान कीं। कुलपति ने कहा कि आज हमारे लिए यह हर्ष और गर्व है कि हमारे विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की जा रही कांफ्रेंस की वेबसाइट का लोकार्पण किया जा रहा है। यह वेबसाइट न केवल इस सम्मेलन की गतिविधियों, विषय-वस्तु और समय-सारणी की जानकारी प्रदान करेगी, बल्कि प्रतिभागियों, शोधार्थियों एवं विद्वानों के लिए एक सशक्त मंच के रूप में भी कार्य करेगी। ज्ञान और शोध के क्षेत्र में डिजिटल तकनीक की भूमिका आज अत्यंत महत्वपूर्ण हो गई है। इस वेबसाइट के माध्यम से हम सभी प्रतिभागियों को पारदर्शिता, सुगमता और समयानुकूल जानकारी उपलब्ध करा पाएंगे। मुझे विश्वास है कि यह मंच संवाद, सहयोग और नवाचार को बढ़ावा देगा तथा सभी शोधकर्ताओं और शिक्षाविदों को अपने विचार साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। मैं आयोजन समिति, तकनीकी टीम तथा सभी सहयोगियों को बधाई देता हूं जिन्होंने इस वेबसाइट को संभव बनाया। आशा है कि यह सम्मेलन न केवल अकादमिक जगत को समृद्ध करेगा, बल्कि नई पीढ़ी के शोधकर्ताओं को भी प्रेरणा प्रदान करेगा।

# सीडीपीओ कार्यालय बना लूट केन्द्र, जांच की मांग




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कार्यालय इन दिनों लूट कार्यालय में तब्दील हो गया है। प्रति माह इस कार्यालय में सीडीपीओ, बड़ा बाबू के आदेश पर सेविका पति द्वारा क्षेत्र में सैकड़ों अवस्थित आंगनबाड़ी केंद्रों से प्रति माह पोषाहार राशि भेजने के नाम पर लाखों रूपए का कमीशन बटोर रहे हैं। आगे बताया कि प्रतिमाह पन्द्रह से बीस प्रतिशत राशि केन्द्रों में भेजे गए पोषाहार राशि भेजने के एवज में दिया जाता है। आंगनबाड़ी सेविका डर के कारण कमीशन देने को मजबूर हैं। कई आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं उनके पतियों ने बताया कि हमलोगों को मजबूरी में इन पदाधिकारियों एवं कर्मियों को कमिशन देना पड़ता है। छोटे-छोटे बच्चों के पोषण के आहार को काटकर कमीशन देना पड़ता है। हमलोग भी मां है। बच्चों के आहार में कमी कर कमीशन देने में काफी ग्लानि महसूस होती है परन्तु नौकरी जाने के डर से देना पड़ता है। ज्ञात हो कि इसका विरोध करने पर बहबलपुर गांव की आंगनबाड़ी सेविका को पिछले छः माह से भी अधिक समय से वेतन बंद है।

# मांगों को पूरा करने के आश्वासन के बाद धरना समाप्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के शिक्षकेतर कर्मचारी संघ द्वारा अभियंता निरंजन कुमार के निधन संबंधी मुद्दों और विभिन्न मांगों को लेकर धरना दिया। इस दौरान मांगों के समर्थन में संघ के सदस्यों ने नारेबाजी की। इसके बाद कुलसचिव प्रो. विनोद कुमार मंगलम एवं छात्र अध्यक्ष कल्याण प्रो. ब्रजेश कुमार राय की उपस्थिति में कुछ मांगों के आश्वासन पर धरना समाप्त कराया गया। इन मांगों में अनुकम्पा एवं प्रोन्नति की प्रक्रिया को गति देना, कृष्ण कुमार मिश्र एवं गौतम कुमार के निलंबन को निरस्त करना प्रमुख रूप से शामिल था



जिन्हें पूरा करने का आश्वासन प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर शिक्षकेतर कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुबोध कुमार, उपाध्यक्ष रामरूप राम, महासचिव दीपक कुमार, सहायक सचिव रंजीत कुमार, सचिव प्रमोद कुमार, कार्यकारिणी के सदस्य प्रमोद कुमार मिश्रा, रामकुमार राम, नाजिम, विनोद दास, अंतरिक यादव, रामाशीष मिस्त्री, दिलीप कुमार द्विवेदी, कर्मचारी में प्रदीप कुमार, अमितेश प्रकाश, मनोज कुमार, आशा कुमारी सहित अनेक कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# स्वच्छता ही सेवा के तहत विशेष स्वच्छता अभियान शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गयाजी।** गया जिला के डोभी नगर पंचायत क्षेत्र में भारत सरकार के निर्देशानुसार 'स्वच्छता ही सेवा 2025' कार्यक्रम के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना के मार्गदर्शन में नगर पंचायत डोभी और क्षेत्रीय विद्यालयों के छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। नगर पंचायत द्वारा जारी सूचना के अनुसार छात्रों को स्वच्छता के महत्व, हाथ धोने की आदत और विद्यालय परिसर में सफाई के बारे में जागरूक किया जाएगा। अभियान को आकर्षक बनाने के लिए कई प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 24 सितम्बर 2025 को नगर पंचायत कार्यालय, डोभी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक पेंटिंग प्रतियोगिता 25 सितम्बर 2025 को नगर पंचायत कार्यालय, डोभी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक वेस्ट टू आर्ट प्रतियोगिता वही 26 सितम्बर 2025 को नगर पंचायत कार्यालय, डोभी में सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता जिसमें प्रत्येक विद्यालय से प्राथमिक (कक्षा 1-5) और मध्य (कक्षा 6-8) स्तर पर तीन-तीन छात्रों का चयन कर उनकी सूची 23 सितम्बर तक नगर पंचायत कार्यालय को देनी होगी।

# स्वरोजगार का अच्छा साधन बकरी पालन : मधुकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** मानव संसाधन विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 29वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल द्वारा नागरिकों के कल्याण हेतु 05 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। यह कार्यक्रम 15 सितंबर से 19 सितंबर तक 29 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के कमांडेंट मधुकर अमिताभ के मार्गदर्शन में कृषि विज्ञान केंद्र मानपुर में संपन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में वाहिनी के समवाय क्षेत्रों (गया, औरंगाबाद एवं लखीसराय जिलों) से कुल 16 बेरोजगार युवकों को प्रशिक्षण दिया गया है जिसका उद्देश्य सुदूरवर्ती क्षेत्रों के युवकों को स्वरोजगार के प्रति जागरूक करना साथ ही साथ उन्हें समाज के मुख्य धारा से जोड़ना भी है। इस अवसर पर कमांडेंट ने बताया कि सशस्त्र सीमा बल का दायित्व है कि जहां पर सशस्त्र सीमा बल की तैनाती है वहां लोगों को स्वरोजगार का बढ़ावा दें एवं स्वरोजगार के प्रति जागरूक करें। विभिन्न प्रकार के




प्रशिक्षण कार्यक्रम (कौशल विकास) का आयोजन कराकर लोगों को प्रशिक्षण देना ताकि ग्रामीण एवं युवा स्वरोजगार कर सकें और समाज के आर्थिक विकास में अपना योगदान दे सकें। कमांडेंट ने यह भी बताया कि बकरीपालन स्वरोजगार का अच्छा साधन है। इससे हम छोटे स्तर से शुरुआत कर वृहद स्तर तक अपने रोजगार का विकास कर सकते हैं। साथ ही अगर हम बकरी पालन का प्रशिक्षण प्राप्त कर बकरी का व्यवसाय करते हैं तो बकरी की देखभाल अच्छी तरह से कर सकते हैं। इस व्यवसाय को पेशेवर तरीके से करने हेतु उनके पालन पोषण व उनमें होने वाली बीमारियां से बचाव के बारे में जानकारी होना क्षेत्र व मौसम के अनुसार संबंधित नस्ल की पहचान कर स्वरोजगार हेतु उसका पालन-पोषण करना है। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ मनोज कुमार राय, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृषि विज्ञान केंद्र मानपुर के रविशंकर कुमार, 29वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल के द्वितीय कमान अधिकारी डॉ. अनिल कुमार रवि, वैज्ञानिक अजय कुमार वाजपेयी, उप कमांडेंट सहित अन्य मौजूद रहे।

# प्रो. आरपी सिंह के शैक्षणिक विरासत को किया स्मरण

## प्रो. सिंह ने भूगोल विभाग को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के स्नातकोत्तर भूगोल विभाग एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में प्रो. आरपी सिंह स्मृति व्याख्यानमाला का उद्घाटन व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में डॉ. मीनाक्षी प्रसाद ने मगध विश्वविद्यालय के प्रख्यात भूगोलवेत्ता प्रो. आरपी सिंह के शैक्षणिक एवं संस्थागत योगदानों का भावपूर्ण स्मरण किया। उन्होंने बताया कि प्रो. सिंह ने न केवल भूगोल विभाग




को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई, बल्कि अपने शोध कार्यों एवं प्रकाशनों के माध्यम से विभाग को वैश्विक अकादमिक मंच तक पहुंचाया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिलकर प्रो. सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। पूरे वातावरण में उनकी शैक्षणिक विरासत और विभाग के प्रति उनके समर्पण को स्मरण करते हुए गहन श्रद्धा का भाव रहा। विभागाध्यक्ष प्रो. उपेंद्र कुमार ने मुख्य वक्ता, अतिथियों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों का हार्दिक स्वागत किया तथा व्याख्यान के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में जामिया मिल्लिया इस्लामिया, नई दिल्ली के भूगोल विभाग, प्राकृतिक विज्ञान संकाय की प्रख्यात प्राध्यापिका प्रो. लुबना सिद्दीकी ने 'भौगोलिक सूचना प्रणाली के अनुप्रयोग' विषय पर अपना विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया। मुख्य वक्ता ने अपने व्याख्यान की शुरुआत विद्यार्थियों को भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) की मूल अवधारणा से कराई। उन्होंने बताया कि जीआईएस केवल एक सॉफ्टवेयर प्रणाली नहीं है, बल्कि यह स्थानिक और गैर-स्थानिक डाटा को एकीकृत करके उसका विश्लेषण करने का एक सशक्त माध्यम है।

# शेरघाटी में पीसीसी नाली निर्माण का अवलोकन, जलजमाव से मिलेगी राहत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** शहरवासियों को जलजमाव की समस्या से निजात दिलाने के लिए नगर परिषद की ओर से ठोस पहल की गई है। शहर के मुख्य मार्ग गोल बाजार रोड पर काली मंदिर से लेकर बाजार समिति कार्यालय तक पीसीसी नाली का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर चल रहा है। गुरुवार को मुख्य पार्षद गीता देवी के प्रतिनिधि पवन किशोर ने स्थल पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संवेदक एवं कार्यरत मजदूरों को स्पष्ट निर्देश दिया कि नाली निर्माण में किसी भी प्रकार की गुणवत्ता से समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य टिकाऊ और बेहतर ढंग से होना चाहिए ताकि लंबे समय से चली आ रही



जलजमाव की समस्या का स्थायी समाधान हो सके। बरसात के मौसम में इस मार्ग पर जलजमाव के कारण लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नाली के अभाव में गंदा पानी सड़क पर फैल जाता था जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को दिक्कतें झेलनी पड़ती थीं। पवन किशोर ने बताया कि अब तक इस क्षेत्र में कभी भी पीसीसी नाली का निर्माण नहीं हुआ था। लोगों की लगातार मिल रही शिकायतों को देखते हुए नगर परिषद ने विभागीय स्तर पर इस कार्य को शुरू कराया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गुणवत्तापूर्ण सामग्री का ही उपयोग किया जाएगा। करीब 15 लाख रुपए की लागत से हो रहे इस नाली निर्माण कार्य को लेकर स्थानीय लोग भी संतुष्ट नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि यदि यह कार्य सही ढंग से पूरा हो गया तो शहरवासियों को बरसात के दिनों में जलजमाव से स्थायी राहत मिलेगी।

# जिला स्तरीय कला उत्सव में बच्चों ने जीता प्रथम पुरस्कार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** जिला स्तरीय कला उत्सव का आयोजन बिहार बाल भवन किलकारी, हरिदास सेमिनरी उच्च विद्यालय सुग्गी परिसर गयाजी में किया गया जिसमें जिले भर के विद्यालय के बच्चों को कला उत्सव प्रतियोगिता के अनेकों विधा में भाग लिया। अनुग्रह नारायण सहदेव +2 विद्यालय, सुग्गी प्रखंड आमस की नवम वर्ग की छात्रा खुशी कुमारी, कृतिका कुमारी, रिया कुमारी एवं रूचि कुमारी ने बिहार के सुप्रसिद्ध लोकगीत झूमर गाकर वाहवाही लूटी और उन्हें प्रतियोगिता के अन्त में जिला टॉपर की घोषणा के साथ ही बिहार बाल भवन किलकारी के निदेशक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने मेडल देकर छात्राओं को और मेहनत करके राज्य स्तरीय कला



उत्सव में भी अपने विद्यालय और जिला का नाम रौशन करने का आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर विद्यालय के संगीत शिक्षक आदित्य कुमार मौजूद रहे। विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक राजीव कुमार सिंह, शिक्षक अनिल कुमार, अशोक कुमार, तकरीम खान, सुफियान अंसारी, वाहिदुल्लाह अंजुम सहित सभी शिक्षकों ने उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की है।


## कार्यालय, नगर परिषद गढ़वा

**बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2025–26 से 2029–30 तक 05 वर्षो के लिए रामबॉध तालाब सोनपुरवा, गढ़वा बन्दोबस्ती खुली डाक द्वारा दिनांक 23.09.2025 को 12:30 बजे अपराह्न में नगर परिषद गढ़वा के कार्यालय में की जाएगी जिसकी विवरणी निम्नांकित है :–

| कमांक | सैरात का नाम | सुरक्षित जामा राशि | जमानत की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | रामबॉध तालाब सोनपुरवा, गढ़वा | 3,39,600 | 34,000 |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

PR 362319 (Urban Development) 25-26 (D)

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद गढ़वा।

## कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।

(महात्मा गाँधी नरेगा कोषांग)

Phone No. 06562-224077,224033 E-mail- drdapalamu2019@gmail.com

**मनरेगा अन्तर्गत प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के पद पर नियुक्ति से संबंधी सूचना।**

सरकार के प्रधान सचिव, ग्रामीण विकास विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 4729 दिनांक 04.06.2007, 7646 दिनांक 23.10.2009 एवं 6440 दिनांक 17.07.2012 नियुक्ति सेवा शर्त्त कर्त्तव्य (संशोधन), नियमावली, 2012 एवं ज्ञापांक 848 दिनांक 21.03.2017 के आलोक में महात्मा गॉधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अन्तर्गत संचालित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु पलामू जिले में प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, तकनीकी सहायक (सहायक अभियंता के समकक्ष), तकनीकी सहायक (कनीय अभियंता के समकक्ष), लेखा सहायक एवं कम्प्यूटर सहायक के पद पर दक्षता/लिखित परीक्षा में शामिल होने वाले योग्य अभ्यर्थियों की सूची एवं अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची को उपायुक्त–सह–जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू की अध्यक्षता में दिनांक 11.09.2029 को आहूत मनरेगा नियुक्ति समिति द्वारा सूची को अनुमोदित किया गया है, जिसे पलामू जिले के Official website - www.palamu.nic.in पर Upload किया गया है।

विश्वासभाजन
उप विकास आयुक्त–सह–
अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक, पलामू।

PR 362331 (District) 25-26 (D)

संपादकीय

# क्या मोदी नया रिकॉर्ड बनाएंगे?

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 75वां जन्मदिन पूरे देश में उल्लास और रचनात्मक आग्रह के साथ मनाया गया। प्रधानमंत्री ने भी इसे किसी अलग समारोह के रूप में न मनाते हुए पीएम के रूप में राष्ट्र के प्रति दायित्वों का निर्वहन करते हुए ही मनाया। मप्र के धार में पीएम मित्र पार्क का शिलान्यास करते हुए उन्होंने लोगों से स्वदेशी अपनाने की अपील की। कुल मिलाकर उन्होंने यही संदेश दिया कि उम्र उनके लिए एक आंकड़ा भर है। वो जिस निष्ठा और समर्पण के साथ देश की सेवा कर रहे हैं, करते रहेंगे। उनके इस संकल्प ने जहां भाजपा में 75 के बाद नेताओं के रिटायरमेंट की सुगबुगाहट को भी ठंडा कर दिया है, वहीं अब तो यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या मोदी प्रधानमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल का देश के पहले प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरू का भी रिकॉर्ड तोड़ेंगे। इस देश में अब तक सबसे लंबे समय तक पीएम रहने का रिकॉर्ड पं. नेहरू और श्रीमती इंदिरा गांधी के नाम पर ही है। पं. नेहरू लगभग 17 साल तक लगातार पीएम रहे तो श्रीमती गांधी दो हिस्सो में 14 साल तक प्रधानमंत्री रहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीसरी ताजपोशी 9 जून 2024 को हुई थी। लगातार तीसरी बार शपथ लेते ही वह जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गांधी की श्रेणी में शामिल हो गए। आजादी के बाद जवाहर लाल नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री बने थे। जवाहर लाल नेहरू ने लगातार तीन बार देश की बागडोर संभाली। पंडित नेहरू 1947 से 1964 तक प्रधानमंत्री रहे। उन्होंने 16 वर्ष, 9 महीने, 13 दिनों तक प्रधानमंत्री की कुर्सी संभाली। प्रधानमंत्री पद पर रहते हुए 27 मई, 1964 को नई दिल्ली में दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी थीं। चार बार देश की प्रधानमंत्री रहीं इंदिरा ने 1966 से 1977 तक लगातार तीन कार्यकालों तक देश की सत्ता संभाली थी। 1966 में लाल बहादुर शास्त्री के निधन के बाद इंदिरा पहली बार देश की प्रधानमंत्री बनीं। 1967 में हुए चुनाव में जीत दर्ज करके उन्होंने दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद 1971 के चुनाव में जीत दर्ज करके इंदिरा ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इंदिरा ने 1975 में आपातकाल लगाया। इसके चलते जो कार्यकाल 1976 में खत्म हो सकता था वह 1977 में आपातकाल खत्म होने तक जारी रहा। उनका चौथा और अंतिम कार्यकाल 1980 से 1984 तक था। 31 अक्टूबर 1984 को इंदिरा की उनके घर के बाहर उनके दो अंगरक्षकों ने हत्या कर दी। इस तरह से इंदिरा 15 वर्ष, 11 महीने और 22 दिनों तक देश की प्रधानमंत्री रहीं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहली बार 26 मई 2014 में प्रधानमंत्री बने थे और उनके नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा अपने दम पर बहुमत के साथ सत्ता में आई थी, हालांकि उसने गठबंधन को कायम रखा था। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की ताकत और बढ़ी। तीसरा कार्यकाल पूरा करते ही तीसरे सबसे लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहने वाले नेता रहेंगे। हालांकि तीसरे कार्यकाल में भी वह इंदिरा के रिकॉर्ड की बराबरी नहीं कर पाएंगे। यानी पुराना रिकॉर्ड तोड़ने के लिए मोदी को चौथी बार भी पीएम बनना होगा या यूं कहें कि जनता को उन्हें प्रधानमंत्री बनाना होगा। वे रिटायर होंगे, इसकी संभावना न के बराबर है, क्योंकि मोदी शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से फिट हैं। सरसंघचालक डॉ.मोहन भागवत ने भी हाल में स्पष्ट कर दिया है कि राजनीति और सामाजिक क्षेत्र में रिटायरमेंट की कोई उम्र नहीं होती। देखना यह है कि मोदी का जनता पर जादू कितना कायम रहता है।

# संकट में उठने वाले सवाल और लोकतंत्र

**आजाद भारतीय राष्ट्र ऐसी केंचुआ-वृत्ति का शिकार अपने संपूर्ण इतिहास में तब भी नहीं हुआ है जब उसके पास संसाधनों की बेहद कमी थी। युद्ध हारने के बावजूद उसने अपने विचार नहीं छोड़े थे। गांधी जी ने 'हिंद स्वराज' में ठीक ही कहा है कि गुलामी संसाधनों की कमी से नहीं आती, लालच और भय से आती है। वह नैतिकता की कमी से आती है। वे कहते हैं भारत को अंग्रेजों ने गुलाम नहीं बनाया। हमने भारत उन्हें सौंप दिया। भारतीय शासक वर्ग और उसके साथ जुड़ा बौद्धिक वर्ग आज भारत को बेचने और सौंपने को तैयार है। जो चाहे, जब चाहे अपने ढंग से उसे झुका ले और खरीद ले। यह सारा खेल राष्ट्रीय हित के नाम पर हो रहा है। ध्यान देने की बात है कि ऐसा तब हो रहा है जब पूरे देश के बौद्धिक क्षितिज पर भारतीय ज्ञान परंपरा का कोहराम मचा है, हालांकि उसमें से भारतीय गणराज्य के आंतरिक मूल्यों और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने का कोई सूत्र प्रकट नहीं होता।**

**अरुण कुमार त्रिपाठी**

श्रीकांत वर्मा की एक कविता है - 'कोसल में विचारों की कमी है।' अपने समय पर जब भी नजर दौड़ाता हूं तो यह कविता गूंजती है। ऐसा नहीं है कि देश में नीतिवान, श्रुतिवान गुणज्ञों की कमी है, लेकिन वे तात्कालिकता, व्यावहारिकता, पार्टीबंदी, स्वार्थ, व्यक्तियों और कंपनियों के हितों में इस कदर उलझ गए हैं कि उनके पास न तो दिशा देने वाली विश्वदृष्टि बची है और न ही राष्ट्रीय दृष्टि। हमारे दौर की सबसे बड़ी विडंबना यही है कि धन और शक्ति वाले ही विद्वानों और बौद्धिकों का निर्धारण करते हैं और यही वजह है कि विचार करने वाले भी वही कहते हैं जो उन्हें सुहाए। जो लोग बलवानों की दृष्टि का विरोध करते हैं उनकी संख्या बहुत थोड़ी है और वे भी किसी पार्टी, किसी व्यक्ति या किसी संगठन के दायरे से आगे बढ़कर सोच पाने में अक्षम हैं।

यही वजह है कि हमारा समाज और राष्ट्र एक बेपेंदी का लोटा हो गया है। अमेरिकी झिड़की और अपमान से आहत होकर वह चीन और रूस की ओर भागता है और जैसे ही अमेरिका से थोड़ी सी अनुकूल पुचकार मिलती है वह दोगुने स्वर से उसका गुणगान करने लगता है। वह एक ओर 'ब्रिक्स' (ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका का संगठन) को साधना चाहता है तो दूसरी ओर 'क्वाड' (अमेरिका, भारत, जापान और आस्ट्रेलिया का रणनीतिक मंच) को। वह 'एससीओ' (शंघाई सहयोग संगठन) से जुड़ता है, तो द्वितीय विश्वयुद्ध की 80 वीं चीनी परेड से बच निकलता है। यानी वह खंडित विश्वदृष्टि से अपना और दुनिया का भविष्य संवारना चाहता है और विश्वगुरु भी बनना चाहता है। आजाद भारतीय राष्ट्र ऐसी केंचुआ-वृत्ति का शिकार अपने संपूर्ण इतिहास में तब भी नहीं हुआ है जब उसके पास संसाधनों की बेहद कमी थी। युद्ध हारने के बावजूद उसने अपने विचार नहीं छोड़े थे। गांधी जी ने 'हिंद स्वराज' में ठीक ही कहा है कि गुलामी संसाधनों की कमी से नहीं आती, लालच और भय से आती है। वह नैतिकता की कमी से आती है। वे कहते हैं भारत को अंग्रेजों ने गुलाम नहीं बनाया। हमने भारत उन्हें सौंप दिया। भारतीय शासक वर्ग और उसके साथ जुड़ा बौद्धिक वर्ग आज भारत को बेचने और सौंपने को तैयार है। जो चाहे, जब चाहे अपने ढंग से उसे झुका ले और खरीद ले। यह सारा खेल राष्ट्रीय हित के नाम पर हो रहा है। ध्यान देने की बात है कि ऐसा तब हो रहा है जब पूरे देश के बौद्धिक क्षितिज पर भारतीय ज्ञान परंपरा का कोहराम मचा है, हालांकि उसमें से भारतीय गणराज्य के आंतरिक मूल्यों और संप्रभुता को अक्षुण्ण रखने का कोई सूत्र प्रकट नहीं होता।

पिछले दिनों '12 वें क्रिएटिव थ्योरी कोलोकियम' में योगेंद्र यादव ने इस बात पर जोर देकर कहा कि आज हमारा गणराज्य ढह रहा है। वह जिन विचारों, मूल्यों और सिद्धांतों पर खड़ा हुआ है वे सब एक-एक कर ढहाए जा रहे हैं। इसके लिए वे ही दोषी नहीं हैं जो ठगी की राजनीति करते हैं। दोषी वे भी हैं जो विचार और सिद्धांत का निर्माण करते हैं और संविधान की बात करते हैं। सवाल उठता है कि ऐसा क्यों हो रहा है? इसे कैसे रोका जा सकता है? संकट में उठने वाले यही सवाल नए राजनीतिक विचारों और सिद्धांतों को जन्म देते हैं। आधुनिक भारत के राजनीतिक सिद्धांतकारों से उनकी शिकायत है कि वे इन आरोपों का जवाब नहीं दे पाए कि हमारा आधुनिक गणराज्य यूरोप की नकल पर खड़ा हुआ है, उसकी भारतीय जड़ें नहीं हैं। हमारे सिद्धांतकार इन आरोपों के विपरीत ऐसे विचारों की इमारत खड़ी नहीं कर पाए कि हमारे आधुनिक लोकतंत्र की संस्थाओं की जड़ें यूरोप में नहीं, 'भारतीय स्वतंत्रता संग्राम' और बीसवीं सदी के विचारकों के जीवन और सिद्धांतों में हैं। हालांकि गणतंत्र के विदेशी होने के आरोप का जवाब गांधी, आंबेडकर, लोहिया और नेहरू ने अपने-अपने ढंग से दिया है, पर हमारे सिद्धांकारों ने उसे पश्चिमी सिद्धांतों की कसौटी पर खरा उतारने पर जितना समय खर्च किया, उतना भारतीय यथार्थ और बीसवीं सदी के चिंतन पर कसने का प्रयास नहीं किया। योगेंद्र ने सही सवाल उठाया कि पश्चिम का कौन सा राजनीतिक सिद्धांतकार है जो अपनी भाषा और जमीन से पूरी तरह कटकर विचार करता है? इसीलिए भारतीय भाषाओं को त्यागकर सिद्धांत गढ़ना एक प्रकार का स्कैंडल यानी घोटाला है। यह तेवर गांधी के उस भाषण में भी था जो उन्होंने चार फरवरी 1916 को 'बनारस हिंदू विश्वविद्यालय' में दिया था। गांधी उस सभा में हिंदी में बोले थे जहां सब लोग अंग्रेजी में अपना व्याख्यान दे रहे थे। जिस भाषण को सुनने के बाद जनता गदगद हो गई थी और एनी बेसेंट से लेकर सारे मंचासीन लोग उखड़ गए थे।हमारे बीसवीं सदी के विचारकों ने जिस तरह के भारत की कल्पना की थी और उसके लिए जिस राजनीतिक परंपरा की नींव डाली और जो संविधान बनाया वह यूरोपीय तर्ज का गणतंत्र नहीं था। भले ही उसका बाहरी ढांचा कुछ यूरोपीय देशों से मिलता हो, लेकिन उसके पीछे का दर्शन अपने में अद्वितीय था। भारत जिस तरह का देश पहले था और विभाजन व आजादी के बाद उसकी जो संरचना बनी, वह भी काफी हद तक यूरोपीय मॉडल से भिन्न थी।

यूरोपीय समाज इतनी विविधता की कल्पना कर ही नहीं सकता, न ही वह इसे सह सकता है, लेकिन विडंबना है कि जिस पार्टी ने देश की आजादी और आधुनिक गणतंत्र के निर्माण की लड़ाई लड़ी, वह उन खतरों और दायित्वों के प्रति बेफिक्र हो गई जिसके बारे में हमारे पुरखों ने चेताया था। अगर ऐसा न होता तो भारत जैसे प्राकृतिक संसाधन संपन्न और विविधता वाले देश को लूटने के लिए 'उदारीकरण' की ऐसी नीति न चलाई गई होती, जिसमें लोकतंत्र पर ही सवालिया निशान लगने लगे।दूसरी ओर एक ऐसा विचार और संगठन पनपा जिसकी भारतीयता की अवधारणा यूरोपीय नकल में गढ़े गए राष्ट्र-राज्य के इतिहास और उससे निकली दृष्टि पर आधारित थी। वह एक प्रकार से हीनताबोध से ग्रसित दृष्टि है जो लगातार अपनी श्रेष्ठता साबित करने में लगी रहती है। वह राष्ट्रीय एकता की जितनी बात करती है, उतना ही उसे खंडित करती है। वास्तव में संविधान और स्वतंत्रता आंदोलन के विचारों को विदेशी नकल बताने वाले न तो भारतीय आत्म को समझते हैं और न ही स्वदेशी और स्वराज को। उनके लिए आजादी, स्वराज और स्वदेशी महज नारा है जिसका नैतिकता की बजाए रणनीति से लेना-देना है।

वे धर्म को नैतिकता और अध्यात्म से निकालकर अंधविश्वास और कट्टरता में डुबो देना चाहते हैं। इसी दृष्टि से निकला है यह दक्षिणपंथी बयान कि गांधी एक 'चालाक बनिया' था। इसी बात को वामपंथी नजरिए से गांधी को समझने में लगे लोग थोड़ा सभ्य भाषा में कहते हैं कि गांधी रणनीतिकार बड़े थे। यानी गांधी अधिक-से-अधिक चाणक्य और मैकियावेली की श्रेणी में रखे जा सकते हैं। उन्हें एक विराट नैतिक मानव और पूरी मानवता के दार्शनिक की श्रेणी में रखने का कोई मतलब नहीं है। उन्हें मसीहा मानने का भी कोई मतलब नहीं है।

मानवीय मूल्यों को जीवन का अनिवार्य विश्वास मानने की बजाय रणनीति मानने के इस चलन ने मूल्यों को धीरे-धीरे मर जाने दिया। उनकी जगह बाजार, प्रौद्योगिकी-जनित लाभ, सत्ता-जनित सुख और परपीड़ा स्थापित हो गए। हम प्रौद्योगिकी में होने वाले परिवर्तन को क्रांति और व्यवस्था परिवर्तन मानने लगे। दूसरी ओर राजनीतिक तौर पर सत्ता परिवर्तन को ही अभीष्ट मान लिया गया। सिर्फ 'हंगामा खड़ा करना' ही हमारा मकसद रह गया। 'सूरत बदलने' की कोशिशें दकियानूसी कही जाने लगीं। नतीजतन एक ओर सांप्रदायिकता हमारे गणतंत्र पर चढ़ बैठी तो दूसरी ओर जातिवाद और उन सबसे ऊपर 'याराना (क्रोनी) पूंजीवाद' हावी हो गया।

नील पोस्ट ने प्रौद्योगिकी के आगे संस्कृति यानी श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों के समर्पण की अवस्था को 'टेक्नोपोली' की संज्ञा दी है। यह वह अवस्था है जहां हर चीज प्रौद्योगिकी के सहारे तय होंगी। विश्वविद्यालयों से लेकर तमाम दूसरे संस्थानों तक फैले प्रौद्योगिकी के इस जाल ने मानवीय गुणों और रचनात्मकता को मशीन में बदल दिया है। हम ऐसी सभ्यता बन गए हैं जहां भले ही तात्कालिक रूप से हमारी विजय भी हो जाए, लेकिन जिस ढलान पर जा रहे हैं उसमें 'कोसल' अधिक दिनों तक ठहर नहीं सकता। क्योंकि 'कोसल' में विचारों की कमी है। (सप्रेस)

अध्यात्म

## कर्म कैसे फल देता है?



एक दिन एक राजा ने अपने तीन मन्त्रियो को दरबार में बुलाया, और तीनो को आज्ञा दी कि एक एक थैला ले कर बगीचे में जाएं और वहाँ से अच्छे-अच्छे फल जमा करें। तीनो अलग-अलग बाग में प्रविष्ट हो गए..

पहले मन्त्री ने प्रयास किया कि राजा के लिए उसकी पसंद के अच्छे-अच्छे तथा स्वादिष्ट फल जमा किए जाएँ, उसने काफी मेहनत के बाद बढ़िया और ताजा फलों से थैला भर लिया।

दूसरे मन्त्री ने सोचा राजा हर फल का परीक्षण तो करेगा नहीं, इस लिए उसने जल्दी-जल्दी थैला भरने में ताजा, कच्चे, गले सड़े फल भी थैले में भर लिए।

तीसरे मन्त्री ने सोचा राजा को तो सिर्फ भरे हुए थैले से ही मतलब होगा वो खोल कर देखेगा भी नहीं कि इसमें क्या है, उसने समय बचाने के लिए जल्दी-जल्दी इसमें घास, और पत्ते भर लिए और अपना समय बचाया।

दूसरे दिन राजा ने तीनों मन्त्रियो को उनके थैलों के साथ दरबार में बुलाया और उनके थैले खोल कर भी नहीं देखे और आज्ञा दी कि तीनों को उनके थैलों समेत दूर स्थान के एक जेल में 15 दिन के लिए कैद कर दिया जाए। अब जेल में उनके पास खाने पीने को कुछ भी नहीं था सिवाए उन फल से भरे थैलों के, तो जिस मन्त्री ने अच्छे-अच्छे फल जमा किये वो तो आनंद से खाता रहा और 15 दिन व्यतीत हो गए। फिर दूसरा मन्त्री जिसने ताजा, कच्चे गले सड़े फल जमा किये थे, वह कुछ दिन तो ताजा फल खाता रहा फिर उसे सड़े फल खाने पड़े, जिस से वो बीमार होगया और बहुत कष्ट उठाने पड़े। और तीसरा मन्त्री जिसने थैले में सिर्फ घास और पत्ते जमा किये थे वो कुछ ही दिनों में भूख से मर गया। अब आप अपने आप से पूछिये कि आप क्या जमा कर रहे हो? आप इस समय जीवन के बाग में हैं, जहाँ चाहें तो अच्छे कर्म जमा करें, चाहें तो बुरे कर्म, मगर याद रहे जो आप जमा करेंगे वही आपको जन्मों-जन्मों तक काम आयेगा।

# नई सदी की सबसे बड़ी चुनौती अकेलापन व अवसाद

**आपने कभी सोचा है कि अकेलापन सिर्फ एक भावनात्मक अनुभव नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए उतना ही हानिकारक हो सकता है जितना धूम्रपान या मोटापा? बुजुर्गों में यह हृदय रोग का कारण बन सकता है, और मजबूत सामाजिक संबंध मस्तिष्क के स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं। एक शोध समीक्षा बताती है कि 18 से 29 वर्ष की उम्र में अकेलापन अपने चरम पर होता है। हर तीन में से एक युवा इस अनुभव से गुजरता है, जिससे मानसिक स्वास्थ्य पर गंभीर प्रभाव पड़ता है। वास्तव में, 2024 के एक अध्ययन में पाया गया कि अकेलेपन से आत्महत्या के जोखिम को 16 गुना तक बढ़ा सकता है। यही नहीं, हार्वर्ड की एक रिपोर्ट बताती है कि 18-25 वर्ष के हर तीन में से एक युवा अकेला महसूस करता है, और उनमें से आधे से ज़्यादा ने यह माना कि उनके जीवन में उद्देश्य या अर्थ की कमी है।**

**कुमार सिद्धार्थ**

विश्व स्वास्थ्य संगठन की रिपोर्ट के अनुसार, हर साल वैश्विक स्तर पर 8 लाख लोग आत्महत्या करते हैं, जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों की संख्या इससे लगभग 20 गुना अधिक होती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन भी मानता है कि अकेलेपन और सामाजिक अलगाव की भावना आत्महत्या के प्रमुख जोखिम कारकों में से एक हो सकती है।

अब ज़रा वृद्धावस्था की ओर देखिए। शोध बताते हैं कि अकेलेपन से डिमेंशिया का खतरा 31 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। 'नेचर मेंटल हेल्थ' में प्रकाशित एक रिपोर्ट कहती है कि जो लोग अकेलेपन से जूझते हैं, उनमें भूलने की बीमारी (डिमेंशिया) होने की संभावना अधिक होती है। फ्लोरिडा स्टेट यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर मार्टिना लुचेती बताती हैं कि सामाजिक संपर्क की कमी और कम दोस्त होने से मेमोरी लॉस यानी याददाश्त खोने की समस्या बढ़ सकती है।

अब सवाल उठता है कि क्या यह सिर्फ मानसिक स्वास्थ्य तक सीमित है? नहीं। 2018 के एक अध्ययन ने दिखाया कि अकेलापन स्ट्रोक का खतरा 32 फीसदी और कोरोनरी हार्ट डिजीज का खतरा 29 फीसदी तक बढ़ा सकता है। जब लोग अकेला महसूस करते हैं, तो तनाव बढ़ जाता है, जिससे हाई बीपी और सूजन जैसी समस्याएँ जन्म लेती हैं। शोध बताते हैं कि यदि अकेलेपन को कम किया जाए, तो अवसाद के मामलों में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। इसके लिए हमें सामुदायिक और व्यक्तिगत स्तर पर सक्रिय प्रयास करने होंगे। जब कोई व्यक्ति सामुदायिक कार्यक्रमों में भाग लेता है या सामाजिक समूहों से जुड़ता है, तो वह खुद को अधिक जुड़ा हुआ महसूस करता है। मनोवैज्ञानिक परामर्श और थेरेपी भी उन लोगों के लिए फायदेमंद साबित हो सकती है, जो लंबे समय से अकेलेपन का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, डिजिटल प्लेटफार्मों का सही उपयोग करके परिवार और दोस्तों से जुड़े रहना, भावनात्मक मजबूती प्रदान कर सकता है।

ऐसे में, सामाजिक अलगाव और अकेलापन स्वास्थ्य और सामाजिक नीति अनुसंधान के महत्वपूर्ण विषय बन गए हैं।

दुनिया के कुछ देशों ने नई सदी के इस संकट को पहचाना है। अमेरिकी सरकार ने अकेलापन, सामाजिक अलगाव और सामाजिक संपर्क बढ़ाने के समाधान के लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम शुरू किया है। अमेरिकी सरकार की तरफ से पिछले साल मई में जारी एक रिपोर्ट कहती है कि महामारी से पहले भी देश के वयस्कों की लगभग आधी आबादी औसत स्तर के अकेलेपन से जूझ रही थी। डेनमार्क सरकार ने भी अकेलेपन को कम करने के लिए एक राष्ट्रीय पहल शुरू की है। इसमें सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने और सामाजिक एकांत के प्रभावों को कम करने पर जोर दिया गया है। ब्रिटेन भी 2018 में ऐसा कर चुका है। पिछले पांच वर्षों में यहां कई योजनाएं शुरू की हैं, जैसे सरकारी अस्पतालों के रिसेप्शनिस्टों को अकेलेपन से जूझ रहे मरीजों की पहचान और



उनके साथ बातचीत करने के सही तरीके बताने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अकेलेपन को एक गंभीर जन स्वास्थ्य समस्या के रूप में स्वीकार किया है, जो दुनिया की एक चौथाई आबादी को प्रभावित कर रही है। यह केवल एक सामाजिक मुद्दा नहीं, बल्कि एक ऐसी स्वास्थ्य चुनौती है, जो दीर्घकाल में कई शारीरिक और मानसिक बीमारियों को जन्म दे सकती है। इससे निपटने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सामाजिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक वैश्विक आयोग की घोषणा की। इस आयोग में कुल 11 सदस्य शामिल हैं, जिन्हें तीन महत्वपूर्ण जिम्मेदारियाँ सौंपी गई हैं वैश्विक स्तर पर सामाजिक जुड़ाव को प्राथमिकता देने के लिए एक स्पष्ट एजेंडा तैयार करना, अकेलेपन और सामाजिक अलगाव के दुष्प्रभावों को लेकर जागरूकता फैलाना, साक्ष्य-आधारित समाधानों के लिए विभिन्न देशों, संगठनों और नीति-निर्माताओं के साथ सहयोग करना।

विश्व स्वास्थ्य संगठन का यह कदम अकेलेपन को एक गंभीर स्वास्थ्य संकट के रूप में पहचानने और इसे कम करने के लिए ठोस प्रयासों को सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह आयोग दुनिया भर में सामाजिक संबंधों को मजबूत करने और मानसिक स्वास्थ्य पर इसके सकारात्मक प्रभावों को बढ़ावा देने का काम करेगा। तो, क्या भारत में भी इस दिशा में कदम उठाने की ज़रूरत है? यह सवाल इसलिए अहम है क्योंकि यहाँ अकेलापन केवल बुजुर्गों तक सीमित नहीं है, बल्कि शहरीकरण, डिजिटल लाइफस्टाइल और सोशल मीडिया की अधिकता के कारण युवा भी इससे प्रभावित हो रहे हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 50 प्रतिशत बुजुर्ग अकेलापन महसूस करते हैं, और यह उनके मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। पर इससे बचने के उपाय क्या हैं? शोध बताते हैं कि सामाजिक सहभागिता बढ़ाने से, परिवार और दोस्तों से जुड़े रहने से, मनोवैज्ञानिक परामर्श लेने से और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने से अकेलापन कम किया जा सकता है।

भारत में अकेलेपन और अवसाद से निपटने के लिए वर्तमान में कोई विशिष्ट राष्ट्रीय नीति नहीं बनी है, जबकि कई अन्य देशों ने इस दिशा में पहल की है। 2015-2016 में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा जारी 'नेशनल मेंटल हेल्थ सर्वे' में भी अकेलेपन का जिक्र नहीं किया गया। हालांकि, मानसिक स्वास्थ्य को संबोधित करने के लिए सरकार ने कई पहलें की हैं। 2017 में, 'मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम' लागू किया गया, जो मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच को सुनिश्चित करता है और मानसिक रोगियों के अधिकारों की रक्षा करता है। इसके अतिरिक्त, राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार और सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। वहीं वर्तमान में, भारत में बुजुर्गों से संबंधित दो राष्ट्रीय नीतियां मौजूद हैं, लेकिन उनमें भी अकेलेपन पर विशेष ध्यान नहीं दिया गया है। 1999 में जारी 'राष्ट्रीय बुजुर्ग नीति' में अकेलेपन का जिक्र सिर्फ एक बार हुआ है। अकेलेपन और सामाजिक अलगाव की बढ़ती समस्या को देखते हुए, भारत में भी एक समग्र नीति की आवश्यकता महसूस की जा रही है, जो मानसिक स्वास्थ्य, सामाजिक सहभागिता और सामुदायिक समर्थन को बढ़ावा देने पर केंद्रित हो। इन नीतियों में सामुदायिक जुड़ाव को प्रोत्साहित करना, मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना, और सामाजिक समर्थन नेटवर्क को मजबूत करना शामिल हो सकता है। इससे न केवल मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुँच बढ़ेगी, बल्कि समाज में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता भी बढ़ेगी। सवाल सिर्फ यह है कि हम इसके लिए कितने तैयार हैं?

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आप लोगों को अपने पक्ष में करने में सफल रहेंगे। प्रेम-सम्बन्धों का भरपूर आनन्द उठायेंगे। नये व्यापारिक अनुबन्ध निर्मित होने की सम्भावना है।

**वृषभ**

नौकरी पेशा लोगों को अपनी जॉब की चिन्ता रहेगी। कारोबार में फण्ड्स को लेकर परेशानी हो सकती है। आप घर पर अच्छा समय बितायेंगे।

**मिथुन**

कारोबार में लोग आपके आइडियाज से प्रभावित रहेंगे। दाम्पत्य सम्बन्धों में प्रगाढ़ता रहेगी। आर्थिक स्थिति में काफी अच्छा सुधार होगा।

**कर्क**

दिखावा करने की प्रवृत्ति से आपको बचना चाहिये। दाम्पत्य सम्बन्ध थोड़े कमजोर रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपका काम में मन नहीं लगेगा।

**सिंह**

आप नयी तकनीक का प्रयोग सीख सकते हैं। तकनीकी सम्बन्धी कार्यों में आपको लाभ प्राप्त होगा। ससुराल पक्ष के साथ आपके सम्बन्ध मधुर रहेंगे।

**कन्या**

सरकारी सेवा से जुड़े लोगों को पदोन्नति मिल सकती है। नयी जॉब ढूँढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। अपनी जिम्मेदारी को अच्छे से सम्भालेंगे।

**तुला**

गृहस्थ जीवन में सुख-शान्ति रहेगी। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई का काफी ध्यान रखेंगे।

**वृश्चिक**

प्रभावशाली लोगों से समस्या हो सकती है। व्यापार में उतार-चढ़ाव आने की आशंका है। जीवनसाथी के प्रति आपको निष्ठावान होना चाहिये।

**धनु**

प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिलने के काफी अच्छे योग हैं। धन की समस्या दूर होने की सम्भावना है। अपना दृष्टिकोण सकारात्मक बनाये रखें। अधिकारियों के साथ टकराव हो सकता है।

**मकर**

यदि आप कोई लोन लेना चाहते हैं तो उसमें आपको सफलता मिल सकती है। सहयोगियों का भरपूर साथ मिलेगा। प्रतिभाशाली लोगों में आपकी गिनती होगी।

**कुंभ**

अपरिचित लोगों के समक्ष भावनाओं को संयमित रखें। असन्तुलित खानपान के कारण पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें।

**मीन**

नयी जानकारियाँ प्राप्त करने में जुटे रहेंगे। विपरीत लिंग के लोग आपसे अत्यधिक आकर्षित हो सकते हैं। अपने व्यवहार में नम्रता बनाये रखें। आज आपका मूड तरोताजा रहेगा।

# चौकीदार को बंधक बनाकर जेवर दुकान में डकैती

## डकैतों ने रात 2 बजे दिया घटना को अंजाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बछवाड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत रानी-3 में गुरुवार की देर रात अज्ञात डकैतों ने चौकीदार को बंधक बनाकर भीषण डकैती को अंजाम दिया। सोना-चांदी की दुकान में धावा बोला और लाखों की संपत्ति लूट ली। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है और लोग भयभीत हैं। जानकारी के अनुसार डकैत रात करीब 2 बजे दुकान के चौकीदार पर टूट पड़े। उसके साथ जमकर मारपीट की गई। बाद में उसके हाथ-पांव बांधकर बंधक बना दिया गया। इसके बाद अपराधियों ने बेखौफ होकर दुकान का शटर तोड़ा और अंदर घुस गए। डकैतों ने दुकान के अंदर रखे लोहे के लकर को तोड़ डाला और करीब डेढ़ किलो सोने के आभूषण, 15,000 नगद, चांदी व अन्य कीमती रत्न-जवाहरात समेट लिए। चोरी की कुल राशि लाखों में आंकी जा रही है। दुकान मालिक शंभू शाह तेघड़ा निवासी ने बताया कि रोजाना की तरह उन्होंने दुकान बंद कर घर लौट गए थे। रात में मकान मालिक ने उन्हें मोबाइल से फोन कर घटना की सूचना दी। जब वे मौके पर पहुंचे तो दुकान का शटर टूटा हुआ था और अंदर रखा लकर भी क्षतिग्रस्त मिला। एसपी मनीष ने बताया कि अपराधियों की तलाश के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और डॉग स्कवाड की टीम को बुलाया गया है।

## पेट्रोल पंप मालिक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के इसफा पुल स्थित बुढी गंडक नदी में शुक्रवार को पुलिस ने एक शव को बरामद किया है। मृतक की पहचान नावकोठी स्थित अन्नपूर्णा फ्यूल सेंटर के मालिक का पति 55 वर्षीय राकेश कुमार उर्फ पिंटू सिंह उर्फ बरका माथा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह नाविक जब मछली पकड़ रहे थे तो पुल से पूरब झाड़ी और बंसी के बीच फसी लाश को देखा और इसकी सूचना ग्रामीणों और पुलिस को दी। घटनास्थल पर तत्क्षण थाना अध्यक्ष राजीव कुमार रंजन एस आई विश्वजीत कुमार, अबोध कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवान पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक की ख्याति इतनी थी कि प्रखंड के बूढ़े, बुजुर्ग, बच्चे महिलाएं एवं नवयुवकों की भीड़ दरवाजे पर देखने को उमड़ पड़ी। बताते चलें कि परिजनों की खोज मृतक की गुरुवार की रात से ही की जा रही थी सुबह में जैसे ही लाश मिली पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। मृतक गंभीर विचारवान व्यक्ति था मृतक का भाई राजेश कुमार उर्फ मिंटू सिंह ने बताया कि उनका इलाज पटना में चल रहा था वह हार्ट मरीज थे। गुरुवार को ही पटना से आ रहे थे। वह घर नहीं पहुंच पाए। मृतक के दरवाजे पर हजारों की भीड़ उमर परी घटना का कारण समाचार प्रेषण तक तक पता नहीं चल पाया है।

## खेत में फेंकी गई लावारिस मोटरसाइकिल बरामद

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मिशन के सामने सेरामपुर रोड किनारे खेत में शुक्रवार को एक लावारिस मोटरसाइकिल मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. ग्रामीणों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी. सूचना पाकर फुलवारी शरीफ थाना अध्यक्ष मोहम्मद शाहबाज आलम अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और हालात का जायजा लिया. इसके बाद जानीपुर थाना को भी जानकारी दी गई। पुलिस की जांच में पता चला कि यह मोटरसाइकिल नौबतपुर थाना क्षेत्र के एक कांड से जुड़ी हुई है। जानीपुर थाना पुलिस ने मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि नौबतपुर थाने के अनुसंधानकर्ता को सूचना दे दी गई है और मोटरसाइकिल उन्हें सौंप दी जाएगी। इस पूरे मामले में दिलचस्प मोड़ तब आया जब ग्रामीणों ने बताया कि खेत में पड़ी मोटरसाइकिल का एक चक्का भी किसी ने मौके से चुरा लिया. यानी, अपराधी वारदात के बाद मोटरसाइकिल को फेंककर भाग गए और मौके पर पहुंचे किसी शरारती तत्व ने उसका चक्का भी उड़ा लिया। घटना के बाद इलाके में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

## एक नजर

### तीन दिवसीय गैर आवासीय ट्रेनिंग आयोजित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित सभागार में समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत तीन दिवसीय गैर आवासीय ट्रेनिंग की शुरुआत की गई। ट्रेनर कमल रंजन ने चिह्नित शिक्षकों को प्रत्येक स्कूल में अध्ययनरत दिव्यांग बच्चों की पहचान करने के तौर तरीके को बताया। पहचान किये गए दिव्यांग बच्चों का स्क्रीनिंग करने, यूडायस पोर्टल पर इनरोलमेंट करने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने में सहयोग करने, इस प्रमाण पत्र से मिलने वाली सहायता, सहायक उपकरण उपलब्ध कराने, सामान्य बच्चों के साथ समाविष्ट कर बेहतर शिक्षण हेतु शिक्षण उपायों पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर समावेशी बीआरपी रौशन कुमार, नामित शिक्षक संतोष कुमार, राम सुदीन महतो, प्रवीण कुमार पासवान, राजेश कुमार, अंकित कुमार, मोहन कुमार, पूनम कुमारी, पुष्पा कुमारी, सुनीता कुमारी सहित 40 शिक्षक, शिक्षिका ने हिस्सा लियइं

### गांजा तस्करी में ड्राइवर एवं खलासी दोषी

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश महेश प्रसाद सिंह ने डंडारी थाना क्षेत्र के मेहन निवासी ड्राइवर संतोष राय एवं लखीसराय थाना क्षेत्र के पिपरिया निवासी खलासी सतवीर कुमार को अभियोजन साक्ष्य के आधार पर एन डी पी एस की धारा 20(बी)(पप)(सी), 25,29 में दोषी घोषित किया है। अभियोजन की ओर से एन डी पी एस के विशेष लोक अभियोजक बाल्मीकि महतो ने 6 साक्षियों का साक्ष्य न्यायालय में करवाया। जिन्होंने अभियोजन के मुकदमा का पूर्णतः समर्थन किया। विशेष न्यायाधीश ने अभिलेख पर उपलब्ध साक्ष्य के आधार पर अभियुक्तों को दोषी पाया। अभियुक्तगण पर आरोप है कि 5 फरवरी 2020 को समय 1 बजे दिन में गुप्त सूचना पर बलिया विश्वकर्मा मंदिर के नजदीक राष्ट्रीय उच्च पथ 31 पर खगड़िया की ओर से आता लोरी गाड़ी जिसका निबंधन संख्या डब्लू बी 19एच 6687 को रोककर बलिया थाना ले जाकर तलाशी लेने के क्रम में 38 पैकेट जिसमें 240 किलो गांजा बरामद किया। गाड़ी का ड्राइवर संतोष राय एवं खलाशी सतवीर कुमार था। सजा के बिन्दु पर सुनवायी के लिए 24 सितम्बर 2025 की तिथि न्यायालय ने मुकर्रर की है।

### गंदगी को लेकर विधायक ने उठाई आवाज

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार के एकमात्र एम्स पटना के पास गंदे जल का जमाव और अवैध पार्किंग की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है. लाखों मरीजों का प्रतिदिन यहां आना जाना होता है, लेकिन अवैध तरीके से खड़ी गाड़ियों और गंदगी के कारण मरीजों व उनके परिजनों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसी बीच हारून नगर वार्ड 9 में आवारा कुत्तों का आतंक भी बढ़ गया है। झुंड बनाकर घूम रहे कुत्तों से मोहल्ले के बच्चों और बुजुर्गों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, अल्बा कॉलोनी में बुडको की लापरवाही के कारण नाले में कचरे का जमावड़ा लग गया, जिससे जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। इन समस्याओं को लेकर विधायक गोपाल रविदास ने गंभीर चिंता जताई और मामले को प्रशासन के संज्ञान में लाया। उन्होंने एसपी (यातायात), पटना नगर निगम और नगर परिषद फुलवारी शरीफ के कार्यपालक पदाधिकारी से हस्तक्षेप कर अविलंब कार्रवाई की मांग की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान कराया जाएगा।

## राष्ट्रीय पोषण माह : अन्नप्राशन एवं गोदभराई दिवस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**फुलवारीशरीफ।** राष्ट्रीय पोषण माह 2025 के अंतर्गत शुक्रवार को फुलवारी शरीफ प्रखंड परिसर स्थित सभाकक्ष में अन्नप्राशन एवं गोदभराई दिवस का आयोजन किया गया. इस कार्यक्रम का आयोजन आईसीडीएस निदेशालय, पटना के तहत बाल विकास परियोजना कार्यालय फुलवारी शरीफ द्वारा किया गया। कार्यक्रम की सूत्रधार प्रखंड की बाल विकास परियोजना पदाधिकारी कुमारी अर्चना रहीं। मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया राहटकर शामिल हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत निदेशालय की संयुक्त सचिव भारती प्रियंबदा के संबोधन से हुई। इसके बाद राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष प्रो. अप्सरा ने महिलाओं को स्वयं एवं परिवार के स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने पर बल दिया। मुख्य अतिथि विजया राहटकर ने सभा को संबोधित करते हुए पोषण माह के महत्व और महिला सशक्तिकरण पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने सभी स्टॉल का निरीक्षण किया और क्षेत्रीय भोजन को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

## पूर्व विधायक ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** सदर विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक अमिता भूषण का मतदाताओं के बीच पदयात्रा से क्षेत्र चुनावी मोड में दिखने लगा है। पिछले पांच दिनों से पंचायतों में श्रीमती भूषण के डोर टू डोर मतदाताओं से इनके द्वारा सम्पर्क किया जा रहा है। शुक्रवार को रजौरा और जिनेदपुर पंचायत में घर घर जाकर मतदाताओं का आशीर्वाद लिया। इस दौरान स्थानीय लोगों का हुजूम ने बातचीत के दौरान बताया कि आप तो अक्सर अपने क्षेत्र के बीच ही रहती हैं। इस पांच वर्ष के बदले उससे पहले के पांच बर्ष की



चर्चा होती है। श्रीमती भूषण ने कहा की रजौरा चांदपुरा सड़क के निर्माण को आज लोग जेहन में रखे हुए हैं। विकास की जो कड़ी टूट चुकी है। उसे जोड़ना मेरी प्राथमिकता होगी। लोग अपनी समस्या से अवगत करा रहे हैं। सरकार के बिजली बिल माफी की पोल भी लोग खोल रहे हैं। पंचायत में मिल रहे स्नेह के लिए उन्होंने लोगों का आभार भी प्रकट किया। इस दौरान प्रखंड अध्यक्ष विजय सिंह, पंचायत अध्यक्ष सुरेश राय, सुरेंद्र महतो, श्रीकांत राय, हरेराम सिंह, रामानंद सिंहय बलवंत राय, रामसजीवन राय, महेंद्र चौधरी, शंभु राय, जय प्रकाश साह, चुनचुन राय, नटवर सिंह, मो इरशाद, मो डाबर खान, सिकंदर जी, मनोज शर्मा, प्रमोद यादव, गौतम कुमार, मन्नू भारती नीरज कुमार, अभय कुमार, सुधीर सिंह, मंटू तांती, फुलटूस कुमार, मुकेश कुमार, अनिल सिंह ,भोला चौधरी, सुनील साह एवं सैकड़ों ग्रामीण साथ थे।

## ऑनलाइन प्लेटफार्म पर मुफ्त या सस्ते सामानों को न करें सर्च

### बजाज फाइनेंस ने चलाया साइबर जागरुकता अभियान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** शहर के एमआरजेडी कॉलेज परिसर में शुक्रवार को नॉकआउट डिजिटल फ्राड साइबर धोखाधड़ी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें डिजिटल उपयोगकर्ताओं को विभिन्न प्रकार के खतरों और वित्त को सुरक्षित रखने के सर्वोत्तम तरीकों के बारे में जानकारी दी गई। बजाज फिनसर्व का हिस्सा बजाज फाइनेंस लिमिटेड भारत की निजी क्षेत्र की सबसे बड़ी नन-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है। नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड कार्यक्रम भारतीय रिजर्व बैंक की 2024 की

**स्मार्ट फोन से ज्यादा बनना होगा स्मार्ट**

एनबीएफसीएस के लिए धोखाधड़ी जोखिम प्रबंधन दिशानिर्देशों के अनुरूप है जो डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र को सभी के लिए सुरक्षित बनाने के लिए शीघ्र पहचान, कर्मचारी जवाबदेही और सार्वजनिक भागीदारी पर जोर देता है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों का ध्यान स्कैमर्स द्वारा किए जाने वाले सामान्य वित्तीय धोखाधड़ी की ओर आकर्षित करने पर केंद्रित है। जिसमें नकली सोशल मीडिया अकाउंट्स, व्हाट्सएप ग्रुप्स और वेबसाइट्स शामिल हैं। जो वित्तीय कंपनियों की नकल करते हैं। गलत तरीके से संबद्धता का दावा करते हैं और उनके कर्मचारियों का प्रतिरूपण करते हैं। बजाज फाइनेंस के नॉकआउट डिजिटल फ्रॉड जागरूकता अभियान के दौरान साइबर सुरक्षा पर लोगों को संबोधित करते हुए साइबर शाखा के प्रभारी पुलिस इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार विद्यांकर और सब-इंस्पेक्टर राहुल कुमार ने कहा कि यदि आप स्मार्ट फोन का इस्तेमाल करते हैं तो आपको स्मार्ट फोन से ज्यादा स्मार्ट होना होगा। उन्होंने कहा कि वर्चुअल दुनिया में आपके कंप्यूटर और मोबाइल का डाटा गूगल पर सेव हो जाते है। इसके लिए अपने फोन में अनवांटेड एप्स को ना रखें। समय समय पर अपने फोन को अपडेट करते रहे। सोशल मीडिया पर सस्ते और मुफ्त के सामान खरीदने और सर्च करने से बचना चाहिए। मोबाइल फोन पर आए ओटीपी और पिन को न ही बताना चाहिए न ही शेयर करना चाहिए। कार्यक्रम में एमआरजेडी कलेज के शिक्षक, विद्यार्थियों और शहर के गणमान्य नागरिकों ने सहभागिता की।

## मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक से की शिष्टाचार भेंट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शुक्रवार की शाम, मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. घनश्याम राय ने बिहार सरकार के उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक प्रोफ़ेसर (डॉ.) नवीन कुमार अग्रवाल से उनके कक्ष में शिष्टाचार भेंट की। कुलसचिव ने उन्हें 21 सितंबर (रविवार) को मुंगेर विश्वविद्यालय में आयोजित नैक जागरूकता कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होने के अपने पूर्व निमंत्रण की याद दिलाई। उन्होंने अपनी व्यस्तता का हवाला दिया। अन्य विशिष्ट अतिथि, बिहार सरकार, पटना के रूसा के उपाध्यक्ष, प्रोफ़ेसर कामेश्वर झा ने



पहले ही अपनी व्यस्तता के कारण आने में असमर्थता व्यक्त की थी। निदेशक महोदय ने कुलसचिव को आश्वासन दिया कि जब तक कोई अन्य आफत या व्यस्तता न हो, वे निश्चित रूप से वर्कशॉप में उपस्थित रहेंगे। गौरतलब है कि मुंगेर विश्वविद्यालय और आरडी एंड डीजे कॉलेज, मुंगेर संयुक्त रूप से एक 'नैक जागरूकता कार्यशाला' का आयोजन कर रहे हैं। पूर्णिया विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आदरणीय प्रोफ़ेसर राजनाथ यादव, निदेशक कक्ष में पहले से ही उपस्थित थे। गौरतलब है कि डॉ राय, प्रोफ़ेसर राजनाथ यादव जी के साथ पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णयाँ के कुलसचिव के रूप में दो वर्षों तक कार्य किया था। 21 मार्च, 2024 को पूर्णियाँ विश्वविद्यालय से विरमित होने के बाद, पहली बार पूर्व कुलपति से शिष्टाचार भेंट हुई। पद अस्थायी होते हैं, लेकिन व्यवहार और शिष्टाचार स्थायी होते हैं। पद आते-जाते रहते हैं, लेकिन व्यवहार और शिष्टाचार एक जैसे ही रहने चाहिए।

## जनसुराज ने चलाई बिहार बदलाव यात्रा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बरौनी।** जनसुराज पार्टी ने पूरे तेघड़ा विधानसभा में बिहार बदलाव यात्रा की शुरूआत शुक्रवार को किया। शुक्रवार को यह यात्रा बिंद टोली सिमरिया घाट से निकल कर निपनिया तक चली। इस यात्रा के मध्य में जनसुराज के नेता और कार्यकर्ता सिमरिया गाँव में भी सैकड़ो की संख्या में पदयात्रा किए। पदयात्रा के बाद राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद जनसुराज के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह भावी प्रत्याशी कुमार गौतम ने बताया कि हम दिनकर के पदचिह्नों पर चलकर इस नीतीश भाजपा की सरकार को कहना चाहते है की सिंहासन खाली करो की जनता



आती है । उन्होंने आगे यात्रा के बारे में बताया कि यह यात्रा विधानसभा के प्रत्येक गाँव से गुजरेगी। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य जनसुराज का चुनाव चिन्ह को घर घर तक पहुँचाना है। इस बिहार बदलाव यात्रा में प्रदेश कार्य समिति सदस्य आर एन सिंह, सोनू शंकर, अरविंद कुमार राय, तेघड़ा प्रखंड अध्यक्ष कृष्ण मोहन, बरौनी प्रखंड अध्यक्ष रामानुज सिंह, तेघरा नगर अध्यक्ष संतोष कुमार, अविनाश कुमार सिल्लू, मोहम्मद अंजरूल हक, अनवर हैरान, मुबारक अली, राहुल कुमार, नीतीश कुमार, मीडिया प्रभारी सोनू कुमार, हीरालाल महतो और सैकड़ो जनसुराजी कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बखरी विधानसभा में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार में डबल इंजन की सरकार में राज्य का चौतरफी विकास हुआ है। सड़क, पुल पुलिया का जाल बिछाया गया है। कृषि, शिक्षा, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य, उद्योग के क्षेत्र में आशातीत विकास हुआ है। यह पीएम मोदी तथा नीतीश कुमार के सबका साथ सबका विकास की परिकल्पना का साकार मूर्तरूप है। उक्त बातें स्थानीय सांसद सह केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शुक्रवार को नावकोठी में कहीं। मौका था बखरी विधानसभा स्तरीय एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का। उन्होंने कहा कि आज से 20 वर्ष पूर्व बेटियां स्कूल का मुंह नहीं देख पाती थी। आज नीतीश कुमार के नारी सशक्तिकरण के सपने ने साइकिल से सुन्दर पोशाकों में घर के पास स्कूल जाने का अवसर प्रदान किया है। चूल्हे पर रसोई बनाने के क्रम में जलावन व उपले से निकले धुंए से महिलायें फेफड़े तथा आंखों की बीमारी से ग्रसित हो जाती थी। पीएम उज्ज्वला योजना के तहत सबसिडी में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराकर इन्हें इन बीमारियों से निजात दिलाया है। किसान सम्मान योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित कई कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने में कोई भेदभाव नही किया गया। पूर्ववर्ती सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उनके शासन काल में शिक्षा 37 फीसदी था आज बढकर 87 फीसदी हो गया है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन की राशि 1100 रुपए, 125 यूनिट फ्री बिजली, महिला उज्ज्वला योजना के तहत घर-घर गैस सिलेंडर चूल्हा, गरीब कल्याण योजना के तहत खाद्यान्न देने सहित कई कल्याणकारी योजना धरातल पर संचालित है। पूर्ववर्ती सरकार के शासनकाल में राज्य का नहीं परिवार का विकास हुआ। मस्जिदों से वोट देने का फतवा जारी किया जाता है। यदि मस्जिदों से फतवा जारी होगा तो मंदिरों से हुंकार भरा जाएगा। चुनाव प्रत्याशी को भाग्य आजमाने का लाटरी बताते हुए कहा कि जिन्हें भी टिकट मिलेगा उन्हें पूरी ईमानदारी से जीताऊंगा। बिहार सरकार के मंत्री सुमित कुमार, अवधेश सिंह ने एनडीए सरकार की उपलब्धियों को गिनाते हुए कहा कि पांच दलों का गठबंधन में सभी क्षेत्रों में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है। धन्यवाद ज्ञापन राम शकर पासवान, अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष रूद्दल राय, संचालन भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव वर्मा ने किया। मौके पर मुखिया राष्ट्रपति कुमार, भाजपा के शिवम वत्स, शंकर राय, कंचन माला चौधरी, मीनू राम, रीता पासवान, विनोद राम, मुकेश कुमार, सहित गठबंधन के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## महिला किसान समिति की चौथी आमसभा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय अवस्थित द्वारिका पैलेस के उत्सव हांल में जयमंगला महिला किसान स्वाबलंबी सहकारी समिति लिमिटेड पहसारा का चतुर्थ वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जयमंगला एफपीओ के सीईओ गौरव कुमार तथा मंच संचालन बबिता देवी व पूजा देवी ने संयुक्त रूप से किया। पंचायती राज पदाधिकारी निधि प्रिया, स्थानीय मुखिया राष्ट्रपति कुमार, समसा पंचायत समिति सदस्य गौतम गोस्वामी डफरपुर सरपंच शांति देवी एवं सभी बीओडी सदस्यों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। सुश्री प्रिया ने कहा कि आजादी के समय 6 फीसदी महिला किसान थी, आज वह बढकर 33 फीसदी हो गई है। यह गर्व की बात है कि महिलायें कृषि क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रही है। कृषि क्षेत्र में जैविक खेती, उत्पाद को बाजार तक भेजने, प्राकृतिक पदार्थ से कीट नाशक तैयार करने, इसे कृषि क्षेत्र में उपयोग कर हानिरहित सब्जी सहित कई अन्य उत्पाद लोगों को उपलब्ध कराकर लाभ अर्जित कर रही है। समिति के अध्यक्ष सरिता देवी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का प्रगति पत्र को सभी उपस्थित शेयरधारको के बीच प्रस्तुत की तथा एफपीओ से मिलने वाले लाभ को बताया। कोषाध्यक्ष रीना देवी ने कंपनी के अडिट रिपोर्ट को प्रस्तुत किया। जिसमे पिछले वित्तीय वर्ष में कुल व्यवसाय 89 लाख 13 हजार 367 रूपए का हुआ। समिति को 172953 रूपए का लाभ हुआ है। साथ ही साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्य योजना को भी सभी के समक्ष रखा गया। मौके पर जीविका के बीपीएम मनोरंजन कुमार, किसान सलाहकार श्रवण कुमार, पंसस अजीत सिंह, प्रदान के टीम कॉडीनेटर विमल कुमार, अर्णब पॉल, रोजी अफसाना, आरिफा, शिव चंद कुमार, सौरव कुमार, अतुल रंजन कुमार,काफी संख्या में समिति के महिला सदस्यों ने शिरकत किया।

## एनसीसी भर्ती प्रक्रिया में कॉलेज के 123 छात्र-छात्राओं ने लिया भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** शुक्रवार को राम लखन सिंह यादव कॉलेज बिहारशरीफ में कमांडिंग ऑफिसर लेफ्टिनेंट कर्नल गैरी मैथ्यू के आदेशानुसार एनसीसी भर्ती प्रक्रिया आयोजित की गई। कॉलेज के एनसीसी पदाधिकारी सहायक प्राध्यापक गोपाल सिंह के नेतृत्व में हुई इस भर्ती प्रक्रिया में 102 छात्र और 21 छात्राओं ने भाग लिया। भर्ती में प्रतिभागियों को चेस्ट, हाइट, पुश-अप, सिट-अप, बीम, दौड़ और लिखित परीक्षा से गुजरना पड़ा। जो छात्र-छात्राएं सभी चरणों में बेहतर प्रदर्शन कर पाए, उनका चयन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के विश्वविद्यालय प्रतिनिधि डॉ. अनिल कुमार (ए.एन. कॉलेज) ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण



संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य डॉ. रामवतार सिंह, लेखापाल सरयू प्रसाद, प्रो. अभदेश कुमार, प्रो. संगीता सिन्हा, प्रो. शंभु प्रसाद, प्रो. प्रतिमा रॉय, प्रो. प्रियंका कुमारी, प्रो. रवि कुमार, प्रो. प्रविला कुमारी, प्रो. बलवीर कुमार, प्रो. राहुल राज, प्रो. पूनम कुमारी, लाइब्रेरियन नयन कुमार आदि उपस्थित थे।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्याः ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/699, दिनांक 18.09.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या 1, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3418, कार्य का नाम** : "सेवड़ाफुली स्टेशन में काफी पुराने हो चुके पैनल इंटरलॉकिंग स्टेशन को ईआई से बदलने" के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 49,69,476/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 99,400/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3431, कार्य का नाम** : "दक्षिण पूर्व रेलवे की ट्रेनों को चलाने वाले कर्मचारियों के लिए हावड़ा स्टेशन (नए और पुराने दोनों कॉम्प्लेक्स) में तीन टीटीई विश्राम कक्षों में ड्राइवरों/गार्डों के रनिंग रूम के समान सुविधाएं उपलब्ध कराने के प्रस्ताव" के संबंध में विद्युत (सामान्य) कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 44,11,089/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 88,200/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **क्रम सं. 3, निविदा संख्याः ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3493,** वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा की शाखा में अमृत स्टेशन स्कीम के अधीन सेवड़ाफुली स्टेशन के कमर्शियल बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के शेष हिस्से को पूरा करने, अंदरूनी कार्य और सर्कुलेटिंग एरिया के विकास के लिए विद्युत सामान्य कार्य। **निविदा मूल्य :** रु. 48,35,619/-, **बोली सुरक्षा (जमा धन राशि):** रु. 96,700/-, **पूर्णता अवधिः** 180 दिन। **समापन तिथि एवं समयः** दिनांक 13.10.2025 को 15.00 बजे (क्रम सं. 1 से 3 प्रत्येक के लिए)। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-302/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### पहाड़ी नदियां उफान पर, फसलों को नुकसान

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बगहा में मनोर और भापसा नदी में आई बाढ़ ने नौरंगिया दरदरी और पचपेड़वा गांव में धान की फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया। लगभग 25 एकड़ में लगी धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई, जिससे किसानों को आर्थिक क्षति हुई। किसान चंद्रिका महतो, राजू गुमास्ता, रामलाल महतो, बाबूलाल, संजय महतो, दीप नारायण महतो, गौतम महतो और वीरेंद्र महतो ने बताया कि बांध टूटने से नदी का तेज बहाव खेतों में घुस गया, जिससे फसलें मिट्टी में दब गईं और सिल्टेशन के कारण बर्बाद हो गईं। मंगलवार की बारिश के बाद मनोर नदी का जलस्तर बढ़ने से बांध टूटा, जिससे बाढ़ जैसे हालात बने। पंचायत मुखिया सुनील महतो ने फसल क्षति के लिए मुआवजे की मांग की है। बगहा दो प्रखंड कृषि पदाधिकारी राजकुमार जायसवाल ने बताया कि फसल नुकसान के आकलन के लिए कृषि समन्वयक को निर्देश दिए गए हैं। आकलन रिपोर्ट के आधार पर वरीय अधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र भेजा जाएगा। किसान अब सरकारी मदद और मुआवजे की उम्मीद कर रहे हैं।

### डीएम, एसपी ने संयुक्त रूप से निर्वाचन कार्य संबंधी समीक्षात्मक बैठक

**मोतिहारी / चकिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एस आर ए पी कॉलेज, चकिया के सभागार में आसन्न बिहार विधानसभा चुनाव -2025 के अवसर पर निर्वाचन कार्य संबंधी समीक्षात्मक बैठक जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संयुक्त रूप से बैठक की गई। उक्त बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा 16-कल्याणपुर एवं 17 - पीपरा विधानसभा क्षेत्र के सेक्टर पदाधिकारी एवं पुलिस सेक्टर पदाधिकारी तथा सभी थानाध्यक्षों को निर्वाचन के आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया साथ ही निर्वाचन कार्यो का जायजा लिया गया। इस बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, चकिया, भूमि सुधार उप समाहर्ता, चकिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, चकिया एवं सभी संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी व अन्य कर्मी उपस्थित थे।



### बेतिया पहुंची बसपा की जागरुकता यात्रा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की सर्वजन हिताय जागरूकता यात्रा के तहत बेतिया के मनुआपुल में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बसपा नेताओं ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 में निर्णायक भूमिका का दावा किया। बसपा के चीफ नेशनल कोऑर्डिनेटर आकाश आनंद ने कहा कि बसपा बाबा साहब अंबेडकर और कांशीराम के विचारों पर चलने वाली एकमात्र पार्टी है, जो दलित, पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती है। उन्होंने भाजपा-कांग्रेस पर गरीबों की स्थिति बिगाड़ने और संविधान बदलने की कोशिश का आरोप लगाया।केंद्रीय प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने बिहार में जंगलराज और भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए बसपा को एकमात्र विकल्प बताया। नेशनल कोऑर्डिनेटर रामजी गौतम ने मुफ्त शिक्षा, रोजगार और मजबूत कानून-व्यवस्था का वादा किया।



### स्वच्छोत्सव का आयोजन

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के तहत बेतिया समाहरणालय में स्वच्छोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ। उपविकास आयुक्त सुमित कुमार और अपर समाहर्ता कुमार रविन्द्र ने प्लेकार्ड विमोचन व गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम शुरू किया। अभियान, जो 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक 'स्वच्छोत्सव' थीम पर चल रहा है, का उद्देश्य गंदगी मुक्त स्थान, सार्वजनिक सफाई, सफाई कर्मियों की स्वास्थ्य जांच, बीमा व कल्याणकारी योजनाओं को बढ़ावा देना है। उपविकास आयुक्त ने नवरात्र को ह्नक्लीन ग्रीन उत्सवह्न के रूप में मनाने, सिंगल यूज प्लास्टिक के बजाय जूट, कपड़े या इको-फ्रेंडली सामग्री का उपयोग करने की अपील की। 25 सितंबर को ह्नएक दिन, एक घंटा, एक साथह्न राष्ट्रव्यापी श्रमदान कार्यक्रम होगा। समाहरणालय में स्वच्छता रंगोली, कचरा से कंचन थीम पर कलाकृतियां, मतदाता जागरूकता सेल्फी पॉइंट और हस्ताक्षर अभियान आयोजित हुए। कार्यक्रम में महापौर गरिमा देवी सिकरिया, विभिन्न पदाधिकारी, स्कूली छात्र-छात्राएं और नगर निगम कर्मी शामिल हुए।

### स्वच्छतोत्सव के तहत स्वच्छ रहो वोट करो का दिया गया नारा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वच्छोत्सव 2025 का आयोजन उत्साहपूर्वक हुआ। उप विकास आयुक्त सुमित कुमार ने स्वच्छता और मतदाता जागरूकता को जोड़ते हुए 'स्वच्छ रहो, वोट करो' का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत के लिए प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता अपनानी होगी और लोकतंत्र की मजबूती के लिए आगामी चुनावों में अधिकतम मतदान जरूरी है। कार्यक्रम में लोगों को स्वच्छता बनाए रखने, गंदगी न फैलाने, पर्यावरण संरक्षण और मतदान का संकल्प दिलाया गया। स्वच्छता अभियान और मतदाता जागरूकता को जोड़ने की इस पहल की सराहना हुई। इस अवसर पर महापौर गरिमा देवी सिकरिया, अपर समाहर्ता कुमार रविन्द्र, निदेशक डीआरडीए अरुण प्रकाश, वरीय उप समाहर्ता नगमा तबस्सुम, पुरुषोत्तम द्विवेदी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### जन सुराजी भुवन पटेल ने विधायक की खुली पोल

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** लूट पाट, रिश्वत खोरो को जेल में बंद कराया जाएगा उक्त बातें जन सुराज पार्टी के सम्भावित प्रत्यासी भुवन पटेल ने बिहार बदलाव यात्रा के दौरान रक्सौल में भ्रमण के दौरान कहा, उन्होंने यह बात विधायक प्रमोद कुमार सिन्हा को टारगेट करते हुए कहा कि बिहार बदलाव के साथ साथ विधायक का भी बदलाव होगा, इन्होंने पांच वर्षो के कार्य काल में विकास के नाम पर जनता को ठगने का काम किया है, सरकार के द्वारा इन्हें पांच वर्ष में बीस करोड़ रुपए मिलते हैं जहां इन्हें बीस पंचायत में कार्य करना है लेकिन रिश्वत खोरी के कारण विकास वाधित है, बिहार बदलाव यात्रा भेलाही पंचायत के मुखिया सुमन देवी ने झण्डा दिखा कर रवाना किया,जो रक्सौल विधानसभा 10 के विभिन्न पंचायतों से होकर 20 सितंबर को आदापुर पहुंच कर जन सुराजी कार्य कताओं के साथ मिलकर क्षेत्र भ्रमण करेंगे,इस बदलाव यात्रा में सैकड़ों लोग उपस्थित थे आदापुर में राहुल कुमार पासवान के नेतृत्व में बैठक भी आयोजित किए जाएंगे।



### 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' कार्यक्रम आयोजित

**एकमा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को एकमा प्रखंड के सीएनपीजी हाई स्कूल, बेनौत में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान 132 छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में छात्राओं को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई और उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की सलाह दी गई। इस अवसर पर एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ. अमरजीत सिंह, डॉ. जया कुमारी, एएनएम रीना कुमारी, रानी कुमारी, लैब टेक्नीशियन विकास कुमार, फामेर्सी रंजीत कुमार ने भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

### करंट लगने से किशोर की मौत

**तरैया (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के अरदेवा गांव में शुक्रवार को बिजली की करंट लगने से एक किशोर की मौत हो गई। मृतक उक्त गांव निवासी राजीव राम का 12 वर्षीय पुत्र अमित कुमार बताया गया है। परिजनों ने बताया कि अमित घर के बाहर खेल रहा था इसी दौरान वह बिजली के खम्बे में लगाए गए स्ट्रेक तार के सम्पर्क में आ गया, जिसमें सॉर्ट सर्किट से बिजली प्रवाहित हो रही थी। जिस कारण बिजली की करंट लगने से उसकी मौत हो गई। इधर घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। इधर घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया।

### मांझी चट्टी से बलिया मोड़ तक सड़क की स्थिति बेहद जर्जर

**मांझी (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मांझी-छपरा मुख्य मार्ग पर मांझी चट्टी से बलिया मोड़ तक सड़क की स्थिति बेहद जर्जर हो चुकी है। सड़क पर दर्जनों जगहों पर बने गड्ढों में बरसात का पानी भर जाने से आए दिन ऑटो और ठेला पलटने की घटनाएँ हो रही हैं, जिसमें यात्री और राहगीर घायल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि गड्ढों से उठने वाली धूल और कीचड़ के कारण चलना-फिरना भी मुश्किल हो गया है। लोगों ने चेतावनी दी कि सड़क की बदहाली के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा हो सकता है।

# बेतिया में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन

## 2025 चुनाव के लिए शंखनाद, 225 सीटों का लक्ष्य



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया विधानसभा क्षेत्र में स्थानीय ऑडिटोरियम में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का भव्य कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। जदयू जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा की अध्यक्षता और भाजपा जिलाध्यक्ष रुपक कुमार श्रीवास्तव के संचालन में हुए इस सम्मेलन में एनडीए ने 2025 बिहार विधानसभा चुनाव के लिए मिशन 225 का शंखनाद किया। केंद्रीय कोयला खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे, सांसद डॉ. संजय जायसवाल, बिहार की मंत्री रेणु देवी सहित कई नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया।डॉ. संजय जायसवाल ने कहा कि नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी की डबल इंजन सरकार ने बिहार में हर गरीब को आवास, बिजली, पानी और सड़क दी। उन्होंने कहा कि आज जीएमसीएच में औसतमन 1000 मरीज प्रतिदिन ओपीडी और 28 लाख महिलाओं को लखपति बनाने का दावा किया। सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि नीतीश सरकार ने बिहार में अमन-चैन और विकास की नई कहानी लिखी। उन्होंने विपक्ष पर नैतिकता खोने का आरोप लगाते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सरकार की उपलब्धियां जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। रेणु देवी ने महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर देते हुए कहा कि राजद का लालटेन युग खत्म हो चुका है। उन्होंने 125 यूनिट मुफ्त बिजली और वृद्ध-दिव्यांगों को 1100 रुपये मासिक सहायता जैसी योजनाओं की चर्चा की।कार्यक्रम को सतीश कुमार, अनिल कुमार झा, बैजु यादव, संत सिंह कुशवाहा, दीपक मिश्रा, शैलेश कुशवाहा, अशोक मिश्रा, राजकिशोर ठाकुर, दीपेंद्र सर्राफ और संतोष कुमार ने भी संबोधित किया। स्वागत राहुल चतुर्वेदी और आशीष गुप्ता ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन मुकेश मिश्रा ने किया। सम्मेलन में एनडीए की एकजुटता और नीतीश कुमार के नेतृत्व में फिर से सरकार बनाने का संकल्प दोहराया गया।

# पंचायती राज मंत्री ने की समीक्षा बैठक



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेतिया में राज्य के पंचायतीराज विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता की अध्यक्षता में पंचायती राज विभाग अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षा बैठक किया गया। मंत्री केदार गुप्ता को विभागीय अधिकारियों ने बुके देकर सम्मानित किया। बैठक में मंत्री श्री गुप्ता ने विभागीय अधिकारियों को सभी कार्यों में पारदर्शिता के साथ तेजी लाने की सख्त आदेश दिया। उक्त बैठक में सुमित कुमार, उप विकास आयुक्त, पश्चिम चम्पारण, नवीन कुमार मंत्री के आप्त सचिव, सौरव आलोक जिला पंचायत राज पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण बेतिया, मुकेश कुमार अपर मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल बेतिया, मनीष कुमार कार्यपालक अभियंता एलएईओ वन, एवं सुनील सिंह कार्यपालक अभियंता एलएईओ टू , सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सभी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी, सभी पंचायत तकनीकी सहायक, सभी लेखपाल व सभी पंचायत सचिव एवं अन्य उपस्थित थे।

# इंटरस्तरीय स्कूलों में ग्यारहवीं की त्रैमासिक एवं बारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू



**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सभी 23 इंटरस्तरीय स्कूलों में शुक्रवार से ग्यारहवीं की त्रैमासिक एवं बारहवीं की अर्द्धवार्षिक परीक्षा शुरू हुई। इस संबंध में पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9:30 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक एवं दूसरी पाली अपराह्न 2 बजे से 5.15 बजे तक संचालित हुई। पहले दिन प्रथम पाली में विज्ञान के छात्र - छात्राओं ने भौतिकी व वाणिज्य संकाय की एंटरप्रेन्योरशिप तथा कला संकाय की दर्शनशास्त्र विषय की परीक्षा हुई। वहीं, दूसरी पाली में रसायन विज्ञान, एकाउंटेंसी तथा राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। इधर, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय खड़तरी पश्चिमी के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार सुमन ने बताया कि परीक्षा कदाचार मुक्त व शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि यह परीक्षा छात्रों को स्व मूल्यांकन का अवसर प्रदान करती है। मौके पर शिक्षक संतोष कुमार, राघवेंद्र कुमार, यमुनाकांत मिश्रा, खालिद हसमुल्लाह, हरि प्रकाश, चंद्रिका कुमार, आदित्य राज, दिवाकर कुमार, सरताज अहमद, जितेंद्र कुमार, शिक्षिका पल्लवी प्रिया, नूतन प्रिया, नंदिता कुमारी, लिपिक विनोद कुमार सहित सभी शिक्षक - शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### दहवा में पुलिस पर हमला

बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। धनहा थाना क्षेत्र के दहवा गांव में गुरुवार की रात यूपी पुलिस के सहयोग के लिए गए धनहा थाना के पुलिस पर आरोपियों ने हमला कर दिया। टीम पर हुई हमला के मामले में पुलिस पूछताछ में जुट गई है। वही आरोपियों की धर पकड़ के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही हैं।पुलिस अधीक्षक बगहा द्वारा शुक्रवार को घटना स्थल का जांच किया गया। एवं पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। घटना स्थल की जांच करते हुए एसपी सुशांत कुमार सरोज ने बताया कि, उत्तर प्रदेश के कुशीनगर जिला अंतर्गत कप्तानगंज थाना की पुलिस वारंट तामील करने दहवा आई थी। जिसका सहयोग के लिए एसआई प्रमोद कुमार गए थे। उन्होंने बताया कि वारंट तामीला के दौरान रुस्तम अंसारी एवं उसके तीन भाई सहित अन्य लोग पुलिस पर हमला बोल दिया। जिसमें प्रमोद कुमार गंभीर रूप से घायल हो

# चिरैया के 23 सीआरसी केंद्रों पर हो रहा है अर्द्धवार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य



**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद बिहार पटना के निर्देश पर कक्षा पहली से आठवीं तक के अर्द्धवार्षिक परीक्षा का मूल्यांकन कार्य प्रखंड के 23 केंद्रों पर किया जा रहा है है। इस संबंध में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने बताया कि मूल्यांकन को लेकर 410 शिक्षकों को परीक्षक के रूप में विभिन्न कॉम्पलेक्स रिसोर्स सेंटर (सीआरसी) में प्रतिनियुक्त किया गया है। वही सभी एचएम को निर्देश दिया गया है कि मूल्यांकन कार्य को लेकर विद्यालयों में कक्षाएं बाधित नही हो। वही पीएम श्री महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चिरैया कोठी के प्रधानाध्यापक सह सीआरसी के मूल्यांकन निदेशक प्यारे सतीश कुमार सिंह ने बताया कि उक्त केंद्र पर 15 शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिनके द्वारा पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 4 बजे तक मूल्यांकन का कार्य किया जाता है। जो विगत 16 सितम्बर से शुरू होकर आगामी 26 सितम्बर तक किया जाएगा। इससे पूर्व मूल्यांकन की तिथि 20 सितम्बर तक ही निर्धारित थी। जिसे विस्तारित कर 26 सितम्बर कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षक को प्रत्येक दिन कम से कम 60 व्यवहृत उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना है। सभी परीक्षक को मूल्यांकन कार्य हेतु लाल स्याही वाले कलम का जबकि प्रधान परीक्षक को हरे रंग के स्याही वाले कलम का उपयोग करने का निर्देश दिया गया है। उक्त केंद्र पर प्रधान परीक्षक के रूप में शिक्षक अजित बैठा, शिक्षिका फूल कुमारी, नीलम कुमारी, किरण कुमारी, विभा कुमारी, मो. कलीमुल्लाह, मंगनी राय, गणेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

# स्वच्छता रैली को जिलाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना






**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्वच्छता ही सेवा-25 कार्यक्रम का शुभारंभ समाहरणालय मोतिहारी के मुख्य प्रवेश द्वार से की गई जहां जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल,अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिंहा,एडीएम पीजी आर ओ शैलेंद्र कुमार भारती एवं उप विकास आयुक्त डॉ. प्रदीप कुमार के द्वारा स्वच्छता रैली को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। रैली में डीआरडीए के सभी कर्मी गण सहित बड़ी संख्या में स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया। रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा स्वस्थ रहने के लिए स्वच्छता बहुत ही जरूरी है। इसका कोई दूसरा विकल्प नहीं है। स्वच्छ वातावरण में ही संतुलित मानसिकता का विकास होता है। रैली को हरी झंडी दिखाने से पूर्व जिलाधिकारी के द्वारा स्वच्छता ही सेवा 2025 संबंधी शपथ दिलाई गई जिसका मूल था- मैं स्वच्छता ही सेवा अभियान में सक्रिय रूप से भाग लूंगा एवं पूर्वी चंपारण के जनमानस को स्वच्छता अपनाने हेतु प्रेरित करूंगा। अपने जिले के ग्राम पंचायत एवं शहरों को खुले शौच से मुक्ति, प्लास्टिक कचरा, गंदगी एवं जल जमाव से मुक्त रखने का सतत प्रयास करूंगा। प्रत्येक घर में कचरा अलग-अलग करने, घर घर से कचरा उठाने तथा जैविक अपशिष्ट से कंपोस्ट बनाने के लिए लोगों को जागरूक करूंगा। इस अभियान का शुभारंभ करते हुए बताया गया कि यह अभियान आज से लेकर आगामी 2 अक्टूबर (गांधी जयंती)तक लगातार चलेगा और इस दौरान विविध गतिविधियां संपन्न कराई जाएगी ' इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी राजन कुमार गिरी,जिला जनसंपर्क पदाधिकारी ज्ञानेश्वर प्रकाश,निदेशक डीआरडीए डॉक्टर कुंदन कुमार एवं जयराम चौरसिया, स्वच्छता के जिला समन्वयक गौतम कुमार सहित जिला स्वच्छता मिशन से जुड़े अन्य पदाधिकारी/कर्मी तथा डीआरडीए के सभी कर्मी गण उपस्थित थे।

# जाम की समस्या को लेकर व्यवसायियों एवं प्रशासनिक पदाधिकारी की हुई बैठक

## खुले में मीट मछली बेचने वाले को किया जाएगा चिन्हित

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी होने वाले महापर्व दुगार्पूजा,दीपावली एवं छठ पर शहर में जाम की समस्या से निजात दिलाने तथा अन्य समस्याओं को लेकर सीओ आंनद कुमार की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजन प्रखंड सभागार में किया गया.बैठक में बाजार में भीड़ भाड़ एवं जाम की समस्या से निजात पाने की समस्याओं पर चर्चा की गयी. जिसमे स्थानीय थानाध्यक्ष संजीव कुमार,20 वी बटालियन एसएसबी भंगहा के अस्सिटेंट कमाण्डेन्ट अमित कुमार,71 वी बटालियन जमुनिया के इंस्पेक्टर राजनदंन एवं चैम्बर ऑफ कमर्स के प्रमुख सदस्य शामिल हुए. सभी ने बारी बारी से समस्या एवं सुझावों रखा.सीओ श्री कुमार ने दुकानदारों को सड़क किनारे बोर्ड या समान नही रखने का निर्देश दिया. सड़क को अतिक्रमण मुक्त रखने का सुझाव दिया.नवरात्र से लेकर छठ पर्व तक शहर में चार चक्का वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने हेतु शीघ्र पत्र जारी करने की बात कही गई.रेलवे ढाला, भगत सिंह चौक,वीरता चौक एवं मदरसा चौक पर पुलिस के साथ एसएसबी के सहयोग से विधि व्यवस्था निर्धारित किया जाएगा. व्यवसायियो ने रेलवे ढाला के समीप मास मछली के दुर्गंध की समस्या को जोर-शोर से उठाया.जिसपर सभी पदाधिकारियों ने कड़ी करवाई करने की बात बतायी साथ ही तुरंत पुलिस बल के साथ वहां पहुंच कर स्थिति को देखा. सड़क पर गिर रहे मछली के पानी के दुर्गन्ध देख पदाधिकारी भी हैरान रह गये. सभी दुकानदारों पर विधिसम्मत करवाई करने की बात बतायी गयी.सीओ ने बताया कि एक दो दिनों के अंदर शहर के सभी छोटे बड़े व्यवसाईयों के साथ एक बैठक आयोजित की जाएगी. जिसमे अन्य कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ पर चर्चा होगी. बैठक में चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष संतोष जायसवाल,रंजीत अग्रवाल,आनंद कुमार,राजन जायसवाल,जयंत कुमार जितेंद्र कुमार, विश्व हिंदू परिषद के सूरज कुमार सहित अंचल के अन्य कर्मी आदि मौजूद रहें।




# युवक की गला रेतकर हत्या, जांच में जुटी पुलिस



**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर थाना के लौकरिया गाव में एक युवक की गला रेत हत्या कर दी गयी है।युवक की पहचान नरकटियागंज हरदिया वार्ड 20 निवासी छोटन तिवारी के पुत्र सौरव कुमार के रूप में की गई है।घटना की सूचना पर थनाध्यक्ष ज्वाला सिंह सदल बल घटना स्थल पहुचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बेतिया जीएमसीएच भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। युवक का गला रेता गया है। और गला समेत अन्य जगहों पर चाकू से गोदने के निशान भी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना के कारण स्पष्ट हो सकेगा। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सौरभ का प्रेम विवाह हुआ था। विवाह के बाद वह पटना रहता था। एक सप्ताह पहले ही वह घर आया था।गुरुवार की रात्रि में मैसेज आने पर वह घर से निकला और शुक्रवार की दोपहर परिजनों को शव मिलने की जानकारी मिली। परिजनों ने हत्या कर शव फेंक दिए जाने की बात बताई है। थानाध्यक्ष ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना की हर पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होने बताया कि शव मिलने की जगह के कुछ दूरी पर चार प्लास्टिक के ग्लास व एक टेट्रा पैक शराब का रैपर मिला है।प्रतीत हो रहा है कि हत्या के पहले हमलावरों ने युवक को शराब पिलाई थी।उन्होने बताया कि घटना के हरेक पहलू की जांच पड़ताल करते हुए कार्रवाई की जा रही है।

# बीएसएफ मुख्यालय पंजाब में हिन्दी की प्रभावशीलता पर डॉ. हरेंद्र सिंह ने दिए व्याख्यान

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सीपीएस समूह, छपरा के चेयरमैन डॉ. हरेंद्र सिंह ने 158 बटालियन बीएसएफ, पंजाब मुख्यालय के प्रशासनिक अधिकारियों को ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने 'प्रशासनिक कार्यो में हिन्दी की प्रभावशीलता' विषय पर व्याख्यान देते हुए प्रशासनिक कार्यों में हिन्दी की प्रासंगिकता, उसकी सरलता और जन-जन तक संदेश पहुँचाने की क्षमता पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ. सिंह ने कहा कि हिंदी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि मातृभूमि की आत्मा है। सीमा प्रहरियों और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हिंदी की शक्ति पर विचार साझा करना उनके जीवन का अविस्मरणीय अनुभव है। उन्होंने राष्ट्रभाषा और राजभाषा के अंतर को स्पष्ट करते हुए हिंदी के इतिहास और इसके वैश्विक स्वरूप की चर्चा भी की। उन्होंने बताया कि हिंदी न केवल भारत में, बल्कि लगभग 12 देशों में बोली और समझी जाती है और यह वैश्विक संपर्क भाषा के रूप में भी उभर रही है। सत्र के दौरान बीएसएफ अधिकारियों ने भी अपने विचार साझा किए और प्रशासनिक कार्यों में हिंदी के प्रयोग को और अधिक प्रभावी बनाने की प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम के समापन पर डिप्टी कमांडेंट मनोज कुमार चौबे सहित अन्य अधिकारियों ने डॉ. सिंह का आभार जताया और उनके विचारों को प्रेरणादायी बताया।

### पीजी थर्ड सेमेस्टर परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि बढ़ाने की मांग

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक संगठन भारतीय युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा ने जयप्रकाश विश्वविद्यालय के पीजी सत्र 2022-24 के तृतीय सेमेस्टर परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि बढ़ाने की मांग की है। शुक्रवार को संगठन के अध्यक्ष अमित नयन और सह-सचिव सुमित कुमार सिंह ने परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर अशोक कुमार मिश्र को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि तकनीकी समस्या के कारण बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं का आवेदन विश्वविद्यालय पोर्टल पर स्वीकार नहीं हो पा रहा है। संगठन के अध्यक्ष अमित नयन ने कहा कि खासकर नॉन कॉलेजिएट छात्रों के आवेदन विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर सबमिट नहीं हो रहे हैं।

# कक्षाओं में लगेगा क्यूआर कोड, 'सारण गुरु डिजिटल दुनिया' से बच्चों की पढ़ाई होगी आसान



**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और विद्यार्थियों तक गुणात्मक शैक्षिक सामग्री पहुँचाने के उद्देश्य से सारण जिले में 'सारण गुरु डिजिटल दुनिया' नामक यूट्यूब चैनल की शुरूआत की गई है। यह पहल जिला पदाधिकारी के दिशा-निर्देश पर की गई है। चैनल के माध्यम से बच्चों को विभिन्न विषयों की विशेष शिक्षण-अधिगम सामग्री, प्रेरणात्मक प्रसंग और उपयोगी जानकारियाँ उपलब्ध कराई जाएंगी। जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (माध्यमिक शिक्षा) अजीत अमर हरिजन ने शुक्रवार को सभी प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि चैनल का लिंक और क्यूआर कोड विद्यालय परिसर तथा प्रत्येक कक्षा में प्रदर्शित किया जाए, ताकि बच्चे आसानी से इसका लाभ उठा सकें। साथ ही शिक्षकों को प्रतिदिन कम से कम एक विषय का वीडियो देखकर कक्षा संचालन में इसका उपयोग करने का निर्देश दिया गया है।

**शिक्षक न होने पर भी पढ़ाई नहीं रुकेगी**

निर्देश में यह भी कहा गया है कि यदि किसी विद्यालय में किसी विषय का शिक्षक उपलब्ध न हो, तो उस विषय की पढ़ाई स्मार्ट क्लास के माध्यम से इसी चैनल से कराई जाए। इससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित नहीं होगी। चैनल की गुणवत्ता और उपयोगिता को और बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों व प्रधानाध्यापकों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए हैं। नोडल शिक्षक नसीम अख्तर ने कहा कि 'सारण गुरु डिजिटल दुनिया' बच्चों की पढ़ाई को रोचक और सहज बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। इसके माध्यम से शिक्षा को आधुनिक और सुलभ बनाने में मदद मिलेगी। चैनल के संचालन में उनकी भी सक्रिय भूमिका रहेगी।

# जिलाधिकारी ने पूजा पंडालों का लिया जायजा

**जहानाबाद में दुर्गा पूजा को लेकर जिला प्रशासन सतर्क**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले में दुर्गा पूजा का पर्व नजदीक आते ही प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। पूजा की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करने के लिए जिलाधिकारी, एसडीपीओ, एसडीएम समेत वरीय पदाधिकारी गुरुवार को ठाकुरबाड़ी पहुंचे, जहां उन्होंने दुर्गा पूजा समिति के सदस्यों से मुलाकात कर तैयारियों का जायजा लिया। अधिकारियों ने दुर्गापूजा समिति के सदस्यों से दुर्गापूजा की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्था पर बातचीत कर कई आवश्यक दिशा-निर्देश पुलिस और अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा जिले का प्रमुख पर्व है, जिसे शांति और सद्भाव के माहौल में संपन्न कराना प्रशासन और समाज, दोनों की जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने पूजा पंडालों में सुरक्षा इंतज़ाम पुख्ता करने का निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने सभी प्रमुख स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, बैरिकेडिंग करने और महिला व पुरुष श्रद्धालुओं के लिए अलग-अलग दर्शन पंक्तियों की व्यवस्था करने का निर्देश दिए। मौके पर उन्होंने भीड़ नियंत्रण के लिए ऐरो मार्किंग और प्रवेश-निकास मार्ग सुनिश्चित करने पर भी बल दिया।

ठाकुरबाड़ी इलाके में पूजा पंडालों के निरीक्षण के क्रम में मूर्ति विसर्जन को लेकर प्रशासन और दुर्गापूजा समिति के सदस्यों के बीच विस्तृत चर्चा हुई। अधिकारियों ने विसर्जन और जुलूस के लिए रोड मैप तैयार करने और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती पर जोर दिया। वहीं मेला स्थल का भी चिन्हांकन किया गया ताकि यातायात और आम लोगों को परेशानी न हो। इस दौरान प्रशासन ने निर्देश दिया कि रात्रि 10 बजे के बाद लाउडस्पीकर का इस्तेमाल न किया जाए। साथ ही, स्थानीय नागरिकों से भी शांति और अनुशासन बनाए रखने की अपील की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि पर्व का आनंद तभी संभव है जब सौहार्द और भाईचारा कायम रहे।



**प्रशासन से सहयोग का आश्वासन**

अधिकारियों ने समिति को भरोसा दिलाया कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर प्रशासन हर संभव सहयोग करेगा। जिलाधिकारी ने मूर्ति निर्माण स्थलों का भी निरीक्षण किया और कारीगरों को दिशा-निर्देश दिए। बताया जाता है कि दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने जिलेभर में सुरक्षा की रूपरेखा तैयार कर ली है। गश्ती दल, मजिस्ट्रेटों की तैनाती और एंटी-रायट टीम की व्यवस्था भी की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इस बार का दुर्गा पूजा पूर्ण शांति, उल्लास और सुरक्षित माहौल में संपन्न होगा। इस निरीक्षण और दिशा-निर्देश के बाद लोगों में विश्वास और उत्साह दोनों बढ़ा है। जिला प्रशासन ने दुर्गा पूजा समिति से अपील की है कि वे सरकार और प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देश और गाइडलाइन का पालन करें तथा इस पर्व को "शांति, सुरक्षा और सौहार्द" का प्रतीक बनाएं।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर एक साथ मनाया अन्नप्राशन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखंड के कोहरा पंचायत में अन्नप्राशन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पिरामल फाउंडेशन की गांधी फेलो (बैच–18) काजल सुथार भी उपस्थित रहीं। इस दौरान कोहरा ग्राम के सभी चारों आंगनवाड़ी केंद्रों का अन्नप्राशन एक साथ आंगनबाड़ी कोड-45 पर आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुल 17 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया, जो छह महीने पूरे कर चुके थे। कार्यक्रम में सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता और स्थानीय ग्रामीण भी शामिल हुए। इस अवसर पर कार्यक्रम में शामिल पंचायत के मुखिया ने अपने संबोधन में अन्नप्राशन संस्कार के महत्व को बताया और इसे बच्चों के स्वस्थ भविष्य के लिए आवश्यक कदम बताया। वहीं, गांधी फेलो काजल सुथार ने इस मौके पर सरकार द्वारा चलाए जा रहे "पोषण माह" और "स्वस्थ नारी सशक्त परिवार" के बारे में जानकारी दी। इस दौरान लोगों ने बताया कि हालांकि अन्नप्राशन एक छोटी सी गतिविधि है, लेकिन इसका प्रभाव बहुत बड़ा है क्योंकि यह बच्चे के स्वस्थ जीवन और पोषण यात्रा की शुरुआत को दर्शाता है।

## डॉ पीसी चौरसिया को मिला प्रभारी प्राचार्य का पदभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दनियावां (पटना)।** दनियावां-हिलसा मार्ग पर अवस्थित श्रीचंद उदासीन महाविद्यालय, हिलसा में दर्शन शास्त्र के प्राध्यापक डॉ प्रकाशचंद्र चौरसिया को प्रभारी प्राचार्य के रूप में पदभार सौंपा गया है। विदित है कि इस महाविद्यालय में कार्यरत पूर्व प्रभारी प्राचार्य प्रो0 (डॉ) गजेंद्र प्रसाद गदकर का चयन विश्वविद्यालय सेवा आयोग द्वारा प्राचार्य के पद पर ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में हो जाने पर यह पद खाली हो गया था। वहां जाने के पूर्व डॉ0 गजेंद्र ने महाविद्यालय के वरीय प्राध्यापक डॉ चौरसिया को अधिसूचना जारी कर यह दायित्व सौंपा। वर्तमान में वे महाविद्यालय के वितेक्षक पद व सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उनके पदभार संभालने पर महाविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों ने पुष्प गुच्छ देकर अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी और आशा व्यक्त किया की उनकी अगुवाई में कॉलेज परिवार अपनी नई ऊंचाई को प्राप्त करेगा।

## विधानसभा चुनाव में दिव्यांगजनों की शत-प्रतिशत भागीदारी को लेकर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव में दिव्यांगजनों की शत-प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एसोसिएशन ऑफ पर्सन्स विथ डिसेबिलिटीज़ (एपीडी) की राष्ट्रीय टीम जहानाबाद पहुंची। अतिथि गृह में स्थानीय पदाधिकारियों और दिव्यांगजनों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार मिश्रा "कवि जी" एवं कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव प्रसाद का फूल-मालाओं और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच गर्मजोशी से स्वागत किया। स्वागत समारोह में दिव्यांगजन उत्साह और उमंग से सराबोर नज़र आए।अतिथि गृह से रवाना होने के बाद राष्ट्रीय टीम काको प्रखंड कार्यालय सभागार पहुंची, जहाँ विशेष जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रवीण कुमार मिश्रा "कवि जी" ने कहा कि चुनाव आयोग का स्पष्ट निर्देश है कि कोई भी मतदाता, खासकर दिव्यांगजन, मताधिकार से वंचित न रहे। उन्होंने कहा, "लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब समाज का हर वर्ग अपनी सक्रिय भागीदारी निभाए। दिव्यांगजन मतदान के दिन उत्साहपूर्वक अपने-अपने बूथ पर पहुंचें और अपनी उपस्थिति दर्ज कराएं, यही लोकतंत्र की असली ताक़त है।" राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष हरदेव प्रसाद ने भी दिव्यांग मतदाताओं को जागरूक करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नवीन कुमार, मीडिया प्रभारी यशु पाल, महिला प्रकोष्ठ की अंजू कुमारी सहित सैकड़ों दिव्यांगजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने चिंता जताई कि अब भी बड़ी संख्या में दिव्यांगजन चुनाव में मतदान नहीं कर पाते, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए एक गंभीर चुनौती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि इस बार जहानाबाद ही नहीं बल्कि पूरे बिहार में यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी दिव्यांगजन अपने मताधिकार से वंचित न रह जाए।



## विधायक ने अम्बेडकर पुस्तकालय भवन का किया उदघाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के मखदुमपुर प्रखंड के बेला बिर्रा पंचायत के बिर्रा गांव में स्थानीय विधायक सतीश कुमार दास ने अपने क्षेत्र के विकास मद से निर्मित पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव मुख्यमंत्री बनने के बाद हर जिला मुख्यालय में बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा लगाने का कार्य किया था और जब मुझे विधायक बनने का मौका मिला तो मैं अंबेडकर पुस्तकालय के माध्यम से गांव-गांव तक बाबा साहब के सपने को साकार करने का प्रयास कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि जीवित अवस्था में बाबा साहब को देखने का मौका तो उन्हें नहीं मिला लेकिन मैं जब भी राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव से मिलता हूं तो उनमें बाबा साहब की झलक देखने को मिलती है। उनके प्रयासों का ही नतीजा है कि आज समाज के हर तबके के लोग राजनीति के शिखर पर हैं। विधायक ने उपस्थित लोगों को कहा कि शिक्षा से ही विकास संभव है। समाज के अंतिम तबको को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए ही उन्होंने हर पंचायत में पुस्तकालय निर्माण करने की योजना बनाई ताकि गरीब गुरबों के बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने में किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो। उन्होंने लोगों से वादा किया कि पुस्तकालय निर्माण के बाद उनकी अगली योजना पुस्तकालय में पठन-पाठन की व्यवस्था सुनिश्चित करनी है। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं से अपील करते हुए कहा कि दुख तकलीफ सहकर भी अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाएं। इस मौके पर राजद नेता शारिक फतह, ललन यादव, उपेंद्र यादव, रमन कुमार दास, राहुल कुमार, कारू यादव, बबलू यादव एवं संतोष कुमार समेत गांव के काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।



## डीएम ने जनता दरबार में शिकायतों का किया निष्पादन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय की अध्यक्षता मे उनके कार्यालय प्रकोष्ठ मे तथा अन्य पदाधिकारियों द्वारा समाहरणालय स्थित ग्राम प्लेक्स भवन में जनता दरबार का आयोजन किया गया, जिसमे सभी विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए नागरिकों की समस्याओं को सुना गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनता दरबार में कुल 74 आवेदन प्राप्त हुए, जो मुख्य रूप से जनसुविधाओं से संबंधित थे। जिन मामलों का निवारण तत्काल संभव था, उन्हें वहीं उपस्थित संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देशित कर समाधान हेतु कार्रवाई आरंभ करवाई गई। जबकि जिन मामलों की सुनवाई जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के अधीन है, उन्हें विधि अनुसार लोक शिकायत निवारण कार्यालय को भेजा गया। शुक्रवार को आयोजित जनता दरबार में अपर समाहर्ता सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार, अपर समाहर्ता अनिल कुमार सिन्हा, अपर समाहर्ता, विभागीय जांच विनय कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता राहुल कुमार, जिला भू अर्जन पदाधिकारी चंद्र किशोर, वरीय उप समाहर्ता नेहा कुमारी सहित अन्य विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि सभी प्राप्त आवेदनों का शीघ्र, पारदर्शी एवं प्राथमिकता के आधार पर निवारण सुनिश्चित किया जाएगा।




## 20 सितंबर को सीएचसी में रक्तदान शिविर, निकाली जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज।** मिशन जिंदगी के तहत जिला प्रशासन के निर्देशानुसार रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 सितंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी को लेकर शुक्रवार को शहर में भव्य जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को रक्तदान के महत्व से अवगत कराया गया और शिविर को सफल बनाने के लिए आमजन से अपील की गई। इस दौरान प्रभारी सदर अस्पताल उपाधीक्षक डॉ. अरविंद कुमार सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. लालजी यादव एवं प्रभारी प्रबंधक विकास कुमार सिंह ने बताया कि शिविर के लिए पंजाब नेशनल बैंक, एसबीआई, एचडीएफसी, एक्सिस बैंक, रफीगंज थाना, ब्लॉक के पदाधिकारी-कर्मी, समाजसेवी, बुद्धिजीवी एवं स्थानीय लोगों से संपर्क कर सहयोग की अपील की गई है। डॉ. अरविंद ने कहा कि "दुनिया की हर चीज कृत्रिम रूप से तैयार हो सकती है, लेकिन रक्त का कोई विकल्प नहीं है। आपके छोटे से प्रयास से किसी की जिंदगी बचाई जा सकती है।" वहीं स्वास्थ्य प्रबंधक विकास कुमार ने कहा कि रक्त किसी फैक्ट्री में नहीं बनता। थैलिसीमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित बच्चों को प्रतिदिन रक्त की आवश्यकता होती है। ऐसे में सक्षम लोगों को आगे आकर नियमित रक्तदान करना चाहिए। इस अवसर पर बीसीएम शनि कुमार, छात्र नेता हार्दिक सिंह राजपूत समेत एनसीसी के दर्जनों छात्र मौजूद रहे।

## अब पैदल चलने लायक भी नहीं रह गया सुही ग्रामीण पथ

**गिट्टियां बिखर कर चली गई किनारे**
**सड़क की मरम्मति के प्रति अधिकारियों का नहीं है ध्यान**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** अंबा-नवीनगर पथ के सूही मोड़ से सूही गांव जाने वाली पक्की सड़क अत्यंत ही जर्जर हो गई है। वर्तमान में अब उक्त पथ पैदल आवागमन करने लायक भी नहीं रह गया है। सड़क पर बिछाई गई गिट्टियां उखड़ बिखर कर किनारे खेत में चली गई है। सड़क के बीच खतरनाक गढ़े उभर आए हैं। यहां तक की हर टनग जानलेवा साबित हो रही है। आए दिन साइकिल व बाइक चालक टूटी-फूटी सड़क स्लिप कर गिरते पड़ते और दुर्घटनाग्रस्त होते नजर आते है। विकास के इस दौर में जर्जर सड़क को देखकर यात्री मार्ग के अस्तित्व पर उंगलिया उठा रहें हैं। स्थानीय ग्रामीण सुखदेव यादव, रमेश मेहता, ब्रजमोहन यादव और विनोद पाठक कहते हैं कि सड़क निर्माण के बाद मरम्मति के नाम पर यदा-कदा सिर्फ खानापूर्ति हुई है। इधर मेंटेनेंस कार्य एजेंसी कहां चला गया उसका पत्ता नहीं है इसके बावजूद भी अधिकारी व जनप्रतिनिधी सड़क की दीन दशा देखकर भी चुप्पी साधे हुए हैं। हालांकि सड़क मरम्मत कराने के लिए ग्रामीणो ने कई बार विभाग का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है, फिर भी पहल नहीं की गई। लंबे अर्से से ग्रामीण जर्जर सड़क के मरम्मत का बाट जोह रहे हैं। सड़क के वजूद समाप्त होने से ग्रामीणो को चिता सता रही है।



**पांच वर्ष तक का है मरम्मत का प्रावधान**

सूही गांव की सड़क ग्रामीण कार्य विभाग प्रमंडल औरंगाबाद के देखरेख में वर्ष 2020 में एसआर योजना के तहत बनाई गई थी। इस क्रम में सड़क के किनारे एक बोर्ड भी लगाया गया था, जिस पर डिफेक्टिव लेबिल्टी पीरियड पांच वर्ष तक निर्धारित किया गया है। साथ ही वर्ष में एक बार घांस और झाड़ियो की छटाई, नालियों का पुनर्स्थापना, सोल्डर का अनुरक्षण, पॉट हॉल की मरम्मती और क्रैक का सिलिग कार्य करने का प्रावधान तय किया गया था। इसके साथ ही वर्ष में दो बार क्रॉस ड्रेनेज व नाली का अनुरक्षण किया जाना है। आवश्यकतानुसार सीडी कार्य के पारापेट की रंगाई व पुताई किया जाना था। कार्य एजेंसी द्वारा सारे नियमों को ताक पर रखकर अनदेखी की जा रही है। जानकार बताते है कि मरम्मत के वक्त यह भी ख्याल नहीं रखा गया है कि पानी में डाला जाने वाला तारकोल एक पल भी सड़क को सुरक्षित नहीं कर सकेगा। स्थानीय लोगों ने सड़क मरम्मति की मांग की है। सड़क की मरम्मत कराने की मांग की है।

## रफीगंज सीएचसी में चिकित्सक और एम्बुलेंस का अभाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज में चिकित्सकों और एम्बुलेंस की कमी ने मरीजों की परेशानी को बढ़ा दिया है। हालात यह हैं कि प्रतिदिन करीब चार सौ बाह्य रोगी इलाज के लिए यहां पहुंचते हैं, लेकिन चिकित्सकों के अभाव में उन्हें घंटों कतार में खड़ा रहना पड़ता है। आलम यह है कि मरीज सुबह आठ बजे से लाइन में लग जाते हैं, और दोपहर तक बारी आने का इंतजार करते रहते हैं। कई बार जब तक उनका नंबर आता है, चिकित्सक उठकर चले जाते हैं। जानकारी के अनुसार सीएचसी में 12 एमबीबीएस चिकित्सकों का पद सृजित है, लेकिन वर्तमान में केवल चार चिकित्सक पदस्थापित हैं। इनमें से एक चिकित्सक मातृत्व अवकाश पर हैं, एक का डिप्टेशन औरंगाबाद सदर अस्पताल में है, वहीं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. अरविंद कुमार सिंह को भी सदर अस्पताल में उपाधीक्षक का प्रभार दिया गया है। नतीजतन, रफीगंज सीएचसी में केवल एक एमबीबीएस चिकित्सक संतोष कुमार ही उपलब्ध हैं, जो स्वयं अस्वस्थ रहते हैं। ऐसे में मरीजों को मजबूरी में आयुष चिकित्सकों से इलाज कराना पड़ता है। गंभीर रोग या दुर्घटना की स्थिति में भी प्राथमिक इलाज कर मरीजों को सदर अस्पताल औरंगाबाद या मगध मेडिकल, गया रेफर कर दिया जाता है। एम्बुलेंस की स्थिति भी दयनीय है। सीएचसी में तीन एम्बुलेंस उपलब्ध हैं, लेकिन दो हमेशा खराब रहती हैं। एकमात्र चालू एम्बुलेंस अगर रेफरल मरीज को गया या औरंगाबाद छोड़ने जाती है तो कई घंटों तक उपलब्ध नहीं रहती। इस बीच कोई और गंभीर मरीज आने पर परिजनों को निजी एम्बुलेंस की तलाश करनी पड़ती है, जिससे कीमती समय जाया होता है और मरीज की हालत बिगड़ जाती है। स्थानीय स्वास्थ्यकर्मियों का कहना है कि जब तक डॉ. अरविंद कुमार सिंह रफीगंज में पदस्थ थे, ऐसी स्थिति कभी उत्पन्न नहीं हुई। उनके डिप्टेशन के बाद से स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था और भय का माहौल बना हुआ है। हाल ही में सांसद अभय कुशवाहा के आगमन पर कर्मियों ने एक स्वर में समस्याओं से अवगत कराया था। सांसद ने आश्वासन दिया था कि जिला पदाधिकारी से बात कर डॉ. सिंह की पुनः रफीगंज में पदस्थापना कराई जाएगी, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई पहल नहीं हुई है। स्थानीय लोगों और स्वास्थ्यकर्मियों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि विधानसभा चुनाव के समय स्वास्थ्य केंद्र पर दबाव और बढ़ने की संभावना है, ऐसे में मरीजों की जान जोखिम में न पड़े, इसके लिए रफीगंज सीएचसी में पर्याप्त चिकित्सकों और एम्बुलेंस की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित की जाए।



## घोषी विधानसभा क्षेत्र में चुनावी पाठशाला एवं मतदाता जागरूकता संवाद कार्यक्रम का आयोजन

**"हर वोट है जिम्मेदारी, जहानाबाद की नई तैयारी" जागरूकता कार्यक्रम का रहा थीम**

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए, पूरे जिले में मतदाता जागरूकता एवं युवाओं में निर्वाचन साक्षरता बढ़ाने हेतु विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को 217 घोषी विधानसभा क्षेत्र के उच्च विद्यालय घोषी, उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनवा एवं उच्च विद्यालय बौरी में चुनावी पाठशाला एवं मतदाता जागरूकता संवाद का आयोजन किया गया।इस अवसर पर निर्वाचन साक्षरता क्लब का गठन किया जा रहा है। निर्वाचन साक्षरता क्लब एक ऐसा मंच है जो विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को रोचक गतिविधियों और व्यवहारिक अनुभवों के माध्यम से उनके निर्वाचन अधिकारों के प्रति संवेदनशील बनाता है और मतदाता पंजीकरण एवं मतदान प्रक्रिया से परिचित कराता है। निर्वाचन साक्षरता क्लब केवल विद्यालयों में ही नहीं, बल्कि महाविद्यालयों और ग्रामीण समुदायों में भी संचालित किए जाते हैं। यहां शिक्षा और मनोरंजन का संगम होता है। विभिन्न गतिविधियां और खेल इस प्रकार से तैयार किए जाते हैं कि छात्र-छात्राएं सोचने, प्रश्न पूछने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने के लिए प्रेरित हों। भारत निर्वाचन आयोग का उद्देश्य इन क्लबों के माध्यम से युवाओं और भावी मतदाताओं में मतदान की संस्कृति को मजबूत करना है।इस कार्यक्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी, सहायक स्वीप नोडल पदाधिकारी, एवं स्वीप आइकॉन अमित कुमार एवं अजीत कुमार की सक्रिय सहभागिता रही। उन्होंने छात्राओं-छात्रों से संवाद स्थापित किया, निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी दी और उन्हें प्रेरित किया कि वे इस जागरूकता को अपने परिवार और समाज तक फैलाएं। इस दौरान सभी विद्यार्थियों से आग्रह किया गया कि वे न केवल भविष्य में अपने मताधिकार का प्रयोग करें, बल्कि अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के महत्व से अवगत कराएं। यह भी बताया गया कि एक-एक वोट लोकतंत्र की मजबूती, जनप्रतिनिधियों के चयन और समाज में न्याय एवं समानता सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाता है।







## एक नजर

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज–गोह पथ पर भाम तिनेरी मोड़ के पास शुक्रवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार सिहुली खैरा गांव निवासी धनेश यादव के पुत्र रंजन कुमार अपनी मोटरसाइकिल से लौट रहे थे। इसी दौरान वाहन का नियंत्रण खो देने से वह दुर्घटनाग्रस्त हो गए। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रफीगंज पहुंचाया, जहां डॉ. सुबोध कुमार ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक ने बताया कि रंजन कुमार को गंभीर चोटें आई हैं। हालत नाजुक होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उन्हें मगध मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, गया रेफर कर दिया गया। परिजनों ने बताया कि रंजन कुमार रफीगंज से अपने गांव लौट रहे थे, तभी यह दुर्घटना हुई। फिलहाल उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है।

### विद्युत चोरी के खिलाफ छापामारी, तीन उपभोक्ताओं पर एफआइआर दर्ज

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** विद्युत विभाग ने शुक्रवार को रफीगंज प्रखंड के पटोई गांव में बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान तीन उपभोक्ताओं को चोरी करते रंगे हाथ पकड़ा गया। विभाग ने सभी पर भारी जुर्माना लगाया और रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई। जानकारी के अनुसार गांव की निर्मला देवी, शैलेश यादव और बुधन यादव का विद्युत कनेक्शन बकाया बिल का भुगतान नहीं करने पर पहले ही काट दिया गया था। इसके बावजूद ये लोग टोका लगाकर अवैध रूप से बिजली का उपयोग कर रहे थे। पकड़े जाने पर विभाग ने निर्मला देवी पर 18,336, शैलेश यादव पर 16,519 और बुधन यादव पर 17,774 का जुर्माना लगाया। इस संबंध में थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि तीनों उपभोक्ताओं पर विद्युत चोरी का मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। छापामारी अभियान में सहायक विद्युत अभियंता अशोक राज, कनिष्ठ अभियंता रविशंकर कुमार सहित मानव बल अजीत कुमार, विमलेश कुमार और अन्य कर्मी शामिल रहे।

### दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**गोह(औरंगाबाद)।** दुर्गा पूजा को लेकर गोह व उपहारा थाना परिसर में शान्ति समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता गोह थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार व उपहारा थानाध्यक्ष आकाश कुमार ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए थानाध्यक्षों ने कहा कि आपसी सहयोग और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व को आपसी एकता और भाईचारे के साथ मनाये। पर्व में दिखावे के चक्कर में नहीं रहें। सरकार द्वारा दिये गये गाइडलाइन के अनुसार ही पर्व मनाये। उन्होंने पूजा कमेटी के सदस्यों से कहा कि जितने भी पूजा पंडाल है। उन सभी में सीसीटीवी कैमरे के साथ पूजा कमेटी सक्रिय रहे। डीजे पर प्रतिबंध के साथ पूजा के दौरान शराब से दूरी बनायें रखने की बात कही। इस मौके पर पूर्व प्रमुख मुन्ना चंद्रवंशी, मुखिया चंद्रभूषण कुमार उर्फ गुड्डु, जिला प्रवक्ता सुधीर कुमार मिश्रा, पैक्स अध्यक्ष विपिन कुमार रौतम, पूर्व सरपंच लखन पासवान, सरपंच मनोरमा देवी, सरपंच धनंजय उपाध्याय, देवरंजन अंबेडकर, रामध्यान सिंह, अंबेडकर यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### राजद ने बैठक कर कार्यकर्ताओं को दिया धन्यवाद

**अंबा (औरंगाबाद)।** राजद प्रखंड कार्यालय अंबा में शुक्रवार को बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा ने की। इस दौरान श्री शर्मा ने विगत गुरुवार को आयोजित कुटुंबा विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि सम्मेलन में कार्यकर्ताओं ने बिहार सरकार के पूर्व मंत्री व राजद प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान को कुटुंबा विधानसभा से महागठबंधन का उम्मीदवार बनाए जाने की मांग की थी। जिस पर प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर नेताओं के बीच चर्चा और मंथन शुरू हो गई है। यह कार्यकर्ताओं के सफलता को दर्शाता है। इस मौके पर पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, राजद प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, जिला सचिव नंदकुमार सिंह यादव, पूर्व प्रमुख मनोज यादव, इरफान अंसारी, यासीन अंसारी, संजय यादव, पंचम पासवान, मुन्ना कुमार, समरेश शर्मा, जगनारायण यादव आदि लोग उपस्थित थे।

### एलबेंडाजोल गोली खाने से दूर होगी एनीमिया

**बारुन।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमोली में प्रधानाध्यापक कौशल किशोर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कृमि दिवस के अवसर पर छात्रों के बीच एलबेंडाजोल की दवाइयां का वितरण किया गया। प्रधानाध्यापक श्री सिंह ने स्वय छात्रों को दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुभारंभ की। प्रधानाध्यापक ने कहा कि यह दवा 1 से लेकर 19 वर्षों के बच्चों एवं किशोरियों को यह दवा दी जा रही है। छात्रों को स्वस्थ रखने के दृष्टि से सरकार द्वारा दवाइयों का वितरण किया जा रहा है। ताकि कृमि से होने वाली परेशानियों से बच्चे दूर रहे। उन्होंने कहा कि सरकार का यह कदम काफी सराहनीय है। एलबेंडाजोल का सेवन एनीमिया की समस्याओं को काफी दूर करता है। इस मौके पर शिक्षक रविन्द्र कुमार, दीपक चौधरी, नागेंद्र प्रताप, लवकेश कुमार, सरोज कुमार, शिल्पी कुमारी समेत अन्य विद्यालय के परिवार उपस्थित थे।

### छात्र-छात्राओं ने लिया स्वच्छता का संकल्प

नबिटा ब्यूरो

**जहानाबाद।** स्थानीय जिले के सभी प्रखंडों में आज स्वच्छता ही सेवा-2025 अभियान के तहत विद्यालयों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में छात्र-छात्राओं द्वारा स्वच्छता संकल्प लिया गया। इस अवसर पर प्रखंड स्तर के सभी पदाधिकारी एवं विद्यालयों के प्रधानाध्यापक भी उपस्थित रहे। बच्चों ने शपथ लेते हुए संकल्प किया कि वे अपने घरों में कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखने हेतु माता-पिता को प्रेरित करेंगे, साथ ही नालियों, तालाबों एवं आहरों में कचरा नहीं फेंकेंगे और न ही किसी को फेंकने देंगे। कार्यक्रम के बाद छात्र-छात्राओं द्वारा रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया गया। अभियान में शामिल बाल विकास परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य किशोरियों को स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता एवं माहवारी शिक्षा से संबंधित जानकारी देकर उन्हें जागरूक बनाना है, ताकि वे स्वयं सशक्त परिवार और समाज का अभिन्न अंग बन सकें। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने नागरिकों से अपील किया गया कि सभी लोग स्वच्छता पर्व में शामिल होकर अपने घर एवं आसपास के सामुदायिक स्थलों को स्वच्छ और सुंदर बनाएं।





# डीएम के जनता दरबार में 98 फरियादी शामिल

## अधिकारी फरियादियों के समस्याओं का करें त्वरित समाधान : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा शुक्रवार को जिला जनता दरबार का आयोजन डीआरडीए सभा कक्ष में किया गया जिसमें उप विकास आयुक्त रोहतास, अपर समाहर्ता-सह-अपर जिला दंडाधिकारी, रोहतास, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी राजस्व शाखा, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, अनुश्रवण कोषांग-सह-महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, सभी अंचलाधिकारी एवं जिला मुख्यालय स्थित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारियों के द्वारा भाग लिया गया। उक्त जनता दरबार में लगभग कुल 98 व्यक्ति उपस्थित हुए जिन्हें विषयवार, विभागवार यथा-राजस्व, विकास एवं अन्य विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं, शिकायतों को अलग-अलग पंक्तियों में बैठाकर सभी आवेदकों से जिला स्तरीय सभी पदाधिकारियों के द्वारा एक-एक करके सभी आवेदकों से साक्षात्कार करते हुए उनके परिवादों, समस्याओं को सुना गया तथा उनसे प्राप्त आवेदन पत्रों पर त्वरित निष्पादन करने हेतु संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देशों के साथ तत्काल कार्रवाई करने हेतु हस्तगत करा दिया गया। लोक साक्षात्कार के समय ही शिकायत एवं समस्याओं के समीक्षोपरान्त ऐसे आवेदन पत्रों को जिसमें लोक शिकायत निवारण अधिनियम के तहत सुनवाई के योग्य थे, वैसे आवेदकों के शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई करते हुए नियमानुसार त्वरित निष्पादन करने का निर्देश के साथ संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों यथा- सासाराम, बिक्रमगंज एवं डिहरी को जनता दरबार में ही हस्तगत करा दिया गया। सभी प्राप्त आवेदन पत्रों के निष्पादन कराये जाने हेतु ऑन लाइन कराया गया तथा संबंधित लोक शिकायत निवारण पदाधिकारियों के द्वारा पंजीयन की कार्रवाई भी प्रारम्भ करा दिया गया। ताकि आवेदनकर्ताओं के द्वारा अपने आवेदन पत्रों पर किये गये कार्रवाईयों के बारे में अद्यतन जानकारी प्राप्त किया जा सके। इसके अतिरिक्त कुछ आवेदकों के आवेदन पत्रों यथा- आवेदक राधेश्वर पासवान, पिता- स्वर्गीय बरान्त पासवान, ग्राम-मोर (सराय), पोस्ट- मोरसराय, थाना- शिवसागर के द्वारा मौजा- इलाही चक थाना नंबर -90, खाता संख्या- 07, प्लॉट नंबर -05, रकबा - 52 डिसमिल जमीन नापी कराकर अतिक्रमण मुक्त कराकर दखल कब्जा कराने के संबंध में आवेदन प्राप्त किया गया जिसे शीघ्र निष्पादन करने हेतु अंचलाधिकारी, शिवसागर को भेज दिया गया। आवेदक राजू कुमार, ग्राम-कझांव, पोस्ट- नाद, थाना-बड्डी के द्वारा खरीदगी भूमि से बेदखल करने के संबंध में आवेदन दिया गया जिसे अविलंब निष्पादन हेतु अनुमंडल पदाधिकारी, सासाराम एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सासाराम को निदेशित किया गया। आवेदक भरत गोसाई, पिता - स्वर्गीय दहिन गोसाई, ग्राम-नोनहर, थाना-सूर्यपुरा के द्वारा मौजा-नोनहर के खाता नंबर-751, खेसरा नंबर -2043 रकबा 03 डी. भूमि को विपक्षी द्वारा किए जा रहे बेदखल को रोकने के संबंध में आवेदन प्राप्त किया गया जिसे अविलंब निष्पादन हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, बिक्रमगंज एवं थानाध्यक्ष सूर्यपूरा को अग्रसारित किया गया।

# कृषि उपज को वैज्ञानिक विधि से आकलन करने हेतु आवृत्ति प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिला पदाधिकारी के निदेशानुसार अपर समाहर्त्ता की अध्यक्षता में डीआरडीए सभागार में कृषि सांख्यिकी से संबंधित सभी पदाधिकारियों एवं कर्मियों के क्षमतावर्द्धन हेतु जिला स्तरीय आवृतिचर्या प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। आवृतिचर्या प्रशिक्षण में सर्वप्रथम फसल के अनुसार कृषि वर्ष में फसल मौसम की जानकारी दी गई। इसके पश्चात खसरा पंजी, द्रुत जिन्सवार, सामान्य जिन्सवार, भूमि उपयोग विवरणी, नेत्रांकन प्रतिवेदन प्रक्षेत्र मूल्य एवं फसल कटनी के संबंध में प्रतिभागियों को विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार एवं अक्षय कुमार दूबे, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी द्वारा दी गई। चूंकि भारत एक कृषि प्रधान देश है इसलिए उपर्युक्त विधि से कृषि उपज का आंकलन वैज्ञानिक विधि से करते हुए कृषि के विकास के लिए नीति निर्माण आवश्यक है। आवृतिचर्या प्रशिक्षण में फसल कटनी की वैज्ञानिक विधि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस क्रम में अपर समाहर्त्ता द्वारा बताया कि इसका प्रमुख उद्देश्य जिला स्तर पर उत्पादन एवं उत्पादकता का आकलन करना तथा साथ ही फसल बीमा कराए गए कृषकों की क्षतिपूर्ति का आकलन करना होता है। फसल कटनी आंकड़ों के आधार पर बिहार राज्य फसल सहायता योजनान्तर्गत कृषकों को अनुदान / सहायता इत्यादि निर्धारित की जाती है। इन आंकड़ों का उपयोग सरकार की नीतियों को बनाने में विभिन्न विभागों द्वारा किया जाता है। जिला स्तरीय आवृतिचर्या प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी एवं प्रखण्ड सांख्यिकी पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया वाटर पंप हाउस का निरीक्षण



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान' के अंतर्गत स्वच्छता एवं जागरूकता अभियान जारी है। मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा यूरोपियन कॉलोनी स्थित वाटर पंप हाउस एवं टंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पंपिंग, जल की गुणवत्ता, टंकी की सफाई, जल भंडारण की स्थिति सहित पंप हाउस की समग्र कार्यप्रणाली का अवलोकन किया गया। संबंधित अधिकारियों को नियमित देखरेख और स्वच्छता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। ताकि सभी कर्मचारियों एवं निवासियों को सदैव स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण जल उपलब्ध रहे।
ऐसे निरीक्षण आगामी दिनों में मंडल के अन्य रेलवे कॉलोनियों एवं कार्यस्थलों पर भी किए जाएंगे। ताकि जल गुणवत्ता सुनिश्चित रहे।

# गहना की ठगी करने वाला जालसाज राजपुर से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** दरिहट थाना क्षेत्र के ग्रामीण बैंक दरिहट के समीप एक दुकान से ठग 70 हजार रूपये की गहना की ठगी कर फरार हो गया था। वहीं शुक्रवार को राजपुर थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया। पीड़ित दुकानदार ने थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पीड़ित दुकानदार अर्जुन सेठ ने पायल बर्तन एवं ज्वेलर्स की दुकान में एक युवक बाइक से आया। अपना नाम मंटू कुमार दरिहट थाना में दरोगा बताया। उसने बताया कि आज शादी का साल गिरह है। सोने के दो सेट झुमका, दो पिस अंगूठी और एक पीस लॉकेट वजन कराया और कहा कि मेरी पत्नी दरिहट थाना में रहती है। उसे पसंद कराकर लेकर आता हूं। वह शाम तक नहीं लौटा तो उसके मोबाइल पर कॉल किया तो उसने बताया कि सालगिरह के कार्यक्रम में लेट होगी।

# 'चलो जीते हैं' रथ को पूर्व विधायक सत्यनारायण ने किया रवाना



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डिहरी विधान सभा क्षेत्र में पीएम मोदी के जन्म दिन पर शुरू हुए ''चलो जीते हैं'' अभियान के वाहन को शुक्रवार शाम कैनाल रोड से पूर्व विधायक सत्य नारायण सिंह ने हरी झंडी दिखा रवाना किया। इसके जरिये विधान सभा क्षेत्र के सभी चौक-चौराहों, गांव में भाजपा बिहार के जन-जन को पीएम मोदी के जीवन संघर्ष से परिचित करायेगी। मौके पर जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य बबल कश्यप, डिहरी विधानसभा रथ प्रभारी प्रकाश गोस्वामी, भोला लाल दास, अमित गुप्ता, अनमोल पांडेय, बृज किशोर पांडे, संजय यादव, विनोद मिश्रा, धन जी सिंह यादव, शशि कुमार आदि मौजूद थे।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** दुर्गा पूजा को लेकर आयरकोठा थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पुलिस निरीक्षक रवि भूषण कुमार ने की। उन्होंने कहा कि पूजा और मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे नहीं बजेगा। जुलूस में किसी तरह का हथियार का प्रदर्शन नहीं किया जायेगा। केवल लाउड स्पीकर ही बजानी होगी। वे भी रात के दस बजे तक ही बजाना होगा। कहा कि सभी पूजा समिति को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। वहीं थानाध्यक्ष शिवम कुमार ने कहा कि पूजा शांति पूर्ण उल्लास पूर्ण माहौल में मनाना है। थाना क्षेत्र में 10 स्थानों पर दुर्गा मूर्ति की स्थापना हो रही है। सभी पंडालों में दंडाधिकारी की नियुक्ति होगी। पूजा के दौरान पुलिस की गश्ती तेज रहेगी।

# लोहार समाज की एकता संगठन शक्ति का परिचायक : डॉ प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**भभुआ।** सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने कुदरा में बिहार लोहार महासभा के तत्वावधान में विश्वकर्मा पूजा सह लोहार सम्मेलन कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़कर उन्हें संबोधित किया। मंत्री प्रेम कुमार ने कहा कि आज इस गरिमामयी अवसर पर आप सबके बीच उपस्थित होकर मुझे अपार हर्ष और गर्व का अनुभव हो रहा है। यह आयोजन न केवल लोहार समाज की एकता और संगठन शक्ति का परिचायक है, बल्कि हमारी भारतीय परंपरा और संस्कृति में कारीगरों की भूमिका को याद करने का भी अवसर है। भारत की प्राचीन सभ्यता और संस्कृति में लोहार समाज का योगदान अविस्मरणीय रहा है। कृषि के औजारों से लेकर युद्ध के शस्त्रों तक, समाज की बुनियादी आवश्यकताओं से लेकर कला और शिल्प तक, लोहार समाज ने हमेशा राष्ट्र की सेवा की है। आपके श्रम और परिश्रम ने देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'पीएम विश्वकर्मा योजना' का प्रारंभ विशेष रूप से ऐसे ही परिश्रमी और हुनरमंद समाज के सशक्तिकरण के लिए किया गया है।

# भाजपा विधि प्रकोष्ठ की बैठक में प्रदेश में मनोनीत पदाधिकारियों को दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**सासाराम।** अधिवक्ता संघ सासाराम में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अधिवक्ताओं द्वारा बिहार भाजपा विधि प्रकोष्ठ के संयोजक बिंध्याचल राय के द्वारा प्रदेश सह संयोजक के रूप में संजय कुमार राम, धर्मेंद्र प्रताप दुबे एवं क्षेत्रिय प्रभारी के रूप में अरबिंद चौबे को मनोनीत किये जाने पर बधाई एवं शुभकामना दी गई। साथ ही प्रदेश नेतृत्व के प्रति अपना हृदय से आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर रोहतास भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कमलेश कुमार सिन्हा ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि इन पदाधिकारियों के मनोनयन से बिहार भाजपा विधि प्रकोष्ठ के साथ इनके मार्गदर्शन एवं कार्यों से हमारे जिला संगठन को एक नई ऊर्जा मिलेगी और साथ ही साथ आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में इनके साथ रोहतास जिला ही नहीं शाहाबाद जिले के विधि प्रकोष्ठ के सभी अधिवक्ता पूरे जुनून के साथ विधानसभा की सभी सीटों पर एनडीए के प्रत्याशियों को जिताकर विधान सभा में भेजने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ेंगे। बैठक में प्रकोष्ठ के सह संयोजक मनोज कुमार, प्रवक्ता संजय कुमार तिवारी, कार्यसमिति सदस्य शशि भूषण प्रसाद सिंह, मनोज कुमार, अरुण कुमार, मो. जामिन, राजेंद्र शर्मा, अनिल कुमार, राज बिहारी सिंह, सुरेंद्र प्रसाद, जनक राज किशोरी, तेज उपेंद्र नारायण, दीपक कुमार राय सहित कई अन्य अधिवक्ता मौजूद थे।

# पोषण माह सह मतदाता जागरूकता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**अकोढ़ीगोला।** प्रखंड में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी प्रियंबदा कुमारी के नेतृत्व में पोषण माह सह मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रियंबदा ने बताया कि रंगोली बनाकर सेविकाओं ने जागरूक किया। राष्ट्रीय पोषण माह 17 सितंबर से लेकर 16 अक्टूबर तक प्रखंड से लेकर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मनाया जाएगा। सेविकाओं ने नारा लगाते हुए कहा स्वस्थ भोजन से ही शरीर को पोषण मिलता है, जन-जन ने ठाना है - हर बच्चे को स्वस्थ बनाना है, जागो जागो मतदाता-आप हो भारत के भाग्य विधाता, मेरा वोट-मेरा भविष्य जैसे लगाकर लोगों को जागरूक किया। इस रैली में अजय कुमार, महिला पर्यवेक्षिका दीपा, हरिदास शर्मा, सेविका में मीना गुप्ता, इशरत जहां, इंद्रा गुप्ता, मोनिशा, शशि किरण मेहता, सुमंती देवी, बिंदु देवी, शकुंतला कुमारी, उषा देवी, आशा देवी, इशरत परवीन, रीता देवी, धर्मा देवी, आशिया परवीन, सविता कुमारी, सुनीता देवी आदि मौजूद थी।

# सरैंया पंचायत में पोषण माह को ले अन्न प्राशन एवं गोद भराई कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू (रोहतास)।** पोषण माह के अवसर पर ग्राम पंचायत सरैया के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या-78 पर शुक्रवार को अन्न प्राशन एवं गोद भराई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता कुमारी एवं पंचायत उपमुखिया अमित कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर पोषण स्टॉल लगाया गया जहां गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की गई। साथ ही बच्चों का अन्न प्राशन स्वादिष्ट खीर से कराया गया। उपस्थित महिलाओं को संबोधित करते हुए बाल विकास परियोजना पदाधिकारी संगीता कुमारी ने पोषण के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि संतुलित आहार में हरी सब्जियां, साग, फल एवं मोटे अनाज को शामिल करना चाहिए जिससे शरीर स्वस्थ और निरोगी रहता है। साथ ही उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में सभी से मतदान करने की अपील भी की।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. : 149_2025-26 एवं 151 _2025-26, दिनांक: 18.09.2025,** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा -711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/4/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई-निविदा सं. : 149_2025-26, कार्य का विवरण :** बोलपुर (शांतिनिकेतन)- एईएन/बोलपुर के कार्यक्षेत्र में बोलपुर में सैंड हम्प सह रिटेनिंग वॉल का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,54,61,514,46, **बयाना राशि :** रु. 2,27,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं. : 151_2025-26, कार्य का विवरण :** हावड़ा मंडल - वरिष्ठ डीईएन/IV/ हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एईएन/रामपुरहाट के अधीन सेस मरम्मत कार्य इन स्थानों में: नलहाटी- बोनीडांगा डाउन 114.090-114.405=1401.750 सीयूएम, डाउन 116.045-116.585 = 2403.000 सीयूएम, डाउन 122.383-122.438 = 244.750 सीयूएम, डाउन 125.368-126. 582=5402.300 सीयूएम, डाउन 130.533- 131.943= 6274.500 सीयूएम, डाउन 141.026-141.751 =3226.250 सीयूएम, डाउन 151-158=31150.000 सीयूएम, डाउन 161-168 =31150.000 सीयूएम, अप 151 - 158 = 31150.000 सीयूएम, अप 161-168 = 31150.000 सीयूएम; सांइथिया-नलहाटी - डाउन 88-90.200 = 9790.000 सीयूएम, डाउन 92.100-92.350=1112.500 सीयूएम, डाउन 92.650-93.150 =2225.000 सीयूएम, डाउन 93.950-94.500=2447.500 सीयूएम, डाउन 96.500-97.900=6230.000 सीयूएम, डाउन 100.600-104.500 = 17355.000 सीयूएम, डाउन 107.420-108.620 = 5340.000 सीयूएम, डाउन 109.713-110.534= 3653.450 सीयूएम, अप 88-88.800 = 3560.000 सीयूएम, अप 89-90 = 4450.000 सीयूएम, अप 92.650-93.300=2892.500 सीयूएम, अप 94.100-97.500 =15130.000 सीयूएम। **अनुमानित मूल्य :** रु. 7,53,44,049,70, **बयाना राशि :** रु. 5,26,700/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.) :** शून्य। **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 18 (अठारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 09.10.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से उपर्युक्त वेबसाइट के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।
HWH-300/2025-26
निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है
हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

# विश्वकर्मा पूजा पर बेतरी में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर में प्रतिमा विसर्जन के साथ विश्वकर्मा पूजा आस्था के साथ उत्सवी माहौल में संपन्न हुआ। विश्वकर्मा पूजा समिति बेतरी के तत्वावधान में आयोजित रंगारंग कार्यक्रम में दर्शक रात भर झूमते रहे। समिति के कोषाध्यक्ष कंस्ट्रक्शन कांट्रैक्टर देवलाल ने बताया कि पूजा के अवसर पर विभिन्न देवताओं और अन्य मनोहारी झांकियां निकाली गईं। विश्वकर्मा पूजा के अवसर पर गुरुवार की शाम भभुआ प्रखंड के बेतरी गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान बाहर से आए कलाकारों ने गीत-नृत्य व नाटक के माध्यम से रंग मंच पर खूब धमाल मचाया। कलाकारों की प्रस्तुति ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन नगर परिषद के पूर्व सभापति और भभुआ विधानसभा से जनसुराज पार्टी के संभावित प्रत्याशी जैनेन्द्र आर्य ने किया।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान को ले जागरूकता हेतु वॉकथन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पं. दीन दयाल उपाध्याय मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025' के तीसरे दिन स्वच्छता जागरूकता के उद्देश्य से वॉकथन का आयोजन किया गया। मंडल मुख्यालय पर मंडल क्रीड़ा संघ द्वारा आयोजित यह पदयात्रा बाकले ग्राउंड मेन गेट से प्रारंभ होकर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय गेट तक संपन्न हुई जिसमें मंडल के कर्मचारियों, खिलाड़ियों एवं सफाई मित्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मंडल के अन्य स्टेशनों, कार्यस्थलों, कालोनियों आदि में विभिन्न माध्यमों से स्वच्छता के प्रति जागरूकता का निरंतर प्रसार किया जा रहा है। वॉकथन का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना और यह संदेश देना था कि स्वच्छ परिवेश केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

# जीएनएसयू, जमुहार में दी गई अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बालिका छात्रवृत्ति की जानकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**सासाराम।** रोहतास जिले के गोपाल नारायण विश्वविद्यालय, जमुहार में छात्राओं को अजीम प्रेमजी फाउंडेशन गर्ल्स स्कॉलरशिप के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के जनसंपर्क अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह और मानव अधिकार कार्यकर्ता संतोष उपाध्याय का अतुलनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर पैरवी के सामाजिक कार्यकर्ता विवेक कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के तहत विधि संकाय, कृषि संकाय, प्रबंधन संकाय और फार्मेसी संकाय में जाकर छात्राओं को इस छात्रवृत्ति योजना से लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया। इस दौरान छात्राओं को आवेदन प्रक्रिया, पात्रता मानदंड और छात्रवृत्ति से मिलने वाले लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया।
यह छात्रवृत्ति विशेष रूप से उन छात्राओं के लिए है जिन्होंने सरकारी विद्यालयों से दसवीं और बारहवीं की पढ़ाई पूरी की है और वर्तमान में स्नातक या डिप्लोमा में नामांकन लिया है। चयनित छात्राओं को रु. 30,000 रुपये की राशि प्रतिवर्ष 3 से 5 वर्षों तक प्रदान की जाएगी। यह आर्थिक सहयोग छात्राओं की उच्च शिक्षा में निरंतरता सुनिश्चित करेगा और उन्हें आत्मनिर्भर बनने की दिशा में प्रोत्साहित करेगा। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यह स्कॉलरशिप केवल आर्थिक सहायता ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं के लिए अवसरों के नए द्वार खोलने का माध्यम है। यह पहल शिक्षा में समानता और लैंगिक न्याय सुनिश्चित करने की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस अवसर पर विधि संकाय के डीन डॉक्टर विनोद कुमार सरोज, प्रबंधन संकाय के डीन डॉ विवेक शर्मा एवं अन्य शिक्षकगण उपस्थित थे।

# खरवार समाज का आक्रोश, जाति प्रमाण पत्र को लेकर युवा महासंघ की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**चेनारी।** प्रखंड मुख्यालय पर युवा खरवार महासंघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सदस्यों ने कहा कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार के आदेश के बावजूद चेनारी अंचल कार्यालय द्वारा खरवार समाज के लोगों को जाति प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है। सदस्यों का कहना था कि जिनके पास खतियान मौजूद है, उनके आवेदन भी अस्वीकृत कर दिए जा रहे हैं। यहां तक कि 20 साल पुराने वैध दस्तावेज रखने वाले लोगों के आवेदन भी निरस्त हो रहे हैं। इससे खरवार समाज अपने मूल अधिकार और सरकारी योजनाओं से वंचित रह जा रहा है। बैठक में यह भी कहा गया कि कर्मचारी और पदाधिकारी मनमाने ढंग से कार्य करते हुए खरवार जनजाति समुदाय के साथ अन्याय कर रहे हैं। इसको लेकर शुक्रवार को भारी संख्या में महासंघ के सदस्य अंचल कार्यालय पहुंचे और आक्रोश व्यक्त किया। इस मौके पर सुनील खरवार, मुकेश खरवार, संत खरवार, नीतीश खरवार, चंद्रशेखर खरवार, अरुण खरवार, प्रदीप खरवार, पप्पू खरवार, दारा खरवार समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# प्रशिक्षु सिपाहियों ने किया गोड़इला पहाड़ी पर ट्रेकिंग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** स्थानीय जिला पुलिस केंद्र में तीन सौ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे नवनियुक्त सिपाहियों को अनुशासन, शारीरिक दक्षता और कानून से संबंधित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। ताकि वे हर चुनौती का सामना करने और समाज की सुरक्षा करने के लिए हमेशा तैयार रहे। एसपी रौशन कुमार के अनुसार उनके नेतृत्व में सिपाही प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षु सिपाहियों के शारीरिक सहनशक्ति, मानसिक दृढ़ता व प्रकृति के प्रति सम्मान भाव के विकास के लिए गोड़इला पहाड़ पर ट्रेकिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन से आठ किलोमीटर दौड़ के साथ गोड़इला पहाड़ी पर ट्रैकिंग कराया गया। साइबर डीएसपी सह थानाध्यक्ष गौरव यादव समेत अन्य शामिल थे।

**बिहार सरकार**

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
बटाने शीर्ष कार्य प्रमण्डल, अम्बा, औरंगाबाद
EMAIL ID- eebatanewrd@gmail.com
पत्रांक- 520 /अम्बा,

शुद्धि पत्र / Corrigendum

इस कार्यालय के पत्रांक-491, दिनांक-01.09.2025 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01SBD/2025-26 में जिसका PR No:-013480(WRD)2025-26 है, कार्य समाप्ति की अवधि 12 माह के पहले के स्थान पर आंशिक संशोधन करते हुए 31 जुलाई 2026 किया जाता है जिसे इस हद तक संशोधित समझा जाए।
निविदा की शेष सभी नियम एवं शर्तें यथावत् रहेगी।

(ई0 विवेक कुमार)
कार्यपालक अभियंता,
बटाने शीर्ष कार्य प्रमण्डल, अम्बा

PR. No. 015286(WRD) 2025-26

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

गर्भावस्था की पहली तिमाही में माँ की एच.आई.वी. और सिफलिस की जाँच जरूर करायें।

# मतदाताओं को जागरूक करने को लेकर स्वीप सभा का आयोजन

## आज पंचायतों में लोगों को किया जाएगा जागरूक




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मसौढ़ी विधानसभा के कई बुथों पर शुक्रवार को स्वीप सभा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दरअसल जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी, पटना के निदेशानुसार आसन्न बिहार विधान सभा आम निर्वाचन, 2025 के परिप्रेक्ष्य में सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार एवं कल शनिवार को मसौढी अनुमंडल के सभी प्रखंडों के हर एक पंचायत में विशेष अभियान चलाया गया है। सहायक निर्वाची पदाधिकारी प्रभाकर कुमार ने बताया की शुक्रवार को प्रखंड कॉलनी स्थित मतदान केंद्र पर स्वीप सभा का आयोजन कर पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक सूची में शामिल करने, प्रविष्टियों में संशोधन करने आदि की कार्रवाई की गई है। जिलाधिकारी द्वारा सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों को अर्हता-प्राप्त हरएक व्यक्ति का नाम निर्वाचक सूची में शामिल रहने के उद्देश्य से अपेक्षित कार्रवाई करने, जेंडर रेशियो में सुधार करने, पीडब्ल्यूडी मार्किंग, वरिष्ठ मतदाताओं का निर्वाचक सूची में शत-प्रतिशत समावेशन सहित सभी मानकों पर विशेष ध्यान देने का निदेश दिया गया है। उसी के अनुरूप यह विशेष शिविर का आयोजंन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया शनिवार को विभिन्न पंचायतों मे विशेष शिविर का आयोजंन किया जाना है।

# डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने नप के पूर्व उपाध्यक्ष की प्रतिमा का किया अनावरण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दानापुर।** राज्य के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने शुक्रवार को नप कार्यालय परिसर में पूर्व उपाध्यक्ष दीपक मेहता का प्रतिमा का अनावरण किया। इस अवसर पर श्री चौधरी ने कहा कि आज छोटे भाई का प्रतिमा का अनावरण करना अपने आप में पीड़ा देता है. उन्होंने कहा कि जिसको राजनीति तौर पर आगे बढने का काम किया था। उनके प्रतिमा का माल्यार्पण करना बहुत पीडा देता है। श्री चौधरी ने कहा कि स्व दीपक मेहता ने अपने जीवन काल में सभी समाज को लेकर चले थे और नप परिषद का विकास किया था। उन्होंने कहा कि स्व दीपक ने कुशवाहा समाज का उत्थान व विकास के लिए हरसंभव आगे बढचढकर हित्सा लेते थे। विधायक डा संजीव चौरसिया ने कहा कि स्व दीपक मेहता सामाजिक कार्यकर्ता थे और दानापुर के विकास के लिए आगे रहते थे। स्व दीपक मेहता की पत्नी सह परिषद के मुख्य पार्षद शिल्पी कुमारी ने कहा कि स्व दीपक मेहता का सपना को पूरा करेंगे। उनके विचारधारा पर आगे चलेंगे। मौके पर पार्षद रूबी देवी, गोपाल प्रसाद, सुनील कुमार, अनिल कुमार, राजेश शर्मा, नंद लाल यादव, पार्षद प्रतिनिधि धीरज कुमार यादव, नरेश कुमार, पप्पु यादव, अविनाश कुमार उर्फ भंटा यादव, मनोज मास्टर, सुरेंद्र चौरसिया, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य रवि भूषण उर्फ बेला यादव, भाई सनोज यादव व संजय यादव, जदयू नेता रिंकी कुशवाहा, विनय कुमार मेहता, ईओ पंकज कुमार, बीडीओ विभेष आनंद व सीओ चंदन कुमार, रोकडपाल सुभाष कुमार समेत गणमान्य लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### तीन जगहों पर बना चेक पोस्ट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव तक शराब मादक पदार्थ राशि और बहुमूल्य धातु के तस्करी को रोकने के लिए मसौढ़ी विधानसभा में तकरीबन 3 जगह पर चेक पोस्ट तैयार किए गए हैं, जिसमें मसौढ़ी के भगवानगंज थाना क्षेत्र में रौनिया मोड के पास, धनरूआ में पभेडा मोड एवं पटना गया हाईले पर नदौल में चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां पर तीन पालियों में तीन-तीन पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। यह सभी चेक पोस्ट शहर और जिलों की सीमा और महत्वपूर्ण नदी के आसपास स्थापित किए गए हैं। दरअसल सीमा पर मादक पदार्थ अवैध शराब जाली करेंसी, अनाधिक राशि एवं बहुमूल्य धातु के परिचालन पर रोक तथा प्रभावी नियंत्रण के लिए अथवा चेक पोस्ट चिन्हित किए गए हैं।मध निषेध विभाग कई जगहों को हॉटस्पॉट चिन्हित का निरोधत्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

### 92 लीटर देशी शराब जब्त

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में ऑपरेशन नशीले पदार्थ से संबंधित चलाये गये अभियान के दौरान मसौढी अनुमंडल के सभी थानो के अंतर्गत सघन अभियान चलाया गया है। जहां केवड़ा ओपी अंतर्गत अशोक मांझी पिता मथुरा मांझी के घर से 104 बोतल बियर कुल 52 लीटर एवं 40 लीटर देशी महुआ शराब कुल 92 लीटर शराब जप्त किया गया है। वहीं पिपरा पुलिस ने छापेमारी कर 75 लीटर अवैध देश से प्राप्त किया है वही केवड़ा पुलिस ने 40 लीटर अवैध देशी शराब के साथ 52 लीटर अवैध विदेशी शराब जब्त किया है।

### ई-रिक्शा बैटरी चोर गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन में ई-रिक्शा चलाने वाले इन दोनों बैटरी चोर से परेशान हैं, दरअसल ई-रिक्शा चालक दिनभर अपना ई रिक्शा चलाने के बाद शाम को घर पहुंचते ही रात भर घर के बाहर ई रिक्शा लगाकर उसे बैटरी को चार्ज में लगा देते हैं, ऐसे में मौका देकर चोर अब बैटरी की चोरी कर ले रहे हैं। इसी इसी मामले में श्रीपालपुर गांव से पुलिस ने एक बैटरी चोर को गिरफ्तार किया है जिसका नाम गुलशन कुमार लोदीपुर का रहने वाला है, हालांकि इस पूरे मामले में पहले भी दो बैटरी चोर की गिरफ्तारी की गई है। पुनपुन थानाध्यक्ष ने बताया कि श्रीपालपुर गांव के अखिलंदर कुमार द्वारा कल दिनांक 24-08-25 को लिखित आवेदन दिया गया कि उनकी ई-रिक्शा की बैटरी चोरी कर ली गई है जिस पर कार्रवाई करते हुए चोरी की गई ई रिक्शा के बैटरी को बरामद कर लिया गया साथ ही चोरी की घटना में सन्मिलित दो अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है।

### हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) पटना में शुक्रवार को हिन्दी राजभाषा पखवाड़ा 2025 के तहत हिन्दी निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्देश्य हिन्दी भाषा के प्रोत्साहन और राजभाषा हिन्दी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना था। निबंध प्रतियोगिता के लिए दो विषय निर्धारित किए गए थे। हिन्दीः राजभाषा के रूप में प्रशासन और जनसंचारङ्क तथा ळ्ळआत्मनिर्भर भारतः अवसर और चुनौतियां प्रतियोगिता में संस्थान के डॉक्टरों, अधिकारियों, छात्रऽछात्राओं एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों ने अपने विचारों के माध्यम से हिन्दी के महत्व और इसके व्यवहारिक उपयोग पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर सभी ने हिन्दी को दैनिक जीवन और प्रशासनिक कार्यों में और अधिक बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

### महादलित बच्चियों अब पिंक बस का करेंगी परिचालन

**दानापुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लाल कोठी मध्य विद्यालय परिसर में नारी गुंजन द्वारा संचालित प्रेरणा छात्रावास की महादलित बच्चियां अब ऊंची उड़ान के लिए तैयार हो गई है। राज्य सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित पिंक बस चलाने के लिए छात्रावास की बच्चियों पूरी तरह से तैयार हो गई है। नारी गुंजन की सचिव पद्मश्री सुधा वर्गीज व समाज कल्याण विभाग के सचिव सह महिला बाल विकास निगम के निदेशक वंदना प्रेयसी ने पत्रकारों से कहा कि छात्रावास की महादलित बच्चियों ने औरंगाबाद स्थित मोटर ट्रेनिंग स्कूल से लाइट वैकल ट्रेनिंग प्राप्त किया और उसके बाद हेवी वैकल ट्रेनिंग प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि महादलित बच्चियों ने राज्य व समाज के लिए एक मिसाल कायम किया है।बच्चियों ने साहस और परिश्रम कर पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। कड़ी प्रशिक्षण के बाद ये बच्चियां राज्य सरकार द्वारा संचालित पिंक बसों में परिचालन करने के लिए नौकरी मिल जाती है तो इन्हें रोजगार मिल जायेगा. उन्होंने कहा कि दो वर्ष पहले हमलोगों ने एक सपना देखा था।

# शांति व सौहार्द के साथ दुर्गा पूजा मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** दुर्गा पूजा को शांति और सौहार्द से मनाने को लेकर शुक्रवार को मसौढ़ी एवं धनरूआ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आहूत की गई जहां मसौढ़ी थाना में बैठक की अध्यक्षता सहायक पुलिस अधीक्षक कोमल मीणा ने की। मौके पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार उपस्थित रहे। वही धनरूआ थाने में थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने की मौके पर अपर अध्यक्ष आलोक कुमार-2 उपस्थित रहे। बैठक में सभी पूजा पंडाल समिति, समाजसेवी, बुद्धिजीवी वर्ग के लोग शामिल रहे। बैठक में थानाध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा पूजा के लिए लाइसेंस लेना अनिवार्य है और जिनके पास पुराना लाइसेंस है, वो अपना लाइसेंस को आवेदन देकर रिनुअल करवा ले और पुराना लाइसेंस थाना में जमा कर दें। इसके अलावा सभी पूजा पंडाल में सभी वॉलिंटियर्स को आई कार्ड लगाकर रहने पंडाल में सुरक्षा को लेकर सीसीटीवी कैमरे लगाने, अग्निशमन की सुरक्षा समेत तमाम बुनियादी सुविधा सुरक्षा को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए हैं, इसके अलावा नवमी दशमी के दिन शहर में बड़े वाहनों पर रोक लगाने पर चर्चा की गई। मसौढी में हुई बैठक में विश्वरंजन, वार्ड पार्षद शंभु सिंह, उज्जवल कुमार, सुनील कुमार वर्मा, रामनरेश सिंह पालटन सिंह, राहुल चंद्रा, सुनील गावस्कर, कृष्णा सिंह, मंतोष पासवान, मसुद राजा, संजय केसरी, मो. मंजर शादाब, नवल भारती, गोल्डी आदि शामिल रहे।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मसौढ़ी में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम का शुभारंभ

## अब तक 20407 महिलाओं को मिली स्वास्थ्य सुविधाएं




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ मसौढ़ी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में शुक्रवार को विधायक रेखा देवी एवं प्रभारी डॉ रामानुज ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर में लगभग 1847 महिलाओं ने चिकित्सीय सेवाओं का लाभ उठाया। यह अभियान आगामी 2 अक्टूबर तक चलेगा। इसके अलावा सभी आरोग्य आयुष्मान मंदिर में भी यह कार्यक्रम किया गये, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रामानुज ने बताया कि शिविर में महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श, आवश्यक दवाएं और जागरूकता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। अभियान का उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं जैसे एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह और कैंसर के लिए व्यापक जांच, और मातृ और शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए टीकाकरण प्रयासों और पोषण संबंधी लाभों का समर्थन करना है। महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है, इससे महिलाएं न केवल स्वयं स्वस्थ रहेंगी, बल्कि पूरे परिवार को सशक्त बनाने में भी सक्षम होंगी। स्वास्थ्य प्रबंधक ललन सिंह एवं बीएएम चंद्रभूषण प्रसाद ने जानकारी दी कि अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गये है। इन शिविरों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ-साथ पोषण, माहवारी स्वच्छता और मातृत्व से जुड़ी समस्याओं पर परामर्श देगी। मौके पर डॉ आनंद, दयानंद, कृष्णा आदी शामिल रहे।

# उत्तर बिहार के सबसे बड़े रेडियोथेरेपी सेंटर की स्थापना में अल्केम फाउंडेशन का महत्वपूर्ण योगदान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** अल्केम लेबोरेटरीज़ लिमिटेड की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व इकाई, अल्केम फाउंडेशन, ने बिहार के मुजफ्फरपुर में सम्प्रदा सिंह मेमोरियल रेडियोथेरेपी सेंटर की स्थापना में 100 करोड़ रुपए का निवेश किया है। यह रेडियोथेरेपी सेंटर उत्तर बिहार का सबसे बड़ा तथा पूरे राज्य का दूसरा सबसे बड़ा सेंटर है। यह सेंटर होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर का हिस्सा है, जिसका उद्घाटन भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने हाल ही में किया था। अल्केम के संस्थापक और चेयरमैन एमेरिटस, स्वर्गीय सम्प्रदा सिंह को श्रद्धांजलि के रूप में स्थापित इस आधुनिक रेडियोथेरेपी सेंटर की स्थापना टाटा मेमोरियल सेंटर, मुंबई (टीएमसी) के साथ साझेदारी में की गई है। यह साझेदारी अल्केम के स्वास्थ्य सेवा में सामाजिक योगदान की प्रतिबद्धता और टीएमसी के कैंसर देखभाल और रिसर्च के अनुभव को साथ लाती है। तकनीकी दृष्टि से यह सेंटर बिहार की सबसे एडवांस रेडियोथेरेपी सुविधा है और पूरे पूर्वी भारत के शीर्ष तीन से चार केंद्रों में शामिल है। यहाँ लिनियर एक्सेलेरेटर्स (एलआईएनएसी), स्टीरियोटैक्सी, ऑर्गन मोशन मैनेजमेंट सिस्टम, सीटी सिम्युलेटर और इन-हाउस ब्रैकीथेरेपी जैसी आधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध हैं। इस सेंटर में हर साल लगभग 3,500 से 4,000 कैंसर मरीजों का इलाज करने की क्षमता है। इसका उद्देश्य बिहार और आसपास के क्षेत्रों के मरीजों को घर के पास ही विश्व-स्तरीय उपचार उपलब्ध कराना है। अल्केम की एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी एंड सस्टेनेबिलिटी कमेटी की चेयरपर्सन मधुरिमा सिंह ने कहा, अल्केम की जड़ें बिहार से जुड़ी हैं, इसलिए हमारे लिए इस क्षेत्र के लिए योगदान देना बेहद महत्वपूर्ण है। हर साल कैंसर के मामले बढ़ रहे हैं, ऐसे में घर के पास विश्व-स्तरीय सुविधाएँ उपलब्ध होना पहले से कहीं ज्यादा जरूरी हो गया है। यह सेंटर न केवल एडवांस कैंसर ट्रीटमेंट की सुविधा को मजबूत करेगा, बल्कि मरीजों के परिवारों को सहारा देने में भी मदद करेगा। टाटा मेमोरियल सेंटर के साथ हमारा सहयोग यह दर्शाता है कि हम लंबे समय तक असर डालने वाले टिकाऊ स्वास्थ्य समाधान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। होमी भाभा कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर डॉ. कुमार प्रभाष ने कहा, अल्केम फाउंडेशन के साथ हमारी साझेदारी स्क्रीनिंग और पैलिएटिव केयर में वर्षों से चल रहे सहयोग पर आधारित है। इस सेंटर के साथ हम इस सहयोग को और आगे बढ़ा पाए हैं, ताकि बिहार और आसपास के राज्यों के मरीजों को संपूर्ण और संवेदनशील कैंसर देखभाल मिल सके। यह सेंटर भारत के इन हिस्सों में लंबे समय से चली आ रही कैंसर उपचार की कमी को पूरा करेगा। हमारा उद्देश्य है कि अस्पताल में मरीजों को नैतिक और किफायती, साक्ष्य-आधारित उपचार मिले, साथ ही हम एजुकेशन और रिसर्च पर भी विशेष ध्यान देंगे। कैंसर से सम्बन्धित समग्र देखभाल कार्यक्रम के तहत अल्केम फाउंडेशन पहले से ही बिहार में सामुदायिक स्तर पर स्क्रीनिंग और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है। साथ ही, टीएमसी के साथ मिलकर बिहार में शुरू किया गया होम-बेस्ड पैलिएटिव केयर मॉडल भी इसका हिस्सा है। अल्केम का प्रयास हेल्थ केयर इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करना और वंचित क्षेत्रों में गंभीर उपचार संबंधी कमियों को दूर करना है।

# 9 से 14 वर्ष की छात्राओं को लगा सर्वाइकल कैंसर से बचाव का टीका

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में टीकाकरण




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड क्षेत्र के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में शुक्रवार को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री बालिका सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण प्रोग्राम के अंतर्गत वैक्सीनेशन किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के डॉ आऩद कुमार ने बताया कि उक्त योजना के अंतर्गत नौ से 14 वर्ष के बालिकाओं एचपीवी टीकाकरण लगाया गया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत सरकारी तथा निजी विद्यालय में नौ से 14 वर्ष के छात्राओं को क्रमबद्ध तरीके से वैक्सीनेशन किया जायेगा जिसकी शुरुआत की गयी है। मौके पर स्वास्थ्य विभाग के टीम एवं छात्राओं मौजूद रहे। इस अभियान को लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढी की ओर से टीम गठित की गई है जो स्वास्थ्य विभाग की पहल पर 9 से 14 वर्ष की छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीका लगाया जा रहा है। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के डॉ आनंद ने बताया कि अब तक दो विध्यालयों में 159 बालिकाओं के बीच टीकाकरण किया गया है।यह टीकाकरण अभियान छात्राओं को गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने और इस विषय में जागरूकता बढ़ाने के लिए चलाया जा रहा है। मौके पर डब्ल्यूएचओ से ईश्वरचंद्र, पीसीआई से एसटी इमाम शामिल रहे।

# आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने पहली तिमाही में 99.60 प्रतिशत निपटाया दावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अप्रैल 2025 से जून 2025 की अवधि के लिए 99.60% के दावा निपटान अनुपात की घोषणा की, जो उद्योग में उच्चतम स्तर है। उल्लेखनीय है कि बिना जांच-पड़ताल वाले मृत्यु दावे (डेथ क्लेम) के निपटान का औसत समय केवल 1.1 दिन था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य परिचालन अधिकारी, अमीश बैंकर ने कहा, दावों के निपटान से ही स्पष्ट होता है कि कंपनी ने जो वादा किया है वह सही है या नहीं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ में, हर दावे को बेहद गंभीरता से लिया जाता है और प्रक्रिया तेज़ी से पूरी की जाती है। यह वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में उद्योग में सबसे अधिक 99.60% के दावा निपटान अनुपात से स्पष्ट होता है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कुल 406.89 करोड़ के मृत्यु दावों का निपटान किया। एआई और मशीन लर्निंग आधारित तकनीकों के साथ डेटा एनालिटिक्स का लाभ उठाकर हम दावों का शीघ्र और कुशलतापूर्वक निपटान कर पा रहे हैं। कंपनी 'क्लेम फॉर श्योर' सेवा पहल के तहत, सभी दस्तावेज़ प्राप्त होने के एक दिन के भीतर सभी पात्र दावों का निपटान करने का वादा करती है। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में, कंपनी ने इस पहल के तहत कुल ?74.72 करोड़ के दावों का निपटान किया है। कंपनी की डिजिटल प्रणाली दावेदारों को दावे दर्ज करने और उन्हें आसानी से ट्रैक करने में मदद करती है।

# झमाझम बारिश से शहरी क्षेत्र में जलजमाव से बढ़ी लोगों की परेशानी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दानापुर।** शुक्रवार को हुई झमाझम बारिश से नगर परिषद व छावनी परिषद प्रशासन की सफाई का पोल खुल गई। बारिश से सडकों व गलियों जल जमाव से झील बन गया है। सड़कों पर घुटने भर पानी में लांघ कर आने-जाने को विवश है। दो दिन बाद नवरात्र शुरू होने वाला है। इसके बाद भी पूजा पंडालों पर जल जमाव व गंदगी का अंबार लगा हुआ है। सफाई के नाम पर एडम एजेंसी द्वारा प्रति माह नौ सौ दैनिक मजदूरों के नाम पर मानदेय का भुगतान उठाव किया जा रहा है। इसके बाद भी सफाई व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गया है। नगर के रंजन पथ रोड में घुटने भर जल जमाव हो गया है। यह नजारा परिषद क्षेत्र के पूर्वी गोला रोड, घुड़ दौड़, महावीर कॉलोनी, श्री राम नगर, सर्वोदय कॉलोनी , मैजिस्टक जानकी सिटी , बैंक कॉलोनी, सैनिक कॉलोनी, पुलिस कॉलोनी, एसकेपूरम, जजेज कॉलोनी, आरपीएस रोड, प्रियदर्शी नगर, अर्पणा बैंक कॉलोनी, बालाजी नगर, न्यू प्रगति नगर, आरकेपूरम, बाजार समिति, संगम विहार कॉलोनी, समेत आदि इलाकों में सड़कें पर घुटने पर जल-जमाव से झील बना हुआ है। यही हाल छावनी परिषद के मार्शल बाजार रोड, लाल कोठी रोड, पीपा पुल मार्ग, आनंद बाजार, सब्जी मंडी समेत आदि जगहों पर जल जमाव व कीचडमय हो गया है। परिषद के ईओ ने बताया कि बारिश से सडकों पर जल जमाव हो गया है। जिससे सुपर सेक्शन मशीन और मोटरपंप से जल निकासी युद्ध स्तर पर निकासी किया जा रहा है।


**बनारस एवं कोलकाता के बीच स्पेशल ट्रेन**

आगामी पूजा, दिवाली एवं छठ के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए, **05047/05048 बनारस-कोलकाता-बनारस स्पेशल ट्रेन** नीचे उल्लेखित संक्षिप्त समय-सूची, यात्रा के दिनों, ठहराव एवं गठन के अनुसार चलेगीः-

| बनारस-कोलकाता | | | 05047 05048 | कोलकाता-बनारस | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| दिन | आगमन | प्रस्थान | स्टेशन | आगमन | प्रस्थान | दिन |
| मंगलवार | - | 10.45 | ↓ बनारस | 04.15 | - | गुरुवार |
| | 10.55 | 11.00 | वाराणसी जंक्शन | 03.45 | 03.50 | |
| | 20.45 | 20.47 | किऊल जंक्शन | 16.50 | 16.52 | बुधवार |
| | 23.06 | 23.08 | जसीडीह | 14.07 | 14.09 | |
| बुधवार | 01.00 | 01.10 | आसनसोल | 12.33 | 12.38 | |
| | 03.01 | 03.03 | बर्द्धमान | 11.00 | 11.02 | |
| | 05.25 | - | कोलकाता ↑ | - | 08.25 | |

ऊपरोक्त ट्रेन यात्रा के दौरान मार्ग में दोनों दिशाओं में औंड़िहार जंक्शन, गाजीपुर सिटी, बलिया, रेवती, सुरेमनपुर, छपरा, दिघवारा, सोनपुर जंक्शन, हाजीपुर जंक्शन, शाहपुर पटोरी, बरौनी जंक्शन, झाझा, मधुपुर, चित्तरंजन, दुर्गापुर, बैण्डेल एवं नैहाटी स्टेशनों पर भी ठहरेगी। **यात्रा की तिथियां एवं दिन : बनारस से : 05047** दिनांक 23, 30.09.2025, 07, 14, 21, 28.10.2025 एवं 04.11.2025 (मंगलवार) = 7 ट्रिप एवं **कोलकाता से : 05048** दिनांक 24.09.2025, 01, 08, 15, 22, 29.10.2025 एवं 05.11.2025 (बुधवार) = 7 ट्रिप। **गठन :** वातानुकूलित 3-टीयर इकोनॉमी - 20, पावर कार - 2 = 22 कोच। **श्रेणी :** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**शुद्धिपत्र**

पूर्ववर्ती एल/सं.-केई/कॉन्ट./2025/एनएस/केपीए, दिनांक 18.09.2025 हेतु शुद्धिपत्र जो मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, काँचरापाड़ा, **वर्कशॉप रेलवे अस्पताल, उत्तर 24 परगना, पीओ काँचरापाड़ा, पिन-743145** द्वारा पूर्व में प्रकाशित की गई थी। जीईएम बिड को जीईएम बिड सं. जीईएम/2024/बी/6682034, दिनांक 18.09.2025 के बदले जीईएम बिड सं. **जीईएम/2025/बी/6682034, दिनांक 18.09.2025** पढ़ा जाना चाहिए। अन्य नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

MED-06/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना क्रमांक ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-11ए-25, दिनांक 15.09.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (क.वि.), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नवर्णित कार्यों के लिए निविदा सं. **ईएलडी-125-डब्ल्यूसी-ओटी-11ए-25** के प्रतिपक्ष ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नाम एवं स्थान :** पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल में आइसोलेटर और ड्रॉप जंपर के लिए जंपर का प्रतिस्थापन। **कार्य की अनुमानित लागत :** रु. 3,00,78,131.50, **निविदा प्रपत्र की लागत :** शून्य। **बयाना राशि/बोली सुरक्षा जमा की जानी है:** रु. 3,00,400/-, **कार्य समाप्ति की अवधि :** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा समापन तिथि और समयः** दिनांक 10.10.2025 को 15.00 बजे। **निविदा का खुलनाः** निविदा के बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोली जाएगी। निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

HWH-301/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# विधानसभा चुनाव में आपसी समन्वय के साथ काम करेंगे औरंगाबाद-पलामू के अधिकारी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** अंतरराज्यीय समन्वय समिति की महत्वपूर्ण बैठक झारखंड के प्रखंड सह अंचल कार्यालय हरिहरगंज में आयोजित की गई। बैठक में आगामी पर्व-त्योहार एवं बिहार विधानसभा आम निर्वाचन-2025 के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पलामू की उपायुक्त समीरा एस द्वारा संयुक्त रूप से की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में संभावित अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना तथा अंतरराज्यीय सीमाओं पर चौकसी बढ़ाना था। इस अवसर पर दोनों जिलों के वरिष्ठ प्रशासनिक, पुलिस एवं अन्य



संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में कई महत्वपूर्ण रणनीतिक निर्णय लिए गए। बैठक में तय किया गया कि बिहार-झारखंड सीमा पर मादक पदार्थों, शराब, स्पिरिट, अवैध आग्नेयास्त्रों, नकदी, ओवरलोडेड, बिना चालान बालू-पत्थर एवं अन्य खनिजों की अवैध ढुलाई की रोकथाम हेतु संयुक्त छापामारी अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही नक्सली गतिविधियों पर सतत निगरानी और ठोस कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए दोनों जिलों के पुलिस विभाग समन्वय स्थापित करेंगे। जिलाधिकारी एवं उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में पदस्थापित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी आपस में घनिष्ठ समन्वय बनाकर आगामी निर्वाचन तक निरंतर निगरानी व कार्रवाई की रणनीति पर कार्य करेंगे। इसके अतिरिक्त निर्वाचन अवधि में शराब एवं स्पिरिट की बिक्री, भंडारण एवं परिवहन पर नियंत्रण के लिए विशेष निगरानी दल गठित किए जाएंगे। वहीं खनिज परिवहन में जीएसटी भुगतान सुनिश्चित कराने हेतु परिवहन, खनन एवं वाणिज्यकर विभागों के सहयोग से संयुक्त दलों की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय हुआ कि दोनों जिलों के बीच नियमित सूचनाओं का आदान-प्रदान होगा तथा सभी गतिविधियों की निगरानी हेतु इंटर-डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेशन सेल का गठन किया जाएगा। असामाजिक तत्वों एवं संगठित अपराध समूहों के विरुद्ध समयबद्ध और सशक्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर औरंगाबाद के पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल, पलामू की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन सहित अन्य मौजूद रहे।

# बैंकिंग योजनाओं का उठाएं लाभ : नेहा संचिता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मदनपुर(औरंगाबाद)।** भारतीय रिजर्व बैंक के मुंबई स्थित प्रधान कार्यालय की उप महाप्रबंधक नेहा संचिता ने आम नागरिकों से केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जन-धन योजना समेत अन्य कल्याणकारी योजनाओं और बैंकिंग सुविधाओं का लाभ उठाने की अपील की है। श्रीमती संचिता ने आज औरंगाबाद जिले के मदनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय सभागार में बैंकों की ओर से आयोजित विशेष शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि जिन ग्राहकों के बैंक खाता निष्क्रिय हैं तो उन्हें सक्रिय जरूर करा लें और जिनके खाते में नॉमिनेशन उपलब्ध नहीं है, वह अपने नामांकित व्यक्ति का नाम जरूर दर्ज कर दें। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता बैंकों से जुड़ाव रखकर किसी भी प्रकार के होने वाले फ्रॉड अथवा साइबर क्राइम से बच सकते हैं। उप महाप्रबंधक ने बैंक अधिकारियों से कहा कि ग्रामीण स्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन कर लोगों को बैंकिंग सुविधाओं, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा साइबर फ्राड से बचने के तरीके से अवगत करायें। उन्होंने कहा कि बैंक से ऋण ले लेकिन जिस कार्य के लिए लिए है उसी में लगाएं ताकि बैंक को समय पर ऋण वापस कर सकें। सीएसपी के माध्यम से गांव-गांव में बैंक खुले हुए हैं। जनधन खाता में राशि का बचत अवश्य करें। इंडियन बैंक के डीजीएम उत्तम कुमार सिन्हा ने कहा कि बैंक खाता का केवाईसी समय-समय पर जरूर करवाते रहें। जनधन खाता को सुचारू रखें। सरकार बैंक खाता के माध्यम से ही सभी योजनाओं का लाभ दे रही है। उन्होंने सीएसपी संचालकों को निर्देश दिया कि ग्रामीण स्तर पर जागरूकता शिविर का आयोजन कर बैंकिंग सुविधाओं की जानकारी दें और खाता खोलें। पीएनबी के मंडल प्रमुख प्रवीण कुमार ने कहा कि पंजाब नैशनल बैंक जिले की लीड बैंक है। बैंक प्रबंधक खाताधारकों को अधिक से अधिक बैंकिंग सुविधाएं और योजनाओं का लाभ दिलाने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर कैंप में केवाईसी कार्य करने, खाता खोलने, खाता को निष्क्रिय से सक्रिय करने सहित बैंक संबंधित समस्याओं का निष्पादन किया गया। इस मौके पर आरबीआई के एलडीओ रोहित कुमार, आरएम अरविंद कुमार, एसबीआई के प्रबंधक संदीप कुमार भारती, पीएनबी के प्रबंधक राहुल कुमार, बीडीओ डॉ अवलुत्य कुमार आर्य, बेरी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रफुल्ल कुमार सिंह, उमेश कुमार यादव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# सांसद खेल महोत्सव 22 सितम्बर को

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** युवाओं में खेल भावना जगाने और ग्रामीण स्तर की प्रतिभाओं को पहचान देने के लिए सांसद खेल महोत्सव 21 सितम्बर से 25 दिसम्बर तक आयोजित किया जाएगा। इसका उद्घाटन 22 सितम्बर को सुबह 11 बजे औरंगाबाद इंडोर स्टेडियम में राज्यसभा सांसद शम्भू शरण पटेल, पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह, जमुई विधायका श्रेयश्री सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र चन्द्रवंशी के द्वारा किया जाएगा। इस कार्यक्रम का संयोजक जिला उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता मुकेश कुमार सिंह को बनाया गया है। जिला संयोजक ने बताया कि इस खेल महोत्सव में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाड़ी वेबसाइट पर जाकर 20 सितम्बर तक अपनी प्रविष्टि दर्ज करा सकते है। इसमें एथलीट्स, मलखम, कबड्डी, फुटबॉल, बॉलीबॉल, हॉकी, बॉक्सिंग, कुश्ती, बैडमिन्टन, बास्केटबॉल, खो-खो एवं अन्य खेल को शामिल किया गया है। बताते चले कि पिछले वर्ष इस खेल महोत्सव का आयोजन निवर्तमान सांसद सुशील कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़े पैमाने पर किया गया था। पूर्व सांसद ने कहा कि यह दूरदर्शी सोंच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देन है जिन्होंने ऐसे महोत्सव का आयोजन कर ग्रामीण एवं शहरी स्तर के युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर दिया है।

# मुआवजा के लिए मिले चेक के बाउंस होने पर सड़क पर उतरे पीड़ित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित एक निजी अस्पताल में मां और उसके नवजात शिशु की जान लेने के बाद अब उसी चिकित्सक ने पीड़ित परिवार के जख्म पर नमक छिड़कते हुए मुआवजे के नाम पर एक बाउंस चेक थमा दिया। इस धोखे से आक्रोशित पीड़ित और ग्रामीणों ने शुक्रवार को रमेश चौक पर जमकर प्रदर्शन किया और न्याय की गुहार लगाई। बता दें कि नवीनगर प्रखंड के शाहपुर गांव निवासी एक महिला और उसकी नवजात की कुछ दिन पहले औरंगाबाद के सिविल सर्जन डा. लालसा सिन्हा के निजी क्लिनिक में डिलीवरी के क्रम में मौत हो गई थी। मामले को रफा-



दफा करने और आक्रोशित स्वजनों से बचने के लिए चिकित्सक ने तुरंत पीड़ित परिवार को 23 लाख का चेक थमा दिया परंतु यह मुआवजा महज एक छलावा साबित हुआ। जब शोकाकुल स्वजन चेक को बैंक में जमा किया तो वह बाउंस हो गया। आरोप है कि इसके बाद जब स्वजनों ने डा. लालसा सिन्हा से संपर्क साधा तो उन्होंने साफ तौर पर पल्ला झाड़ लिया और पैसे देने से मुकर गईं। चिकित्सक के इस रवैये ने परिवार के सब्र का बांध तोड़ दिया। शुक्रवार को बड़ी संख्या में लोग रमेश चौक पर इकट्ठा हुए और डॉक्टर दंपति के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। मौके पर प्रदर्शनकारियों ने डीएम श्रीकांत शास्त्री को एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन के माध्यम से सिविल सर्जन पर तत्काल आपराधिक मामला दर्ज करने एवं पीड़ित परिवार को मुआवजा की राशि तुरंत दिलाने की मांग की। क्लिनिक का लाइसेंस रद्द कर उस पर ताला लगाया जाए। पीड़ित परिवार ने चेतावनी दी है कि अगर उन्हें जल्द से जल्द इंसाफ नहीं मिला और आरोपी चिकित्सक पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे बड़ा और उग्र आंदोलन करने पर मजबूर होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। घटना ने एक बार फिर निजी स्वास्थ्य व्यवस्था की लूट और संवेदनहीनता को उजागर कर दिया है जहां जान की कीमत भी बाउंस चेक से चुकाई जा रही है। इस प्रदर्शन में नबीनगर विधायक विजय कुमार सिह उर्फ डब्लू सिह भी स्वजनों के साथ प्रदर्शन में शामिल रहे।

# एनसीसी कार्यालय में चौकदार और लस्कर की होगी बहाली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित एनसीसी के 13 बिहार बटालियन में पूर्णतः अस्थायी नियोजन हेतु जीइएम पोर्टल के माध्यम से नियोजन होना है। जानकारी देते हुए 13 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडेंट प्रदीप कुमार तक्षक ने बताया कि 13 बिहार बटालियन औरंगाबाद में पूर्णतः अस्थायी नियोजन हेतु जीइएम पोर्टल के माध्यम से दो पदों पर नियोजन होना है। इसमें चौकीदार पदों की संख्या एक और लस्कर पद की संख्या दो है। बताया कि नियोजित कर्मियों से संबंधित सेवा शर्त भी है कि जो नियोजित कर्मी एनसीसी सर्टिफिकेट धारक होनी चाहिए। नियोजित कर्मी की शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक अथवा समकक्ष होनी चाहिए। नियोजित होने वाले कर्मी एनसीसी संगठन के कर्मी नहीं माने जाएंगे और न ही वे सरकारी कर्मी होंगे। उनका नियोजन पूर्णतः अस्थायी होगा। नियोजित कर्मी का कार्य अवधि प्रतिदिन कुल आठ घंटे की होगी जो आवश्यकतानुसार नियंत्री कार्यालय द्वारा तय किया जाएगा। नियोजित कर्मियों को कैलेंडर वर्ष में अधिकतम 12 दिनों का आकस्मिक अवकाश देय होगा जो प्रतिनियुक्त कार्यालय द्वारा स्वीकृत की जाएगी। सभी रविवार एवं राजकीय अवकाश देय होगा। इस नियोजन में औरंगाबाद के निवासियों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक उम्मीवार 26 सितंबर तक अपना दस्तावेज जमा कर सकते हैं।

# वज्रपात की चपेट में आने से छात्र की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओबरा(औरंगाबाद)।** ओबरा थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव वज्रपात से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान तेंदुआ गांव निवासी नरेश सिंह के 22 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक तेंदुआ में मंदिर निर्माण का कार्य चल रहा था, जहां युवक खड़ा था। इसी क्रम में हल्की बारिश के साथ वज्रपात की घटना घटित हुई जिसकी चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने जिंदा समझ कर उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया लेकिन जांच के उपरांत चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया



है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसकी दो बहन है। वह स्नातक का छात्र था। उसके पिता खेती-किसानी कर परिवार का भरण-पोषण करते हैं। सूचना पर पहुंचे राजद प्रदेश महासचिव व मुखिया प्रतिनिधि नागेंद्र सिंह ने पीड़ित परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि यह अत्यंत दुखद घटना है। सूरज काफी होनहार लड़का था और परिवार को उससे काफी उम्मीदें थी। उन्होंने जिला प्रशासन से मृतक के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि वज्रपात से एक युवक की मौत हुई है। पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पुलिस पर हमला सहित अन्य मामले में 27 लोग गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटे के दौरान अलग-अलग मामलों में 27 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई है। इस क्रम में आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 16 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस पर हमला मामले में एक, शराब के शीर्ष कांडों में 8 एवं अन्य शीर्ष कांड में 18 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1019 वाहनों की जांच की गई जिससे बतौर जुर्माना 63500 रूपये वसूला गया है। साथ ही 267 लीटर देसी एवं 2.50 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। वारंट निष्पादन की संख्या 27 एवं कुर्की निष्पादन की संख्या एक है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में की गई है। पुलिस अधीक्षक की माने तो चुनाव के मद्देनजर मादक प्रदार्थों की खरीद फरोख्त यथा अन्य अपराधों पर रोकथाम को लेकर जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे उनकी विरुद्ध न सिर्फ कार्रवाई की जायेगी बल्कि उनकी संपत्ति भी जब्त की जायेगी।

# खाद दुकान का लाइसेंस रद्द

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले में अधिक मूल्य पर खाद की बिक्री करने वालों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला कृषि पदाधिकरी संदीप राज के निर्देश पर शुक्रवार को दो प्रतिष्ठानों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पहला मामला सदर प्रखंड के रजोई के समीप मां शैलपुत्री खाद भंडार का है जहां अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री की सूचना पर कार्रवाई के फलस्वरूप उस दुकान की अनुज्ञप्ति को रद्द करते हुए प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया है। वहीं दूसरा मामला ओबरा बाजार का है जहां अधिक मूल्य पर उर्वरक बिक्री को लेकर किसान खाद भंडार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस दौरान अनुज्ञप्ति को निलंबित करते हुए



प्रतिष्ठान से विक्रय पर रोक लगा दी गई है। जिला कृषि पदाधिकरी संदीप राज ने बताया कि सरकार किसानों को उचित दर पर और समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह कार्रवाई किसानों के हितों की रक्षा के लिए की गई है। किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विक्रेता को क्रय-विक्रय एवं स्टॉक रजिस्टर को अद्यतन रखना होगा। मूल्य सूची एवं उपलब्ध स्टॉक की जानकारी दुकान पर स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी होगी। किसानों की किसी भी शिकायत पर त्वरित जांच की जाएगी। दोषी पाए जाने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई में जिला कृषि पदाधिकरी संदीप राज, जिला उद्यान पदाधिकारी श्रीकांत, सहायक निदेशक (रसायन) दीपक कुमार सहित अन्य शामिल थे।

# डीएम ने 12 परिवादियों की सुनी समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 12 परिवादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए जिनमें भूमि विवाद, पारस्परिक स्थानांतरण, चापाकल अधिष्ठापन, नाली-गली में राशि गबन, सड़क निर्माण तथा दाखिल-खारिज जैसी जनहित की समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। जनता दरबार में देव प्रखंड के पर्यवेक्षिका परियोजना कामिनी आमूल्या महिला ने पारस्परिक स्थानांतरण से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। सदर अंचल के कुरहमा पंचायत के हेमजा निवासी संतोष चौधरी ने भूमि विवाद से जुड़ा मामला रखा। सदर प्रखंड के उन्थू के कामेश्वर यादव ने कार्य की गुणवत्ता एवं सामग्री की जांच कराए जाने तथा नाली-गली निर्माण में राशि गबन की शिकायत की। इसी प्रकार बारून प्रखंड के इस्मत कर्मा गांव निवासी शिवनाथ सिंह ने वीरकुंवर बाबा स्थल पर चापाकल अधिष्ठापन की मांग रखी। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों को त्वरित एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# सख्ती से होगा आचार संहिता का पालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के सफल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संचालन के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन कार्यों से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई और आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों एवं आचार संहिता के पालन की अनिवार्यता पर बल दिया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को भयमुक्त, पारदर्शी एवं निष्पक्ष वातावरण में सम्पन्न कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें सभी दलों का सहयोग आवश्यक है। इसी क्रम में 01 अगस्त 2025 से 18 सितंबर 2025 तक औरंगाबाद जिले के अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम विलोपन तथा संशोधन हेतु प्राप्त आवेदनों की वर्तमान स्थिति भी जारी की गई। इस अवधि में कुल 67,013 आवेदन पत्र प्राप्त हुए जिनमें 52,230 आवेदन पत्र फॉर्म-6 के अंतर्गत नए मतदाताओं के नामांकन हेतु दर्ज किए गए, 3,433 आवेदन फॉर्म-7 के अंतर्गत नाम विलोपन हेतु तथा 11,350 आवेदन फॉर्म-8 के अंतर्गत संशोधन से संबंधित प्राप्त हुए, जबकि फॉर्म-6ए के अंतर्गत कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ। गोह विधानसभा क्षेत्र से 12,110, ओबरा से 12,760, नबीनगर से 9,427, कुटुंबा से 9,892, औरंगाबाद से 11,447 तथा रफीगंज से 11,368 आवेदन प्राप्त हुए। इस प्रकार जिले के सभी छह विधानसभा क्षेत्रों से प्राप्त कुल 67,013 आवेदनों की प्रक्रिया जारी है और जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा समयबद्ध निपटान सुनिश्चित किया जा रहा है ताकि आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के पूर्व मतदाता सूची को अद्यतन एवं त्रुटिरहित बनाया जा सके। साथ ही लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 17 (1) के आलोक में निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के पत्र सं0 76/203 व्य. अनु.-11 दिनांक 30.10.2023 के निर्देशानुसार जिले में प्रचलित दर के आधार पर अभ्यर्थियों के व्यय की जांच हेतु वस्तुओं का रेट चार्ट तैयार कर जारी किया गया है। इसमें पोस्टर, बैनर, होर्डिंग, फ्लैक्स प्रिंटिंग, लाउडस्पीकर, साउंड सिस्टम, वाहन किराया, सभा और जुलूस आयोजन में प्रयुक्त कुर्सी, टेंट, जनरेटर आदि के साथ-साथ प्रचार सामग्री जैसे पम्पलेट, पर्चा, झंडा, कैप और टी-शर्ट की लागत भी सम्मिलित है। यह रेट चार्ट अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत व्यय लेखे की जांच में मानक के रूप में प्रयोग किया जाएगा जिससे निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष एवं विश्वसनीय ढंग से सम्पन्न हो सके। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद गजाली सहित अन्य पदाधिकारी एवं सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

# चुनाव को लेकर मास्टर ट्रेनरों को दिया प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** बिहार विधान सभा निर्वाचन 2025 की तैयारी के क्रम में प्रशिक्षण कोषांग की ओर से नगर भवन में मास्टर ट्रेनर्स को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में कुल 328 मास्टर ट्रेनर ने भाग लिया जो 25 सितंबर से 27 सितंबर तक चुनाव कार्य में प्रतिनियुक्त होने वाले सभी मतदान कर्मियों को 7 प्रशिक्षण केंद्रों पर प्रशिक्षित करेंगे। प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी रितेश यादव ने बताया कि निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी के निदेशानुसार मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण हेतु मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षित किया जा रहा है। इसी क्रम में मास्टर ट्रेनिंग का द्वितीय प्रशिक्षण आज नगर भवन में आयोजित




किया गया। प्रशिक्षण के दौरान पोस्टल बैलेट, ईवीएम वीवीपैट की पूरी जानकारी, उसमें आने वाली समस्याओं तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों को मतदान के दिन पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय के कार्यों एवं दायित्वों के बारे में बताया गया। इस अवसर पर जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी कुमार पप्पू राज, राजकुमार गुप्ता, कुंदन कुमार, मो. डायम आदि उपस्थित थे।

# उमगा पहाड़ पर 200 से अधिक औषधीय पौधों की हुई पहचान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर स्थित उमगा पहाड़ औषधीय पौधों से भरा है। बता दें कि पहाड़ पर 200 से अधिक औषधीय पौधों की पहचान की गई है जो विभिन्न रोगों के लिए कारगर है। दक्षिण भारत एवं हिमालय में पाए जाने वाले पौधे की प्रजाति भी पहाड़ पर है। पिकटोरिया पौधा दक्षिण भारत के जंगलों में पाया जाता है जो इस पहाड़ पर देखा गया है। इस पौधे का बीज दर्द की दवा में उपयोग होता है। इस पौधे के बीज को हाथी भी पसंद करते हैं। पहाड़ पर मुसलीकंद, बिदारीकंद, गुड़मार, अष्टगंध,



श्रृंगारहार, सतावर, गोखुल, कोरैया समेत विभिन्न प्रजाति के पौधे उगे हुए हैं। उमगा मंदिर के पुजारी दिलीप पाठक ने बताया कि पहाड़ पर कई प्रजाति के औषधीय पौधे हैं। पहाड़ की सबसे उपरी चोटी पर गौरी शंकर मंदिर के पास मुसलीकंद पाया गया है। यह महंगा बिकता है। बिदारीकंद दुर्लभ पौधा है। गुड़मार का पौधा डायबिटिज मरीजों के लिए कारगर है। कोरैया का बीज लीवर की दवा बनाने के उपयोग में किया जाता है। मदनपुर से काफी मात्रा में इसका बीज दवा बनाने के लिए बाहर जाता है। डीएफओ रुची सिंह ने बताया कि मदनपुर पहाड़ पर औषधीय पौधे की प्रजाति पाई गई है। पिकटोरिया पौधा की प्रजाति उमगा पहाड़ पर है। यह पौधा दक्षिण भारत में पाया जाता है। पौधा की जानकारी विशेषज्ञों को पूर्व में ही दी गई है।

# महिला को सशक्त करने की योजना पर काम कर रही सरकार : अश्विनी तिवारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर(औरंगाबाद)।** भाजपा के जिला प्रवक्ता सह सभापति प्रतिनिधि अश्विनी तिवारी ने एक बयान जारी कर कहा है कि देश भर में महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकारें लगातार अलगऽअलग योजनाएं चला रहीं हैं। इस दिशा में सरकार की एक पहल है महिला रोजगार योजना जिसके अंतर्गत महिलाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है।



सरकार की कोशिश है कि गांव-गांव की महिलाएं अपनी जरूरतें पूरी करें और परिवार के साथ ख़ुद की ज़िंदगी भी बेहतर बनायें। योजना में उन्हें जीविका दीदी के साथ जोड़ा जा रहा है और शुरुआत में आर्थिक मदद दी जा रही है। ये मदद 10 हज़ार रुपए की होती है जो सीधे उनके बैंक खाते में जाएगी। सरकार का प्रयास है कि महिला जितना बड़ा बिजनेस करेगी सरकार उसको अधिक लॉन देगी। महिला रोजगार गारंटी योजना सभी महिलाओं को सशक्त करने का प्रयास है।